फाल्गुन कृष्ण पक्ष, षष्ठी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 1 मार्च 2024
वर्ष 5, अंक 104, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली
एक सम्पूर्ण अखबार
www.amritvichar.com



भारत ने कश्मीर मुद्दे पर पाकिस्तान को फटकारा 14
तेरा क्या होगा लवली में इलियाना और रणदीप 13

पढ़ते रहिये... अमृत विचार
नववर्ष ऑफर
₹ 5/- प्रतिदिन

पांच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
एम. के. बन्धानी हींग
हर समझदार गृहणी की पसन्द
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोन: 9519456555, 9695416555

LAST 6 DAYS
लेडीज कार्डिगन
लेडीज कुर्ती, सिलेक्स
लेडीज कोट
लेडीज ट्रैक सूट
लेडीज जैकेट
पशमीनाशॉल एण्ड स्टाल
जेन्ट्स स्वेटर
जेन्ट्स जैकेट
जेन्ट्स ट्रैक सूट
BUY 1 GET 2 FREE
SELECTION POINT
The Complete Family Store
45, Civil Lines, Bly. Ph. 8266800220
D.D. Puram, Bly. Ph. 7088300050

## भाजपा ने डेढ़ सौ सीटों पर उम्मीदवार तय किए

नई दिल्ली, एजेंसी

- पार्टी एक-दो दिन में जारी कर सकती है पहली सूची

भाजपा केंद्रीय चुनाव समिति की गुरुवार शाम महत्वपूर्ण बैठक हुई जिसमें लोकसभा चुनाव के लिए पांच राज्यों की करीब 150 सीटों पर उम्मीदवारों के नामों पर विचार किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में हुई बैठक की अध्यक्षता भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने की।

बैठक में केंद्रीय चुनाव समिति के सदस्य रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, गृहमंत्री अमित शाह के अलावा राजस्थान, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ प्रदेशों के चुनाव प्रभारी, सह प्रभारी, पांचों भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश संगठन महामंत्री भी मौजूद थे। बैठक में उत्तर प्रदेश की 80, उत्तराखंड की पांच, राजस्थान की 24, मध्य प्रदेश की 29 एवं छत्तीसगढ़ की 11 लोकसभा सीटों पर चर्चा हुई। इन 149 सीटों में 122 सीटें भाजपा के पास हैं। हारी हुईं 27 सीटों में से अधिकांश नए चेहरे होने की संभावना है। उम्मीद है कि एक दो दिन में पहली सूची जारी हो जाएगी।

## अक्टूबर-दिसंबर में 8.4 प्रतिशत रही आर्थिक वृद्धि दर

नई दिल्ली, एजेंसी



- एनएसओ ने जारी किए आंकड़े, समूचे वित्त वर्ष में 7.6 प्रतिशत रहने का अनुमान

देश की आर्थिक वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष (2023-24) की तीसरी अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में तेजी से बढ़कर 8.4 प्रतिशत हो गई, जिसमें विनिर्माण, खनन और निर्माण क्षेत्रों के बेहतर प्रदर्शन की अहम भूमिका रही है। आर्थिक वृद्धि का यह अनुमान जताए गए विभिन्न अनुमानों से कहीं अधिक है। आरबीआई ने तीसरी तिमाही में वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत और पूरे वित्त वर्ष के लिए सात प्रतिशत रहने की संभावना जताई थी।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के गुरुवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर दिसंबर तिमाही में 8.4 प्रतिशत रही है। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में यह 4.3 प्रतिशत रही थी। जीडीपी वृद्धि एक निश्चित अवधि में वस्तुओं और सेवाओं के कुल मूल्य में वृद्धि को दर्शाती है। इसके साथ ही एनएसओ ने राष्ट्रीय खातों के अपने दूसरे अग्रिम अनुमान में वित्त वर्ष 2023-24 के लिए देश की वृद्धि दर के बढ़कर 7.6 प्रतिशत होने का अनुमान लगाया है। इस साल जनवरी में जारी पहले अग्रिम अनुमान में जीडीपी वृद्धि दर 7.3 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया था। एनएसओ ने पिछले वित्त वर्ष 2022-23 के लिए जीडीपी वृद्धि दर के अनुमान को भी संशोधित कर सात प्रतिशत कर दिया है। पहले इसके 7.2 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया था। चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में सकल मूल्य-वर्धन (जीवीए) के हिसाब से विनिर्माण क्षेत्र का उत्पादन 11.6 प्रतिशत बढ़ा, जबकि एक साल पहले की समान अवधि में इसमें 4.8 प्रतिशत की गिरावट आई थी। वहीं, आलोच्य अवधि में खनन और उत्खनन में 7.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो एक साल पहले सिर्फ 1.4 प्रतिशत थी। निर्माण क्षेत्र ने अपनी वृद्धि दर को एक साल पहले की तरह 9.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा है।

### यह वृद्धि अर्थव्यवस्था की ताकत को दर्शाती है : प्रधानमंत्री मोदी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 8.4 प्रतिशत की वृद्धि दर भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती और उसकी क्षमता को दर्शाती है। प्रधानमंत्री मोदी ने ''एक्स'' पर एक पोस्ट में कहा कि 2023-24 की तीसरी तिमाही में 8.4 प्रतिशत की मजबूत जीडीपी वृद्धि भारतीय अर्थव्यवस्था की ताकत और इसकी क्षमता को दर्शाती है। हमारे प्रयास तेज आर्थिक विकास लाने के लिए जारी रहेंगे, जिससे 140 करोड़ भारतीयों को बेहतर जीवन जीने और एक विकसित भारत बनाने में मदद मिलेगी।

## केंद्रीय कैबिनेट ने दी पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को मंजूरी

# देश में 1 करोड़ घरों को मिलेगी 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली

### छतों पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने के लिए 78,000 रुपये तक मिलेगी सब्सिडी

नई दिल्ली, एजेंसी



केंद्रीय मंत्रिमंडल ने गुरुवार को पीएम-सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को मंजूरी दे दी। इस पर 75,021 करोड़ रुपये का खर्च आएगा। योजना के तहत एक करोड़ घरों को छतों पर सौर संयंत्र लगाने के लिए 78,000 रुपये तक सब्सिडी और 300 यूनिट मुफ्त बिजली मिलेगी।

केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक के बाद सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि छत पर सौर संयंत्र लगाने और एक करोड़ परिवारों को हर महीने प्रति परिवार 300 यूनिट तक बिजली मुफ्त देने की योजना को मंजूरी दी गई है। प्रधानमंत्री ने 13 फरवरी, 2024 को यह योजना शुरू की थी। योजना के तहत दो किलोवाट क्षमता की सौर प्रणाली के लिए लागत का 60 प्रतिशत और दो किलोवाट से तीन किलोवाट क्षमता के बीच प्रणाली के लिए अतिरिक्त लागत के 40 प्रतिशत की केंद्रीय वित्तीय सहायता मिलेगी। यह सहायता तीन किलोवाट तक के लिए है।

मौजूदा मानक कीमतों पर देखा जाए तो एक किलोवाट क्षमता की सौर प्रणाली के लिए 30,000 रुपये, दो किलोवाट क्षमता की सौर प्रणाली के लिए 60,000 रुपये और तीन किलोवाट क्षमता या उससे अधिक के लिए सब्सिडी 78,000 रुपये होगी। योजना के तहत प्रत्येक जिले के एक गांव को 'मॉडल सोलर' गांव के रूप में विकसित किया जाएगा। यह ग्रामीण क्षेत्रों में छत पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने के लिए 'रोल मॉडल' के रूप में कार्य करेगा। इसके अलावा, स्थानीय शहरी निकायों और पंचायती राज संस्थानों को भी अपने क्षेत्रों में छतों पर सौर संयंत्र लगाने को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा।

### पीएम सूर्य घर पोर्टल पर करवा सकते हैं पंजीकरण

परिवार राष्ट्रीय पोर्टल पीएम सूर्य घर डॉट गॉव डॉट इन (https://pmsuryaghar.gov.in) के माध्यम से सब्सिडी के लिए आवेदन करेंगे और छत पर सौर ऊर्जा स्थापित करने के लिए एक उपयुक्त विक्रेता का चयन कर सकेंगे। राष्ट्रीय पोर्टल के जरिए उपयुक्त सौर प्रणाली, लाभ आकलन, विक्रेता रेटिंग आदि जैसी जरूरी जानकारी उपलब्ध होगी। परिवार रिहायशी मकानों में छतों पर तीन किलोवाट तक की क्षमता के सौर संयंत्र लगाने के लिए करीब सात प्रति ब्याज पर बिना किसी गारंटी के कर्ज ले सकेंगे।

### अधिशेष बिजली की बिक्री से कर सकेंगे कमाई

इस योजना के माध्यम से, परिवार बिजली बिल बचाने के साथ-साथ वितरण कंपनियों को अधिशेष बिजली की बिक्री के माध्यम से अतिरिक्त आय अर्जित कर सकेंगे। घर में अगर तीन किलोवाट क्षमता की सौर प्रणाली लगाई जाती है, तो इससे प्रतिमाह औसतन 300 से अधिक यूनिट बिजली पैदा की जा सकेगी। अनुमान है कि इस योजना से प्रत्यक्ष रूप से लगभग 17 लाख नौकरियां सृजित होंगी।

**पीएंडके उर्वरकों पर 24,420 करोड़ रुपये सब्सिडी :** सरकार ने आगामी खरीफ सत्र के लिए फॉस्फेटिक एवं पोटाश (पीएंडके) उर्वरकों पर 24,420 करोड़ रुपये की सब्सिडी देने की घोषणा की। कहा है कि किसानों को प्रमुख पोषक तत्व डीएपी 1,350 रुपये प्रति क्विंटल के दाम पर मिलती रहेगी। कैबिनेट बैठक में पीएंडके उर्वरकों पर 1 अप्रैल से 30 सितंबर तक के खरीफ सत्र के लिए पोषक तत्व-आधारित सब्सिडी दरें तय करने के लिए उर्वरक विभाग के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि आगामी खरीफ सत्र के लिए नाइट्रोजन पर सब्सिडी 47.02 रुपये, फॉस्फेटिक पर 28.72 रुपये, पोटाश पर 2.38 रुपये और सल्फर पर 1.89 रुपये प्रति किलोग्राम तय की गई है।

### अन्य फैसले...

- बाघों के संरक्षण को इंटरनेशनल बिग कैट अलायंस का होगा गठन
- तीन सेमीकंडक्टर इकाइयां स्थापित किए जाने पर भी लगी मुहर
- 12 महत्वपूर्ण एवं सामरिक खनिजों पर रॉयल्टी दर तय की गई
- राष्ट्रीय एक स्वास्थ्य संस्थान, नागपुर में निदेशक पद सृजन को मंजूरी

## सीरियल बम विस्फोट केस में करीम टुंडा बरी

जयपुर, एजेंसी



- 1993 में देशभर में पांच ट्रेनों में हुए थे सिलसिलेवार धमाके
- अजमेर की टाडा कोर्ट ने दो अन्य आरोपियों को दी उम्रकैद

अजमेर की एक विशेष अदालत ने 1993 में कई ट्रेनों में हुए सिलसिलेवार बम विस्फोटों के मामले में मुख्य आरोपी अब्दुल करीम टुंडा को गुरुवार को यह कहते हुए बरी कर दिया कि अभियोजन पक्ष आरोपों को साबित करने के लिए पर्याप्त सबूत पेश नहीं कर सका।

न्यायाधीश महावीर प्रसाद गुप्ता की टाडा अदालत ने दो अन्य आरोपियों-इरफान और हमीदुद्दीन को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। भारत में वांछित आतंकवादी दाऊद इब्राहिम के घनिष्ठ सहयोगी टुंडा (81) पर दिसंबर 1993 में बाबरी मस्जिद विध्वंस की पहली बरसी पर विभिन्न शहरों में पांच ट्रेनों में विस्फोट करने का आरोप है। इन बम धमाकों में दो लोगों की मौत हो गई थी और कई घायल हुए थे। टुंडा के वकील शफकतुल्लाह सुल्तानी ने अजमेर में संवाददाताओं से कहा कि अदालत ने अब्दुल करीम टुंडा को उसके खिलाफ लगाए गए सभी आरोपों से बरी कर दिया। टाडा अदालत ने 5-6 दिसंबर 1993 की रात लखनऊ, कानपुर, हैदराबाद, सूरत और मुंबई में यात्री ट्रेनों में हुए विस्फोटों के मामले में मुख्य आरोपी टुंडा और सह आरोपियों इरफान उर्फ पप्पू और हमीदुद्दीन- के खिलाफ 30 सितंबर 2021 को आरोप तय किए थे।

### धमाकों में हुई थीं दो मौतें, 22 लोग हुए थे घायल

नई दिल्ली और हावड़ा जाने वाली राजधानी एक्सप्रेस ट्रेनों, नई दिल्ली-मुंबई राजधानी एक्सप्रेस, सूरत-बड़ौदा फ्लाइंग क्वीन एक्सप्रेस और हैदराबाद-नई दिल्ली एपी एक्सप्रेस में हुए विस्फोटों में दो लोग मारे गए थे और कम से कम 22 घायल हो गए थे। आरोपियों के खिलाफ आतंकवादी और विघटनकारी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के साथ ही विस्फोटक पदार्थ अधिनियम, सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान की रोकथाम अधिनियम और भारतीय रेलवे अधिनियम के तहत आरोप लगाए गए थे।

### एक नजर

#### बनभूलपुरा हिंसा का वांछित मोईद गिरफ्तार

**हल्द्वानी।** बनभूलपुरा हिंसा के मास्टर माइंड अब्दुल मलिक के बेटे अब्दुल मोईद को एसओजी ने दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया। कई राज्यों में फरारी काटने के बाद उसने दिल्ली के एक मुस्लिम बाहुल्य इलाके में ठिकाना बनाया था। गुरुवार को अब्दुल मोईद को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया। बीती 8 फरवरी को मलिक का बगीचा स्थित नजूल भूमि पर कब्जा कर बनाए गए अवैध मदरसा और प्रार्थना स्थल के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई थी। इस दौरान बनभूलपुरा क्षेत्र में हिंसा भड़की।

## भाजपा के प्रकोष्ठ के तौर पर काम कर रही है सीबीआई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- सीबीआई के समन पर अखिलेश यादव का भाजपा पर पलटवार
- बोले-पांच साल तक क्यों नहीं भेजा समन, चुनाव के करीब ही क्यों

**अमृत विचार :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव अवैध खनन मामले में गुरुवार को पूछताछ के लिए सीबीआई के सामने हाजिर नहीं हुए, लेकिन जवाब जरूर दिया है। सपा प्रमुख ने सीबीआई से जांच दिल्ली की जगह लखनऊ में कराने की मांग की है। उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़ने का भी प्रस्ताव रखा है।

सूत्रों के मुताबिक, अखिलेश यादव ने समन के जवाब में कहा कि जांच में सहयोग के लिए तैयार हूं, लखनऊ में जांच हो या फिर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से भी जुड़ सकता हूं। साथ ही सवाल भी उठाया कि चुनाव से पहले ही नोटिस क्यों भेजा है? 2019 के बाद यानी पिछले 5 सालों में कोई जानकारी क्यों नहीं मांगी गई? अखिलेश ने गुरुवार को लखनऊ में पार्टी कार्यालय पर पीडीए की बैठक को संबोधित किया। बैठक में उन्होंने कहा, भाजपा इस समय सबसे कमजोर स्थिति में है। वह संवैधानिक संस्थाओं को अपने प्रकोष्ठ की तरह प्रयोग कर रही है। अखिलेश की पत्नी और सपा सांसद डिंपल यादव ने भी कहा, वे ऐसे पहले नेता प्रतिपक्ष नहीं हैं जिन्हें समन भेजा गया है। लगातार नेताओं, उद्योगपतियों, व्यापारियों, छोटे व्यापारियों पर दबाव बनाया जा रहा है।

## अवनीश अवस्थी का कार्यकाल एक साल के लिए बढ़ा



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मुख्य सलाहकार सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी अवनीश कुमार अवस्थी का कार्यकाल शासन ने एक साल के लिए बढ़ा दिया है। गुरुवार को जारी नए आदेश के बाद अवनीश अवस्थी का कार्यकाल एक मार्च 2024 से 28 फरवरी 2025 तक के लिए बढ़ा दिया गया है। उप्र. कैडर के 1987 बैच के आईएएस अधिकारी अवनीश अवस्थी का कार्यकाल दूसरी बार बढ़ाया गया है। इससे पहले उनका कार्यकाल 1 मार्च 2023 से 29 फरवरी 2024 तक बढ़ा था।

## सामूहिक विवाह में शादी कर लौट रहे दूल्हे की मौत

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- ट्रैक्टर-ट्राली से टकराई दूल्हे की बाइक, मां-दोस्त घायल
- दुल्हन को विदा कराके कार में लेकर गए थे परिवार वाले

**अमृत विचार :** सामूहिक विवाह में शादी के बाद दूल्हे के परिजन दुल्हन को कार से ले गए जबकि दूल्हा अपनी मां और दोस्त के साथ बाइक से घर जा रहा था। रास्ते में उनकी बाइक आलू लदी ट्रैक्टर-ट्राली से टकरा गई। हादसे में दूल्हे की मौके पर मौत हो गई जबकि मां और दोस्त घायल हो गए।

थाना इस्लामनगर के गांव चांदपुर निठाया निवासी जितेंद्र (22) पुत्र जसवंत की शादी गुरुवार को बिसौली के मदन लाल इंटर कॉलेज में सामूहिक विवाह समारोह में गांव जलालपुर निवासी प्रियंका के साथ हुई थी। शादी के बाद परिवार के लोग प्रियंका को कार से घर ले गए जबकि दूल्हा जितेंद्र, अपनी मां अनारकली और साथी धारा सिंह के साथ बाइक से घर जा रहा था। पुलिस चौकी बुध बाजार के पास आलू लदी ट्रैक्टर-ट्राली से बाइक टकरा गई और ट्रैक्टर में ही फंस गई। ट्रैक्टर जितेंद्र के ऊपर से गुजर कर पलट गया। बिसौली कोतवाल सुनील अहलावत ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है, घायलों का इलाज चल रहा है।

## संदेशखालि : शाहजहां शेख गिरफ्तार तृणमूल से छह साल के लिए निलंबित

बशीरहाट, एजेंसी



- ईडी टीम पर हमले के मामले में फरार था बाहुबली नेता
- हाईकोर्ट की सख्ती पर की गई गिरफ्तारी की कार्रवाई

पश्चिम बंगाल के संदेशखालि में महिलाओं के नेतृत्व में हुए हिंसक विरोध प्रदर्शन और कई दिनों तक चले सियासी संग्राम के बाद गुरुवार तड़के 55 दिनों से फरार तृणमूल कांग्रेस नेता शाहजहां शेख को गिरफ्तार कर लिया गया। शेख पर यौन उत्पीड़न एवं जमीन हड़पने का आरोप है। हालांकि उसकी गिरफ्तारी ईडी की टीम पर हमला करने के मामले में हुई है। इस बीच तृणमूल कांग्रेस ने शेख को पार्टी से छह साल के लिए निलंबित कर दिया है।

पार्टी नेता डेरेक ओ''ब्रायन ने कहा कि महिलाओं के यौन शोषण और जमीन हड़पने के आरोपी शाहजहां शेख को छह वर्ष के लिए पार्टी से निलंबित कर दिया गया। संदेशखालि विधानसभा क्षेत्र का पार्टी संयोजक शेख उत्तर 24 परगना जिला परिषद के सदस्य भी था। एडीजी (दक्षिण बंगाल) सुप्रतिम सरकार ने कहा कि शेख को उत्तर 24 परगना जिले के सुंदरवन के बाहरी इलाके में संदेशखालि से लगभग 30 किमी दूर मिनाखान थाना क्षेत्र में एक घर से गिरफ्तार किया गया। शेख कुछ साथियों के साथ उस घर में छिपा था। गिरफ्तारी के बाद उसे बशीर हाट कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे 10 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया।

## हिमाचल में कांग्रेस के छह विधायक अयोग्य करार, जाएंगे सुप्रीम कोर्ट

शिमला, एजेंसी

- विधानसभा अध्यक्ष ने दल बदल कानून के तहत की कार्रवाई
- राज्यसभा के लिए वोटिंग में भाजपा प्रत्याशी को दिया था वोट

हिमाचल प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने राज्य की एकमात्र राज्यसभा सीट के लिए हाल ही में हुए चुनाव में 'क्रॉस वोटिंग' करने के लिए गुरुवार को छह कांग्रेस विधायकों को अयोग्य घोषित कर दिया। बागी विधायकों ने इस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाने का निर्णय लिया है। बागी विधायकों ने वित्त विधेयक पर सरकार के पक्ष में मतदान करने के पार्टी व्हिप की अवहेलना करते हुए विधानसभा में बजट पर मतदान से भी परहेज किया था।

अयोग्य घोषित किए गए विधायकों में राजेंद्र राणा, सुधीर शर्मा, इंद्रदत्त लखनपाल, देवेंद्र कुमार भुट्टो, रवि ठाकुर और चैतन्य शर्मा शामिल हैं। बागी विधायकों को अयोग्य ठहराए जाने के बाद सदन में कुल विधायकों की संख्या 68 से घटकर 62 रह गई है। इससे कांग्रेस विधायकों की संख्या 40 से घटकर 34 हो गई है।

### पार्टी में सभी मतभेद दूर, संकट खत्म : शिवकुमार



**शिमला।** कांग्रेस के केंद्रीय पर्यवेक्षक डीके शिवकुमार ने गुरुवार को घोषणा की कि सभी मतभेद दूर हो गए हैं। सभी आंतरिक मामलों को सुलझाने के लिए एक समन्वय समिति बनाने का निर्णय लिया गया है। दावा किया कि राज्य की कांग्रेस सरकार अपना कार्यकाल पूरा करेगी। शिवकुमार ने ये बातें संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहीं, जिसमें दो अन्य केंद्रीय पर्यवेक्षक भूपेंद्र सिंह हुड्डा और भूपेश बघेल, मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और हिमाचल कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह भी शामिल थीं।

## आज से शुरू होगी गेहूं की सरकारी खरीद

**लखनऊ।** पहली मार्च यानी आज से गेहूं की सरकारी खरीद शुरू होगी, जो 15 जून तक चलेगी। सरकार ने 2275 रुपये प्रति कुंतल गेहूं का समर्थन मूल्य निर्धारित किया है। राज्य सरकार ने निर्देश दिया है कि इस दौरान किसानों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने चाहिए। गेहूं की बिक्री हेतु किसानों को खाद्य व रसद विभाग के पोर्टल पर विभाग के मोबाइल एप पर पंजीकरण-नवीनीकरण कराना अनिवार्य है। वहीं, विभाग की ओर से किसानों से अनुरोध किया गया है कि गेहूं को ओसाकर, मिट्टी, कंकड़, धूल आदि को साफकर अच्छी तरह से सुखाकर ही क्रय केंद्र पर बिक्री के लिए लेकर जाएं। इस वर्ष बटाईदार किसानों द्वारा भी पंजीकरण कराते हुए गेहूं की बिक्री की जा सकेगी।

## 'प्रतिभा' से ग्रामीण क्षेत्रों में लाएंगे नवाचार

विशेष

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ



- ग्रामीण विकास मंत्रालय का विकसित किया गया पोर्टल जल्द होगा लागू
- फ्लैगशिप कार्यक्रमों को मिलेगा बढ़ावा, सभी जिलाधिकारियों को पत्र

**अमृत विचार :** प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में विकास के लिए अनुसंधान और नवाचार अपनाया जाएगा। इसके प्रोत्साहन के लिए ग्रामीण विकास मंत्रालय ने प्रोग्राम फॉर एक्शन थ्रू इंटर्नशिप भारत (प्रतिभा) पोर्टल विकसित किया है।

ये पोर्टल जल्द ग्रामीण इलाकों में लागू होगा। इससे माध्यम से विकास मंत्रालय के फ्लैगशिप यानी महत्वाकांक्षी कार्यक्रमों को बढ़ावा मिलेगा। संचालन के लिए ग्राम पंचायतों में प्रशिक्षित युवक (इंटर्न्स) रखे जाएंगे। इन्हें ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्रालय से जुड़े सभी कार्यक्रम का प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह ग्रामीणों को प्रेरित करेंगे और विकास के क्षेत्र में नवाचार पर काम करेंगे। गांव की बेहतरी के लिए क्या जरूरी है, इसकी खोज कर क्रियान्वयन भी करेंगे। शासन ने सभी जिलाधिकारी को पोर्टल के क्रियान्वयन के लिए पत्र जारी किया है। लखनऊ में इसकी प्रक्रिया शुरू हो गई है।

### हर ग्राम पंचायत पर रखे जाएंगे दो युवक

हर ग्राम पंचायत पर दो युवक रखे जाएंगे। इनका चयन दो माह के अंदर जिले स्तर पर होना है। विभाग युवाओं को कौशल उन्नयन के लिए प्रशिक्षित करेगा। इसके बाद राज्य, जिला, ब्लॉक, उत्पादक, उद्यम, क्लस्टर, ग्राम पंचायत या फिर ग्रामीण विकास मंत्रालय की किसी योजना में तैनात किए जाएंगे। जो विकास के क्षेत्र में काम करेंगे। जिला स्तर पर इंटर्नशिप कार्यक्रम के नोडल अधिकारी जिलाधिकारी बनाए गए हैं।

> ग्रामीण विकास मंत्रालय की यह पहल है। नवाचार से गांव के विकास में और बेहतरी आएगी। योजनाओं का क्रियान्वयन होगा और ग्रामीणों को उसका लाभ मिलेगा। इस पर काम करेंगे। - **हिमांशू शेखर ठाकुर,** जिला पंचायत राज अधिकारी, लखनऊ

## एक नजर

### 91 जोड़ों ने लिए सात फेरे प्रशासन ने दिया दहेज

**सहसवान।** गुरुवार को प्रमोद संस्कृत महाविद्यालय परिसर में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसमें 91 जोड़ों ने सात जन्मों के बंधन में बंधने के लिए फेरे लिए। इसमें ब्लॉक सहसवान के 56, ब्लॉक दहगवां के 26 और सहसवान नगर पालिका क्षेत्र के सात जोड़ों ने फेरे लिए। कार्यक्रम में वर-वधु के साथ ही उनके परिजनों ने भी हिस्सेदारी की। प्रशासन द्वारा समारोह को भव्यता पूर्ण तरीके से संपन्न करने के लिए पहले से ही तैयारियां पूरी की गई थीं। नवदंपतियों को सरकार द्वारा उपलब्ध उपहार भेंट किए गए। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख पति विक्रांत यादव, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम यादव, एसडीएम प्रेमपाल सिंह, जिला विकास अधिकारी श्वेतांक पांडेय, ईओ डॉ राजेश कुमार, खंड विकास अधिकारी सहसवान विजय कुमार गुप्ता, दहगवां बीडीओ सतीश सैनी, नगर अध्यक्ष पीयूष माहेश्वरी, वरिष्ठ व्यापारी सुबोध माहेश्वरी सचिन शर्मा, देव सिंह यादव, प्रदीप चौधरी, हिमांशु माहेश्वरी समेत नगर व ग्रामीण क्षेत्र के संभ्रांत लोग मौजूद रहे।

### एसडीएम सदर ने परीक्षा केंद्रों - पोलिंग बूथों का किया निरीक्षण

**ककराला।** आगामी लोकसभा चुनावों व बोर्ड परीक्षाओं के मद्देनजर गुरुवार को कस्बा ककराला में एसडीएम सदर एसपी वर्मा ने नगर में नगर पालिका इंटर कॉलेज व फलाह ए आम इंटर कॉलेज का निरीक्षण किया तथा इंतजामों को देखा। कस्बे में लोकसभा चुनाव को आठ मतदान स्थल व 30 पोलिंग बूथ बनाए गए हैं। एसडीएम एसपी वर्मा ने मतदान स्थलों में पेयजल, प्रसाधन और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस मौके पर नगर पालिका इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य शेर सिंह आदि मौजूद रहे।


शादी के बाद सेल्फी लेता नवविवाहित जोड़ा। ● अमृत विचार


एक दूसरे को जयमाला पहनाते वर-वधू।


मंच पर बैठे नवविवाहित जोड़े। ● अमृत विचार


मुस्लिम जोड़ों का निकाहनामा लिखते काजी। ● अमृत विचार

# 829 जोड़ों ने जीवनभर एक-दूसरे के साथ का दिया वचन, बने जीवनसाथी

## सभी तहसील क्षेत्रों में आयोजित किए गए सामूहिक विवाह समारोह, कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी रहे शामिल

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** जिले में मुख्यालय सहित सभी तहसीलों में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें 829 जोड़ों की शादी कराई। इनमें 16 मुस्लिम जोड़ों का काजी के द्वारा निकाह पढ़ा गया। कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। उनके द्वारा नवविवाहित जोड़ों को आर्शीवाद दिया गया।

मुख्य कार्यक्रम शहर के बदायूं क्लब में संपन्न हुआ। यहां 212 हिन्दू जोड़ों की विधि विधान से शादियां पुरोहितों द्वारा कराई गईं। वहीं, पांच मुस्लिम जोड़ों का काजी के द्वारा निकाह पढ़वाया गया। कार्यक्रम में सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष वर्षा यादव, पूर्व विधायक प्रेम स्वरुप पाठक, भाजपा जिला अध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता के साथ अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। उनके द्वारा सभी नवविवाहित जोड़ों को आर्शीवाद प्रदान किया गया। इस दौरान जनप्रतिनिधियों द्वारा कहा गया कि प्रदेश सरकार कन्याओं की जिम्मेदारी से माता-पिता को मुक्त करने का प्रयास कर रही है, ताकि वे किसी भी कन्या को बोझ न समझें।

मुख्यमंत्री ने गरीबों के हित को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना को लागू कर हर गरीब को बिना जात-पात के भेदभाव के लाभ देने का काम किया। उन्होंने सभी विवाहित जोड़ों को सुखी दांपत्य जीवन का आशीर्वाद दिया। इसके बाद उन्हें गृहस्थी का सामान देकर विदा किया गया। इसके अलावा अंबियापुर ब्लॉक में आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 147 हिन्दू जोड़ों का विवाह कराया गया। वहीं, दातागंज ब्लॉक परिसर में आयोजित कार्यक्रम में 174 हिन्दू और तीन मुस्लिम जोड़ों का विवाह कराया गया। बिसौली के मदन लाल इंटर कॉलेज में हुए कार्यक्रम के दौरान 191 हिन्दू, सात मुस्लिम तथा सहसवान में 89 हिन्दू और एक मुस्लिम जोड़ों का विवाह कराया गया। कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। उनके द्वारा नवविवाहित जोड़ों को आर्शीवाद देने के साथ गिफ्ट भेंट कर विदा किया गया। इस तरह 829 जोड़ों की शादी कराई गई।


सामूहिक विवाह समारोह में सात फेरे लेते युगल। ● अमृत विचार


नवविवाहित जोड़ों पर फूल वर्षा कर आशीर्वाद देते जनप्रतिनिधि। ● अमृत विचार

# नई प्रजाति के बीज से बढ़ाएं गन्ने की उपज

कार्यालय संवाददाता, बदायूं


सामूहिक सभा में गन्ना किसानों से बात करते अधिकारी। ● अमृत विचार

- रमजानपुर में किसान गोष्ठी में गन्ना किसानों को दिया गया प्रशिक्षण

**अमृत विचार :** चीनी मिल शेखूपुर और गन्ना विकास परिषद के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम रमजानपुर में गन्ना कृषकों की एक सामूहिक सभा का आयोजन किया गया।

जिले के ग्राम रमजानुपर में आयोजित सभा में ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक अशोक कुमार ने कहा कि अब गन्ना का नया बीज बोया जाना चाहिए जिससे किसानों को उसकी बेहतर उपज मिल सके। उन्होंने कहा कि कई बार पुरानी प्रजाति के गन्ने की फसल में कीट लगने की संभावना रहती है जिससे गन्ने को क्षति पहुंचती है। उन्होंने जानकारी देते हुए गन्ना बीज व भूमि के उपचार एवं स्वीकृत गन्ना प्रजातियों की बुवाई के लिए प्रेरित किया, ताकि रेड रॉट जैसी घातक बीमारी से गन्ने की फसल को बचाया जा सके।

सयुक्त सभा में ट्रेंच, रिंग पिट विधि से गन्ने की बुवाई व सहफसली एवं पेड़ी प्रबंधन, ड्रिप सिंचाई के बारे में बताया गया। फार्म मशीनरी बैंक से कृषि यंत्र किराये पर लेने की जानकारी दी गयी।

गन्ना किसान संस्थान मुरादाबाद से आए सुरेंद्र सिंह से गन्ने की वैज्ञानिक खेती के बारे में जानकारी देते हुए 14201, 13235, 0118, 15023 आदि प्रजातियों की गन्ना की फसल लगाने की सलाह दी। गन्ना किसानों ने कई तरह के सवाल भी किए जिसके जवाब दिए गए। गन्ना किसानों ने कहा कि मार्च और अप्रैल में लगाया जाने वाला गन्ना किस प्रजाति का होना चाहिए और कितनी दूरी पर लगाया जाना चाहिए, इसका भी कृषि वैज्ञानिकों ने सटीक जवाब दिया।

सामूहिक सभा में काफी संख्या में कृषक, चीनी मिल शेखुपर के प्रतिनिधि प्रभारी मुख्य गन्ना अधिकारी तथा सर्किल गन्ना पर्यवेक्षक, प्रचार पर्यवेक्षक तथा, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक उपस्थित रहे।

# छवि ने लिए सात फेरे, मंडप से सीधे पहुंचीं परीक्षा केंद्र


छवि को गिफ्ट देतीं समाज कल्याण अधिकारी की धर्मपत्नी।

**बदायूं, अमृत विचार :** शहर निवासी छवि पुत्री वीरपाल की शादी राहुल से हुई। छवि इंटरमीडिएट की छात्रा है। 29 को वह सामूहिक विवाह आयोजन स्थल पर पहुंची और बोर्ड परीक्षा के बारे में जिला समाज कल्याण अधिकारी को जानकारी दी। इस पर उन्होंने कार्यक्रम के तय समय से दो घंटे पहले ही मंडप में छवि की शादी कराई। फिर छवि को लेकर उसका पति राहुल इंटर की परीक्षा दिलाने को बिनावर स्थित ठाकुर रविंद्र सिंह कल्पना सिंह रवाना हो गया। दोनों की शादी चर्चा का विषय बनी रहीं।

# 2617 ने छोड़ी हाईस्कूल विज्ञान की परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं


परीक्षा कक्ष में निरीक्षण करते डीएम मनोज कुमार। ● अमृत विचार

- डीएम ने किया केंद्रों का निरीक्षण व्यवस्थाओं में सुधार के दिए निर्देश
- गुरुवार को पहली पाली में सभी केंद्रों पर कराई गई यूपी बोर्ड की परीक्षा

**अमृत विचार:** यूपी बोर्ड परीक्षा में गुरुवार को हाईस्कूल विज्ञान विषय का पेपर हुआ। इसमें 2617 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जबकि 36341 परीक्षा पंजीकृत थे। इनमें से 33724 उपस्थित रहे।

सुबह की मीटिंग में हाईस्कूल विज्ञान विषय की परीक्षा नकलविहीन संपन्न कराने को लेकर शिक्षा विभाग सतर्क रहा। डीआईओएस के द्वारा सभी सचल दलों को परीक्षा से पूर्व ही रवाना कर दिया गया। स्वयं भी भ्रमण को निकले। डीएम मनोज कुमार ने शहर के कई स्कूलों का निरीक्षण किया। सिंगलर मिशन गर्ल्स इंटरमीडिएट कॉलेज तथा राजकीय कन्या इंटर कॉलेज के परीक्षा केंद्रों का दौरा किया। उन्होंने सीसीटीवी, स्ट्रांग रूम आदि व्यवस्थाओं को देखा। साथ ही केंद्र व्यवस्थापकों से परीक्षार्थियों की उपस्थिति एवं अनुपस्थिति के बारे में जानकारी ली। स्ट्रांग रूम, सीसीटीवी कक्ष एवं अवशेष प्रश्न पत्रों के रखरखाव आदि की जांच की।

डीएम ने परीक्षा केंद्रों पर तैनात स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केन्द्र व्यवस्थापक, कक्ष निरीक्षक, सचल दल टीम तथा परीक्षा केंद्र पर तैनात समस्त कर्मचारियों को आईडी कार्ड पहने रहने के आदेश दिए। सुबह की परीक्षा में 36,341 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इनमें से 33,724 उपस्थित रहे जबकि 2,617 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा के दौरान कहीं से नकल कराए जाने की सूचना नहीं मिली। इधर शाम को इंटरमीडिएट जीव विज्ञान और गणित विषय की परीक्षा संपन्न हुई। एक भी नकलची पकड़े नहीं गए।

### परीक्षा शुरू होने के बाद भी थमे रहे सचल दलों के पहिए

शाम की पाली में इंटरमीडिएट जीव विज्ञान और गणित विषय की परीक्षा थी। परीक्षा दो बजे से शुरू हुई। महत्वपूर्ण पेपर होने के बाद भी डीआईओएस को छोड़ दिया जाए तो पांच सचल दलों की गाड़ियां खड़ी रहीं। करीब पौने तीन बजे के बाद उनकी गाड़ियां निकलीं। जबकि शासन से स्पष्ट निर्देश हैं कि महत्वपूर्ण पेपर के दिन समय पूर्व ही सचल दलों की गाड़ियां भ्रमण के लिए निकले।

### आगरा में पेपर लीक की सूचना से हड़कंप

गुरुवार को शाम की पाली में जीव विज्ञान और गणित विषय का पेपर था। बताया जा रहा है कि वहां पर परीक्षा शुरू होने के दस मिनट बाद ही जीव विज्ञान और गणित का पेपर व्हाट्सअप पर किसी ने वायरल कर दिया। जिसकी सूचना जिले में प्राप्त होने पर प्रशासनिक अधिकारियों में हड़कंप मचा रहा। वहीं, परीक्षार्थियों के अभिभावक परीक्षा निरस्त होने के कयास लगाते रहे। उन्हें लगा कि अब से तीन साल पूर्व इंटरमीडिएट अंग्रेजी विषय का पेपर लीक होने पर परीक्षा को निरस्त कर दिया गया था। कहीं ऐसा ही इस बार न हो जाए। हालांकि प्रशासनिक अधिकारी इस बात से इंकार कर रहे हैं। एडीएम प्रशासन रेनू सिंह ने बताया कि आगरा में पेपर लीक होने की सूचना है लेकिन परीक्षा निरस्त नहीं हुई है।

# जिला पंचायत बोर्ड की बैठक आज विकास के कई प्रस्ताव होंगे पास

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- पुराने निर्माणाधीन कार्यों की होगी समीक्षा, अध्यक्ष रहेंगी मौजूद

**अमृत विचार :** जिला पंचायत बोर्ड की बैठक एक मार्च को जिला पंचायत में आयोजित की जाएगी। इसकी अध्यक्षता अध्यक्ष वर्षा यादव करेंगी।

एक मार्च को होने वाली जिला पंचायत बोर्ड की बैठक का एजेंडा तैयार कर लिया गया है। जिला पंचायत सदस्यों द्वारा लाए जाने वाले प्रस्ताव पर चर्चा के बाद पास किया जाएगा। बोर्ड की बैठक पूर्वाह्न 11 बजे से आयोजित की जाएगी। जिला पंचायत प्रशासन ने बैठक में क्षेत्र पंचायत व जिला पंचायत सदस्यों को तय समय पर आने को कहा है। जिला पंचायत बोर्ड की बैठक की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष वर्षा यादव करेंगी। साथ ही प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। इसमें केवल विकास कार्यों के प्रस्ताव लिए जाएंगे, साथ ही जो कार्य चल रहे हैं उनकी समीक्षा की जाएगी। देहात कस्बों में बनने वाले नाले तथा सीसी रोडों की चर्चा के बाद इसे पास किया जाएगा। जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी ने बताया कि बैठक को तैयारियां पूरी की गई है।

# प्रसव कक्ष में बिजली की व्यवस्था रखें दुरुस्त

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- सीएमओ ने ली प्रसव कक्ष की समीक्षा बैठक, सभी स्वास्थ्य केंद्रों को दुरूस्त रखने के निर्देश

**अमृत विचार :** जिले भर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर होने वाले प्रसव की समीक्षा बैठक में सीएमओ ने कहा कि प्रसव कक्ष में सभी सुविधाएं होनी चाहिए जिससे प्रसूता को किसी तरह की परेशानी न हो।

गुरुवार को सीएमओ कार्यालय के सभागार में जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर तैनात चिकित्सकों एमओआईसी की बैठक ली गयी। बैठक की अध्यक्षता प्रभारी सीएमओ डा. अब्दुल सलाम खान ने की। उन्होंने कहा कि प्रसव कक्ष में किसी तरह की कोई कमी नही होनी चाहिए। ब्लॉक मुख्यालयों पर तैनात महिला चिकित्सकों को निर्देश दिए गए कि प्रत्येक केंद्र पर प्रसव कक्ष की व्यवस्था बेहतर होनी चाहिए। प्रसव के समय प्रसूता को किसी तरह की दिक्कत नहीं होनी चाहिए। विशेष रूप से रोशनी की व्यवस्था होनी चाहिए।

गर्मियों के मौसम में पंखा एसी को ठीक कराया जाए जिससे महिलाओं को गर्मी में किसी तरह की दिक्कत न हो। प्रसव कक्ष से जुड़ी समस्याएं जानने के लिए सीएमओ ने सभी से जानकारी ली और कहा कि यदि किसी केंद्र पर कोई समस्या है तो उसको बताएं जिससे उसको ठीक किया जा सके।

एसीएमओ डा. सनोज मिश्रा ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रसूताओं को सुविधा उपलब्ध कराना सभी की जिम्मेदारी है। यदि किसी केंद्र से कोई शिकायत आती है तो उसके लिए एमओआईसी जिम्मेदार होंगे। कहा कि अब लापरवाही नही चलेगी। देहात क्षेत्रों में यदि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर सभी सुविधाएं होगी तो प्रसव के लिए महिलाओं को जिला महिला अस्पताल या अन्यत्र नही भागना होगा, इसलिए प्रसव कक्ष को पूरी तरह तैयार रखना है। हर समय लोगों को सेवाएं देनी हैं।

### इनको दी गई हिदायत

इस मौके पर सहसवान के एमओआईसी से कई तरह के सवाल किए गए और उन्हें हिदायत दी गयी कि प्रसव कक्ष में जो भी कमियां हैं, उनको ठीक किया जाए। बैठक में साफ सफाई पर विशेष बल दिया गया। केंद्र के आस पास गंदगी मिलने पर कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई।

## सार-संक्षेप

### पर्यावरण संरक्षण के लिए निकाली रैली




**बदायूं।** फर्रुखाबाद रोड स्थित ग्राम उनौला पर जेएस कॉलेज के सेवा योजना इकाई के विशेष शिविर के दौरान छात्र छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण पर कार्यक्रम प्रस्तुत किए। पौधा रोपण के लिए लोगों को प्रेरित किया और कई गांवों में जागरुकता रैली निकाली। जेएस कॉलेज के राष्ट्रीय स्वयंसेवकों ने बुधवार को पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरुकता रैली निकाली। रैली में पेड़ लगाओ धरती बचाओ का नारा दिया गया। उनौला, झंडपुर में छात्र-छात्राओं ने कहा कि जब तक धरती पर पेड़ पौधे रहेंगे तब तक हमारा जीवन सुगम रहेगा। इसलिए धरती का श्रृंगार पौधे लगा कर करें। कार्यक्रम अधिकारी छबिराम यादव, प्राचार्य राहुल कुमार ने हरियाली लाने का संदेश दिया। भरत गुप्ता, उत्पल मिश्रा, अनिल बिश्नोई, प्रदीप आदि रहे।

### कार्यक्रम के समापन पर शिक्षक सम्मानित



**वजीरगंज।** बीआरसी केंद्र पर आयोजित हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव कार्यक्रम का विधिवत समापन हो गया। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों सहित अन्य विद्यालयों के अध्यापकों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीईओ ओमेंद्र दत्त त्रिपाठी द्वारा की गयी। उन्होंने बताया कि विद्यालयों को निपुण बनाने का संदेश देते हुए बच्चों को मन लगाकर पढ़ना को प्रेरित किया। कार्यक्रम में विद्यालयों से आए उत्कृष्ट निपुण छात्र-छात्राओं व समस्त विशेष अध्यापकों को प्रमाण पत्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर पुरस्कृत किया। कार्यक्रम का संचालन हिलाल बदायूंनी ने किया। इस बीच बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर अमित, नरेश, सुजीत, राजेश, योगेंद्र, नीरज कुमार वर्मा, भागीरथ आदि रहे।

# 65 एएनएम को बंटे नियुक्ति पत्र, स्वास्थ्य सेवाओं में होगी सुधार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- नियुक्ति पत्र मिलने पर एएनएम व अन्य अभ्यर्थियों के खिले चेहरे
- आज आवंटित होंगे स्वास्थ्य केंद्र नहीं मिलेगा मनचाहा स्थान

**अमृत विचार :** सीएमओ कार्यालय में 65 एएनएम सहित 96 पदों के लिए नियुक्ति पत्र बांटे गए, जिससे इनके चेहरे खिल उठे। इन सभी को एक मार्च को देहात इलाकों में अलग अलग स्वास्थ्य केंद्रों पर तैनाती दी जाएगी। इससे अब स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार होगी।

2022 में एएनएम की भर्ती के लिए सरकार ने विज्ञापन प्रकाशित किया था। विज्ञापन प्रकाशित होने के बाद एएनएम पद के लिए ऑनलाइन आवेदन किये गए थे। उनकी परीक्षा कराई गई मगर रिजल्ट आउट नहीं किया गया। शासन स्तर से इसी महीने में उसका रिजल्ट आउट किया गया। पास होने वाले अभ्यर्थियों में खुशी का ठिकाना नहीं रहा। इनमें 65 पद एएनएम के थे व 29 पद एलटी के, जबकि दो पद फार्मासिस्ट के थे। इन सभी पदों के लिए चयनित अभ्यर्थियों को गुरुवार को नियुक्ति पत्र बांटे गए। दो साल तक इंतजार करने के बाद नियुक्ति पत्र जब हाथ में आए तो इनकी खुशी का ठिकाना नही रहा।

जिला कार्यक्रम अधिकारी डा. कमलेश कुमार ने बताया कि जनपद में जहां दस हजार की आबादी है। उन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर फिलहाल एक-एक एएनएम है।

अब इनको उन्हीं केंद्रों पर भेजा जाएगा जहां एक एएनएम है। जिले में 75 डिलीवरी प्वाइंट हैं जिसमें से 45 सक्रिय हैं, उन्हीं पर उनके अलग अलग स्थानों पर तैनाती दी जाएगी। स्वास्थ्य महानिदेशक से मिलने के बाद सभी को नियुक्ति पत्र दे दिए गए हैं और एक मार्च को सभी को उनकी तैनाती वाले केंद्रों पर भेज दिया जाएगा। हर ब्लाक में पांच छह केंद्र हैं, जो क्रियाशील हैं उन पर पहले तैनात किया जाएगा। उसके बाद यदि कोई स्थान शेष रहता है तो उस पर बाद में तैनाती की जाएगी। इससे स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार होगी।


नियुक्ति पत्र मिलने पर खुश होतीं एएनएम। ● अमृत विचार

### क्या कहा नवनियुक्त एएनएम ने

नियुक्ति पत्र मिलने के बाद एएनएम ने कहा कि उन लोगों को इस दिन की बहुत दिनो से प्रतीक्षा थी। विभाग द्वारा जो भी जिम्मेदारी दी जाएगी। उसका पूरे मनोयोग से पालन करेंगी। उनका क्षेत्र जनसेवा से जुड़ा है इसलिए वह लोग निष्ठा और ईमानदारी के साथ काम करेंगी।

> जिन अभ्यर्थियों का चयन हुआ है, उनको नियुक्ति पत्र दे दिए गए हैं। अब एक मार्च को सभी की तैनाती दे दी जाएगी। शासन से स्वीकृति मिलने के बाद प्रक्रिया को पूरा कराया गया है।
>
> – **डा. अब्दुल सलाम खान**, प्रभारी सीएमओ

### आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का शोषण नहीं होगा बर्दाश्त

**बदायूं, अमृत विचार :** अखिल भारतीय आंगनबाड़ी कर्मचारी महासभा की मासिक बैठक मालवीय आवास गृह पर हुई। संबोधित करते हुए मंडल अध्यक्ष मोरश्री गुप्ता ने सभी से एकजुट रहने की अपील की है। जिला अध्यक्ष राजेश कुमार सक्सेना ने कहा किसी भी कीमत पर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का शोषण नहीं होने देंगे। कार्यकत्रियों ने विभिन्न समस्याओं को लेकर जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री प्रमोद कुमार सिंह को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर मोहिनी शर्मा, शीतल, राजेश्वरी, चांदनी, महेश कुमारी चौहान, कुमकुम जौहरी, शशि रानी नीलम सक्सेना, राजबाला आदि रहे।

शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई

गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877


# व्यापारियों ने बंद कराया सराफा बाजार, प्रदर्शन

## ठगी मामले में आरोपी पुलिसकर्मियों को बर्खास्त करने की मांग, जांच का मिला आश्वासन

संवाददाता, उझानी


व्यापारियों के साथ धरने में मौजूद पूर्व मंत्री विमल कृष्ण अग्रवाल। ● अमृत विचार


सराफा बाजार में बंद पड़ी दुकानें। ● अमृत विचार

- व्यापारियों के धरना-प्रदर्शन में पूर्व मंत्री विमल कृष्ण अग्रवाल भी शामिल

**अमृत विचार :** उझानी के सराफा व्यापारी से हुई साइबर ठगी के मामले ने तूल पकड़ लिया है। गुरुवार को व्यापारियों ने सराफा बाजार बंद कराया और धरना-प्रदर्शन किया। आरोपी पुलिसकर्मियों को बर्खास्त करने, व्यापारी से ठगे रुपये वापस दिलाने की मांग की। पुलिस ने जांच कराकर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

बुधवार को सर्राफा कारोबारी आलोक कुमार अग्रवाल अपनी दुकान पर बैठे थे। उनके मोबाइल नंबर पर ग्वालियर से खुद को एसीपी बताने वाली महिला का फोन आया। उन्हें धमकाकर 26 हजार 700 रुपये मांगे। उन्होंने कोतवाली जाकर पुलिस से शिकायत की थी। एक महिला सिपाही ने कार्रवाई का आश्वासन देकर उन्हें वापस लौटा दिया। आरोप है कि कस्बा इंचार्ज चार अन्य पुलिसकर्मियों के साथ दुकान पर आए। उन्हें कोतवाली ले गए। आरोप है कि पुलिस ने दबाव बनाकर उन्हें फोन करने वाली महिला के नंबर पर रुपये ट्रांसफर करा दिए।

पुलिस ने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया। इससे नाराज सराफा व्यापारी गुरुवार सुबह लगभग 8 बजे अपनी-अपनी दुकानों पर पहुंचे। चार दर्जन से ज्यादा व्यापारी बाजार गेट पर एकत्र हुए और धरना-प्रदर्शन किया। पूर्व मंत्री विमल कृष्ण अग्रवाल भी व्यापारियों के साथ धरने पर बैठे। व्यापारियों ने कहा कि जब तक आरोपी पुलिसकर्मियों को बर्खास्त नहीं किया जाएगा तब तक व्यापारियों का आंदोलन जारी रहेगा।

प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह ने समझाने की कोशिश की लेकिन वह नहीं माने। वह अपनी मांग पूरी कराने पर अड़े रहे। प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज चेक की है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### साइबर ठगी और रंगदारी के मामलों में नहीं हुई कार्रवाई

**उझानी।** क्षेत्र में लोग अक्सर ही साइबर ठगों का शिकार हो रहे हैं लेकिन खुलासा किसी का भी नहीं पा रहा है। पिछले दिनों एक व्यक्ति से 98 हजार रुपये की ठगी हुई तो दूसरे युवक से 50 लाख रुपये की रंगदारी मांगी गई थी। पुलिस से शिकायत हुई लेकिन कार्रवाई कुछ नहीं हुई। नगर उझानी के मोहल्ला अयोध्यागंज निवासी पशुधन प्रसार अधिकारी योगेश कुमार सिंह से कुछ लोगों ने खुद को सीबीआई अधिकारी बताकर 98 हजार रुपये ठग लिए थे। पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की थी। जिसके बाद सराफा कारोबारी प्रदीप कुमार गोयल को धमकाते हुए 50 लाख रुपये की रंगदारी मांगी गई। कारोबारी ने पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने मामला साइबर क्राइम सेल को सौंप दिया। दोनों मामलों में आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

# बीएसए सहित कई अफसरों से मांगा गया स्पष्टीकरण

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- मंथली प्रोग्रेस रिपोर्ट खराब होने पर डीएम ने की कार्रवाई
- जनवरी माह में नौ विभागों की परफार्मेंस निचले पायदान पर रही

**अमृत विचार:** जिले संचालित विभिन्न योजनाओं की निगरानी शासन स्तर से की जा रही है। हर माह मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर उनकी समीक्षा होती है। जनवरी माह के दौरान नौ विभागों की स्थिति दयनीय रही। प्रदेश भर में यह विभाग सबसे निचले पायदान पर रहे। इनमें सबसे ज्यादा खराब स्थित बेसिक शिक्षा और प्रोबेशन विभाग की रही। ऐसी स्थिति में डीएम ने सभी अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा है।

प्रोबेशन विभाग में सुमंगला योजना संचालित है। इस योजना में जनवरी माह के दौरान सबसे खराब स्थिति रही। शासन की ओर से 18305 आवेदनों का सत्यापन कराने के बाद उन्हें लाभान्वित किया जाना था। परंतु विभागीय जिम्मेदार के द्वारा 17842 आवेदन का ही सत्यापन शासन का भेज सके थे। कुल 97.37 प्रतिशत कार्य हो सका। प्रदेश भर में विभाग को 75 स्थान मिला है। ऐसी ही स्थिति बेसिक शिक्षा विभाग की रही। निपुण परीक्षा में मात्र 63 फीसदी बच्चे ही निपुण हो सके। प्रदेश भर में विभाग 70वें स्थान पर रहा।

### इन विभागों को मिला यह पायदान

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन योजना में 58 वां, जिला विद्यालय निरीक्षक विभाग को अलंकार योजना में 68वां, पशुपालन विभाग को गायों के संरक्षण करने में 69, दुग्ध संघ को 64वां, युवा कल्याण विभाग स्टेडियम और जिम निर्माण में 70वां, समाज कल्याण विभाग को 67, मत्स्य पालन विभाग को 54 वा स्थान प्रदेश भर में मिला है। इस पर डीएम मनोज कुमार ने नाराजगी व्यक्त करते हुए सख्त निर्देश दिए है कि आगे से ऐसी न बने। उनके द्वारा इन सभी विभागाध्यक्षों से स्पष्टीकरण तलब किया है।

## बिना रजिस्ट्रेशन चल रही क्लीनिक, गर्भपात का आरोप

**नूरपुर पिनौनी।** नगर में बाजार स्थित एक क्लीनिक द्वारा अवैध रूप से गर्भपात कराने का मामला प्रकाश में आया है। क्लीनिक चलाने का न तो रजिस्ट्रेशन है और न ही कोई डिप्लोमाधारी डॉक्टर है। आरोप है क्लीनिक चलाने वाली चिकित्सक के पास न तो डिग्री है और न ही क्लीनिक का रजिस्ट्रेशन है फिर भी धड़ल्ले से यहां पर महिलाओं का गर्भपात कराने की खबर सामने आयी हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि विभागीय अधिकारियों की लापरवाही के चलते यह सब हो रहा है। कई बार इसके बारे में शिकायत की गयी मगर किसी ने ध्यान नही दिया।

# लाखों का गबन, नहीं दिए अभिलेख

कार्यालय संवादाता, बदायूं

- बीते वित्तीय वर्ष में विकास कार्यों में खर्च को सचिव व प्रधानों को मिली थी निधि
- अभिलेख प्रस्तुत न करने वाले सचिवों का सीडीओ ने किया जवाब तलब

**अमृत विचार:** ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों के लिए आई धनराशि की लूट मची हुई है। प्रधानों और सचिवों के द्वारा सरकारी धन का दुरुपयोग किया जा रहा है। जिसका खुलासा पंचायतीराज विभाग द्वारा कराए जा रहे आडिट के दौरान हुआ है। धनराशि को किस मद में खर्च किया गया है। इसकी जानकारी सचिवों और प्रधानों ने नहीं दी है। विभिन्न ग्राम पंचायतों के 13 सचिवों द्वारा खर्च किए धन के अभिलेख प्रस्तुत न किए जाने पर सीडीओ ने उनका जवाब तलब किया है।

वित्तीय वर्ष समाप्ति की ओर जा रहा है। नए वित्तीय वर्ष में विकास कार्य कराने के लिए ग्राम पंचायतों द्वारा तैयार किए गए प्रस्ताव को पंचायती राज विभाग के पोर्टल पर अपलोड किया जा रहा है लेकिन ग्राम पंचायतों को विकास कार्य कराने के लिए तब तक धनराशि शासन से प्राप्त नहीं होगी। जब तक उनके द्वारा प्राप्त धनराशि का हिसाब नहीं दे दिया जाता। ऐसी स्थिति से बचने के लिए पंचायती राज विभाग द्वारा लेखा विभाग के माध्यम से ऑडिट कराया जा रहा है। लेखा विभाग द्वारा किए ऑडिट में सामने आया कि अंबियापुर ब्लॉक की ग्राम पंचायत अकौली में सचिव रामौतार शर्मा और प्रधान अरविंद सिंह ने वर्ष 2020-21 में 30,86,891.42 लाख रुपये गांव में विकास कार्यों पर खर्च किए। परंतु उनके द्वारा अभिलेख प्रस्तुत नहीं किए गए कि इस धनराशि को किस कार्य में खर्च किया गया।

इनमें सचिव रामौतार शर्मा पर ग्राम पंचायत बादशाहपुर और सहसपुर का भी चार्ज रहा। इनके द्वारा गांव बादशाहपुर में 826,175.42 लाख धनराशि और सहसपुर में 12,16,891.40 लाख रुपये खर्च किए गए। यहां के अभिलेख ऑडिट टीम के समक्ष प्रस्तुत नहीं किए गए। वहीं, ग्राम पंचायत अधिकारी कर्मवीर सिंह ने सारी हदें पार कर दीं। उनके द्वारा गांव बमेड़ में कार्यरत रहते हुए वित्तीय वर्ष 2011 से अब तक खर्च की गई 52,11,522.90 लाख रुपये किस कार्य में खर्च कर डाले। इसकी जानकारी न विभाग को दी गई। और न ही ऑडिट टीम को अभिलेख प्रस्तुत किए गए। इनके अलावा आसफपुर ग्राम पंचायत बीधा नगला, दौलतपुर और भवानीपुर में वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान सचिव कपिल गौतम द्वारा खर्च की धनराशि का ब्योरा प्रस्तुत नहीं किया। ऐसी स्थिति होने पर सीडीओ केशव कुमार इन सचिवों को जवाब तलब किया है। साथ ही 15 तीन दिनों के अंदर अभिलेख प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। चेतावनी दी है कि अगर उनके द्वारा समय पर अभिलेख प्रस्तुत नहीं किए गए तो एफआईआर दर्ज करा दी जाएगी।

# हत्या कर जंगल में फेंका गया था महिला का शव

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- दुष्कर्म का अंदेशा होने पर तैयार की गई स्लाइड, लैब में होगी जांच

**अमृत विचार :** थाना हजरतपुर क्षेत्र के गांव कोड़ा जयकरन के जंगल में उसहैत क्षेत्र की लापता महिला का शव मिला था। गुरुवार को पुलिस ने तीन चिकित्सकों के पैनल और वीडियोग्राफी के साथ शव का पोस्टमार्टम कराया। इसमें महिला की हत्या से पहले उसके साथ दुष्कर्म होने की आशंका की गई है। पोस्टमार्टम के दौरान स्लाइड तैयार की गई जिसे लैब भेजा जाएगा। महिला के शरीर पर कई जगह चोट के निशान मिले। जानवर उसका एक हाथ और पैर नोचकर खा गए थे। गांव के पास शव का अंतिम संस्कार किया गया।

थाना उसहैत क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला 24 फरवरी को पति के साथ बाजार गई थी। पति ड्यूटी करने चला गया और पत्नी को ई-रिक्शा पर बैठाकर घर भेज दिया था। जिसके बाद महिला अपने घर नहीं पहुंची। तलाश करने के बाद उसका कहीं पता नहीं चला। परिजनों ने 28 फरवरी को गांव असमया रफतपुर निवासी सुमित और कस्बा म्याऊं निवासी विनेश पाल के खिलाफ अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसी दिन दोपहर में थाना हजरतपुर क्षेत्र में महिला का शव मिला। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गुरुवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। इसमें क्रूरतापूर्वक महिला की हत्या की बात सामने आई है। शरीर पर चोट को देखकर साफ हो रहा है कि उसके साथ मारपीट की गई। महिला के साथ दुष्कर्म की अंदेशा होने पर स्लाइड तैयार की गई है। एसपी सिटी अमित किशोर श्रीवास्तव ने बताया कि खुलासा के लिए तीन टीमें बनाई गई हैं। दुष्कर्म के बारे में जानने के लिए स्लाइड तैयार की गई है। जिसे लैब भेजा जाएगा।

# सड़क हादसे ने छीन ली दो परिवारों की खुशी, महिला और बच्चे की मौत

कार्यालय संवाददाता, बदायूं/उसहैत


मृतक सूरज।


मृतका कमलेश।

- मुजरिया क्षेत्र में कार ने बाइक और उहसैत क्षेत्र में बाइक सवार ने बच्चे को मारी टक्कर, एक घायल

**अमृत विचार :** अलग-अलग थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसों में एक महिला और बच्चे की मौत हो गई जबकि महिला का पति घायल हो गया। दोनों परिवारों में कोहराम मच गया। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर दोनों शव उनके परिजनों को सौंप दिए।

थाना वजीरगंज क्षेत्र के गांव बेहटरा भमौरी निवासी अनेक पाल अपनी पत्नी कमलेश (36) बुधवार को बाइक से अपनी गांव ज्योरा पारवारा निवासी बहन की बेटी के मौत के मातम में गए थे। जहां अंतिम संस्कार में शामिल होकर बाइक से वापस घर जा रहे थे। थाना मुजरिया क्षेत्र में मुजरिया-कछला मार्ग के गांव अलीगंज के पास सगराय मोड़ पर तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। बाइक सवार दंपती गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। महिला की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल और यहां से बरेली हायर सेंटर रेफर किया गया। बरेली ले जाते समय महिला ने दम तोड़ दिया।

वहीं, पुलिस ने कार थाने पर खड़ी कराई। जिसका चालक दिल्ली निवासी सन्ना मनोज पुलिस की हिरासत में है। वह गांव परमू में आयोजित शादी समारोह में आया था। वहीं दूसरा हादसा थाना उसहैत क्षेत्र में हुआ। गांव मिर्जापुर अतिराज निवासी रमेश वाल्मीकि का 12 साल का बेटा सूरज गांव के परिषदीय विद्यालय में कक्षा चार का छात्र था। सोमवार सुबह अपने घर के बाहर अन्य बच्चों के साथ खेल रहा था। बच्चे खेलते समय गांव के बाहर चले गया।

वह गांव मिर्जापुर और वसुंदरा जाने वाली सड़क पार कर रहा था। उसहैत की ओर से तेज रफ्तार से बाइक सवार ने उसे टक्कर मार दी। वह दूर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। साथी बच्चों ने ग्रामीणों को सूचना दी। परिजन घटनास्थल पर पहुंचे। घायल को म्याऊं के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार सिंह ने बताया कि हादसे में बच्चे की मौत हुई थी। उसे टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश की जा रही है।

# हत्या के आरोपी को उम्रकैद की सजा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- न्यायाधीश ने सुनाया फैसला, 12 हजार रुपये डाला जुर्माना
- आरोपी के फरार होने के चलते उसके खिलाफ जारी हुआ वारंट

**अमृत विचार :** किशोर की गन्ने के खेत में गोली मारकर हत्या करने के आरोपी को विशेष न्यायाधीश ईसी एक्ट रिंकू ने आजीवन कारावास समेत 12 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। सजा के समय दोषी के फरार होने की वजह से उसके खिलाफ वारंट जारी किया गया है।

अभियोजन पक्ष के अनुसार थाना कादरचौक क्षेत्र के गांव लक्ष्मण नगला निवासी रामवेश पुत्र अनार सिंह ने 26 जून 2012 को पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनका 16 वर्षीय बेटा अर्जुन सुबह साढ़े 9 बजे शौच के लिए खेत पर गया था। जिला कासगंज के थाना गंजडुंडवारा क्षेत्र के गांव बरा निवासी कंचन पुत्र सूबेदार, राजेंद्र पुत्र सुगर सिंह और किताब सिंह पुत्र बाबूराम खेत पर अर्जुन के पास पहुंचे। उन्होंने गोली मारकर अर्जुन की हत्या कर दी। फायरिंग आवाज सुनकर खेतों पर मौजूद किसान पहुंचे। आरोपी तमंचे लहराते हुए भाग गए। पुलिस ने तीनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। तत्कालीन थानाध्यक्ष विजय कुमार सिंह ने जांच के बाद आरोप पत्र दाखिल किया। न्यायालय में राजेंद्र पुत्र सुगर सिंह के खिलाफ किशोर की गोली मारकर हत्या करने का मुकदमा चलाया गया। न्यायाधीश ने पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य का अवलोकन किया। एडीजीसी सुधीर कुमार मिश्रा और बचाव पक्ष के अधिवक्ता की दलील सुनने के बाद पुलिस ने आरोपी राजेंद्र को दोषी पाते हुए सजा सुनाई है।

# घायल मरीज से रुपये मांगने की जांच

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- डॉक्टर से होगी पूछताछ, दर्ज होंगे बयान, कार्यवाही शुरू
- जिला अस्पताल में डॉक्टरी मुआयना के रुपये मांगने का मामला

**अमृत विचार :** घायल मरीज से डॉक्टरी मुआयना के नाम पर रुपये मांगने के मामले में दो वार्ड ब्वाय को सस्पेंड करने के बाद डॉक्टर से जवाब तलब किया गया है। डॉक्टर तीन दिन के अंदर अपनी स्पष्टीकरण देंगे।

तीन दिन पहले एक युवक ने अपनी पत्नी की नाक पर वार कर दिया था जिससे महिला घायल हो गयी थी। महिला के मायके वाले मौके पर पहुंच गए और पुलिस को सूचना देने के बाद घायल को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जिला अस्पताल में 27 को महिला का डॉक्टरी मुआयना किया गया। आरोप है डॉक्टरी मुआयना करने वाले डॉक्टर ने महिला से रुपये मांगे। न देने पर उक्त चिकित्सक ने डॉक्टरी मुआयना रिपोर्ट ठीक नहीं बनाई, जिसके बाद पीड़ित परिवार ने हंगामा कर दिया।

> रुपये मांगने के प्रकरण में डॉक्टर को तीन दिन का समय दिया गया है। स्पष्टीकरण नहीं मिलने पर एक्शन लिया जाएगा। डॉक्टर के बयान लिए जाएंगे। घटना के समय उनके साथ कौन था। किसने रुपये की मांग की। कई बिंदुओं में जांचकर दो दिन के अंदर कार्रवाई की जाएगी। – **डा. कप्तान सिंह**, सीएमएस

इस घटना की सूचना अस्पताल कर्मचारियों ने पुलिस को भी दे दी लेकिन पुलिस नहीं पहुंची। खबर सुनते ही कई अन्य चिकित्सक भी मौके पर पहुंच गए। इसकी जानकारी देर शाम सीएमएस डा. कप्तान सिंह को मिली। उन्होंने उक्त चिकित्सक और दो वार्ड ब्वाय को बुला कर पूछताछ की। पूछताछ के बाद सीएमएस ने दोनों वार्ड ब्वाय को 28 फरवरी को सस्पेंड कर दिया और डॉक्टर से तीन दिन के अंदर स्पष्टीकरण देने को कहा है।

**एडी हेल्थ के समक्ष भी उठा चुका है मुद्दा :** जिला अस्पताल में इस तरह की घटनाएं आम हो गयी हैं। अब यह घटना चूंकि महिला से संबंधित थी। हंगामा हो जाने के कारण लोगों को इसकी जानकारी हो गयी। कई बार यह प्रकरण एडी हेल्थ के समक्ष भी उठाया गया मगर किसी तरह की कार्रवाई नहीं हो सकी।

# घर नहीं लौटी शौच को गई किशोरी

**विजय नगला, अमृत विचार :** थाना मूसाझाग क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 25 फरवरी की रात लगभग 11 बजे उनकी नाबालिग बेटी शौच के लिए जंगल में गई थी। जिसके बाद से वह घर वापस नहीं लौटी। परिजनों ने गांव, जंगल से लेकर रिश्तेदारी में तलाश किया लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। ग्रामीणों से पूछताछ करने पर पता चला कि गांव निवासी प्रदीप, संजीव, इंद्रपाल, सुरेश, श्रीदेवी उनके बेटी को बहला फुसलाकर ले गए हैं। वह उन लोगों के घर पहुंचे। अपनी बेटी वापस करने को कहा तो वह झगड़ा करने पर आमादा हो गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने पांचों आरोपियों के खिलाफ अपहरण के आरोप में रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

# बच्चों के विवाद में गर्भवती से मारपीट

संवाददाता, विजय नगला

- मारपीट के दौरान पेट पर बैठी दूसरी महिला
- पीड़िता की तहरीर पर चार पर दर्ज हुई रिपोर्ट

**अमृत विचार :** बच्चों के विवाद में दंपती समेत चार लोगों ने तीन महीने की गर्भवती महिला को पीटा। एक महिला उसे जमीन पर गिराकर पेट पर बैठ गई। बचाने आए उसके पति से भी मारपीट की। पीड़ित महिला ने तहरीर दी। पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र के गांव मानपुर कुलचौरा निवासी मिथलेश पत्नी बिजनेश ने तहरीर देकर बताया कि 25 फरवरी शाम सात बजे उनका तीन साल का बेटा सोनू अपने ट्रैक्टर पर बैठा था। उसी दौरान राजीव के बेटे ने उसे लात मारकर ट्रैक्टर से नीचे गिरा दिया। मिथलेश ने लात मारने वाले बच्चे से कहा कि बेटा यह ट्रैक्टर सोनू का ही है। इसी बात पर पास में ही खड़ी गुड्डो और उनके पति वीरेश पाल ने मिथलेश और उनके पति बिजनेश से हाथापाई की। वीरेश ने उनके पेट में लात मार दी जबकि वह तीन महीने की गर्भवती हैं। आरोप है कि सुमित, राजीव, गुड्डो ने मिथलेश के बाल पकड़कर खींचा और जमीन पर गिरा दिया। गुड्डो उनके पेट पर बैठ गई। जान से मारने की धमकी दी। गांव के अन्य लोगों ने बीच बचाव कराया। महिला के अनुसार मारपीट की वजह से उसके गर्भपात होने की आंशका बनी हुई है। तहरीर पर पुलिस ने आरोपी सुमित, राजीव, गुड्डो और वीरेश पाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# किशोरी से दुष्कर्म और हत्या के प्रयास में तीन लोगों को दस साल की सजा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** किशोरी से दुष्कर्म और हत्या के प्रयास में तीन दोषियों को विशेष न्यायालय पॉक्सो एक्ट के न्यायाधीश सौरभ सक्सेना ने 10-10 साल की कठोर कारावास व30-30 हजार जुर्माना की सजा सुनाई है। जिसकी 90 प्रतिशत धनराशि पीड़िता को देने का आदेश दिया है।

अभियोजन पक्ष के अनुसार थाना जरीफनगर क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने 15 सितंबर 2014 को तहरीर दी थी। बताया कि उनकी 13 साल की बेटी और बेटा घर पर सो रहे थे। रात लगभग 12 बजे घर में खटपट की आवाज आई। वह जागे तो देखा उनकी घर में छह लोग घुस आए थे। गांव निवासी चंद्रपाल, रामचरण और भूशंकर भी थे। उनकी बेटी के साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया। विरोध करने पर चाकू से हमला करके जान से मारने की कोशिश की। आरोपी घर से दो लाख रुपये के आभूषण लेकर भागने लगे। परिजनों ने चंद्रपाल व रामचरण को पकड़ लिया। बाकी भागने में सफल रहे। पुलिस ने तहरीर के आधार पर तीनों को नामजद करते हुए तीन अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। न्यायालय में तीनों आरोपियों के खिलाफ आदि घाराओं में मुकदमा चलाया गया। अभियोजन पक्ष की विशेष लोक अभियोजक प्रदीप भारती और बचाव पक्ष के अधिवक्ता की दलीलों को सुनने के तीनों आरोपियों को दोषी पाते हुए सजा सुनाई।

### किशोरी को भगाकर ले जाने के दोषी को सात साल की जेल

**बदायूं।** किशोरी को फुसलाकर ले जाने के आरोपी को विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट के न्यायाधीश दीपक यादव ने सात साल की कैद समेत पांच हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना की आधी धनराशि पीड़िता को देने का आदेश दिया है। अभियोजन पक्ष के अनुसार वादी मुकदमा ने थाना बिनावर पुलिस को 13 मई 2022 को तहरीर देकर बताया था कि 12 मई की रात वह अपने घर की छत पर सो रहे थे जबकि कक्षा 8वीं में पढ़ने वाली उनकी 17 साल की बेटी नीचे कमरे में सो रही थी। वह सुबह 3 बजे जागे। कमरे में गए तो बेटी नहीं थी। इधर-उधर तलाश करने के बाद भी वह नहीं मिली। आरोप लगाया था कि जिला हाथरस निवासी जितेंद्र सिंह उनकी बेटी को बहला-फुसलाकर ले गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। न्यायालय में हाथरस की कोतवाली क्षेत्र के गांव गढ़ी तमन्ना चामुंडा निवासी जितेंद्र सिंह पुत्र मदन के खिलाफ किशोरी को फुसलाकर भगा ले जाने के आरोप का मुकदमा चलाया गया। न्यायाधीश ने पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य का अवलोकन किया। अभियोजन पक्ष से विशेष लोक अभियोजक अमोल जौहरी और बचाव पक्ष के अधिवक्ता की दलीलों को सुनने के बाद आरोपी को दोषी पाते हुए सात साज की सजा समेत पांच हजार रुपये जुर्माना लगाया।

# लूट के दो दोषियों को पांच साल की सजा

**बदायूं, अमृत विचार :** विशेष न्यायाधीश दस्यु प्रभावित क्षेत्र योगेश कुमार ने लूट करने के दो आरोपियों को पांच साल की कैद और 10 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। अभियोजक पक्ष के अनुसार थाना कुंवरगांव क्षेत्र के गांव अर्सिस निवासी अतेंद्र पाल ने 20 जुलाई 2012 को तहरीर दी थी। इसमें उन्होंने बताया कि उसी दिन शाम को वह अपनी बहन राजकुमारी को विदा करने अपने पिता के साथ बाइक से जा रहे थे। रास्तें में बाइक सवार तीन लोगों ने उनके पिता के सिर में डंडा मार कर राजकुमारी के कुंडल, जेवरी, दो अंगूठी लूट ली। तीनों बदमाश मौके से भाग गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की थी। आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया। न्यायालय में बबले, भगवान दास के खिलाफ मुकदमा चलाया गया। विशेष लोक अभियोजक पशुपति नाथ श्रीवास्तव और बचाव पक्ष के अधिवक्ता की दलील सुनने के बाद कोर्ट ने दो लोगों को दोषी करार दिया।

तैयारी | आज से जनपद के 136 केंद्रों पर शुरू होगी गेहूं की खरीद

# बिना सत्यापन के 100 क्विंटल गेहूं बेच सकेंगे किसान

संवाददाता, बदायूं

- ज्यादा गेहूं बेचने के लिए किसानों को नहीं कराना पड़ेगा सत्यापन

**अमृत विचार:** आज से प्रदेश भर में गेहूं खरीद शुरू हो रही है। इसके लिए शासन की ओर से नीति को जारी कर दिया है। जिसके तहत किसान सौ क्विंटल तक गेहूं बिना सत्यापन के क्रय केंद्रों पर बेच सकेंगे। इसके अलावा बटाईदारों का भी गेहूं सरकारी केंद्रों पर खरीदा जाएगा।

गेहूं खरीद के लिए खाद्य विपणन विभाग द्वारा 136 क्रय केंद्र सभी तहसीलों के ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित किए गए हैं। इनके क्रय केंद्रों पर आज एक मार्च से समर्थन मूल्य पर खरीद शुरू हो जाएगी। विभाग ने किसानों से पंजीकरण कराते हुए फसल बिक्री कर योजना का लाभ लेने की अपील की है। अभी तक 100 क्विंटल से अधिक का उत्पाद बेचने पर किसानों को तहसील से सत्यापन कराना होता है। यह किसानों के लिए सबसे परेशानी वाला आदेश था। सत्यापन के नाम पर किसानों का शोषण होता था।

> आज से गेहूं खरीद शुरु जाएगी। इसके लिए सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। शासन की ओर से नीति जारी कर दी गई है। इस बार किसान सौ क्विंटल तक अपना गेहूं बिना सत्यापन के बेच सकेंगे। बटाईदार का भी गेहूं खरीदा जाएगा। – **अतुल कुमार वशिष्ठ**, डिप्टी आरएमओ।

सरकारी खरीद को गति नहीं मिल पाती थी। इसके लिए क्रय केंद्रों पर तैनात प्रभारियों को दिक्कतें होती थी। इस बार की नीति में किसानों को सत्यापन प्रक्रिया से दूर कर दिया गया है। बटाईदारों को भी सरकारी केंद्रों पर उपज बेचने का मौका दिया गया है।

### गेहूं खरीद से संबंधित शिकायतों को खुला कंट्रोल रूम

**बदायूं।** जिले में गेहूं खरीद शुरू हो रही है। शासन से घोषित समर्थन मूल्य पर किसानों से 136 क्रय केंद्रों के माध्यम से गेहूं की खरीद की जाएगी। इस दौरान आने वाली शिकायतों को सुनने और उनका निस्तारण करने के लिए खाद्य विपणन कार्यालय में कंट्रोल रूम खोला गया है। किसान दूरभाष नंबर 05832-266127 पर अपनी शिकायतें दर्ज करा सकते हैं। जिला खाद्य विपणन अधिकारी अतुल कुमार वशिष्ठ ने कंट्रोल रूम कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। कनिष्ठ लिपिक खेमकरनलाल को कंट्रोल रूम का प्रभारी बनाया गया है। किसान इनके मोबाइल नंबर 8630044923 पर भी अपनी शिकायतें दर्ज कर सकते हैं। इनके अलावा संजू रानी, विपणन सहायक को कन्ट्रोल रूम में सहायक के रूप में लगाया गया है। बताया कि कन्ट्रोल रूम समय प्रात: 09.00 बजे से सांय 06.00 बजे तक क्रियाशील रहेगा।

### 1350 किसानों ने कराया पंजीकरण

गेहूं को सरकारी क्रय केंद्रों पर बिक्री करने के लिए जिले भर में 1350 किसानों ने अभी तक पंजीकरण कराया है। आज से शुरू हो रही गेहूं खरीद के लिए सभी व्यवस्थाओं को विभाग द्वारा पूरा कर लिया गया है।

### 2275 समर्थन मूल्य पर होगी गेहूं की खरीद

शासन ने इस बार गेहूं का समर्थन मूल्य 2275 रुपये निर्धारित किया है। नई क्रय नीति से किसानों को और भी कई फायदे होंगे। डिप्टी आरएमओ द्वारा सभी प्रभारियों को किसानों तक शासन की बात पहुंचाने और क्रय केंद्रों पर उपज बेचने के लिए जागरूक करते हुए पंजीकरण कराने और टोकन सिस्टम से नियमानुसार खरीद करने के निर्देश दिए गए हैं।

बिना ऑपरेशन गुर्दे की पथरी का इलाज होम्योपैथी द्वारा

सिन्कोना होम्योपैथिक सेन्टर



डा. ब्रजेश कुमार
होम्योपैथिक फिजीशियन
बी.एच.एम.एस. (आगरा)

सम्पर्क करें :
9058575790
8077383286

- चर्म रोग (सोराइसिस, दाद, एक्जीमा, मस्से इत्यादि)
- बच्चों का रात में बिस्तर गीला कर देना
- बालों का झड़ना, गंजापन, बालों की सफेदी
- महिलाओं की माहवारी सम्बन्धित समस्याऐं ल्यूकोरिया आदि
- बवासीर, फिशर
- मानसिक रोग (डिप्रेशन)
- चेहरे के कील, मुहांसे
- मिर्गी
- माइग्रेन (आधे सिर का दर्द)
- ब्लड प्रेशर, शुगर
- सियाटिका का दर्द
- मानसिक दुर्बलता
- मोटापा
- पेट संबंधी रोग, जिगर के रोग
- साइनस
- टॉसिंल का बढ़ जाना
- थायराइड
- जोड़ों का दर्द
- गुप्त रोग

पता :
116 बी-1, मॉडल टाउन, स्टेडियम रोड, (निकट संजय नगर पेट्रोल पम्प) बरेली

समय :
सोमवार से शनिवार
प्रात: 11 बजे से 4 बजे तक, शाम 6 बजे से रात 9 बजे तक
रविवार
12 बजे से 2 बजे तक

जे.पी. क्लीनिक

डा. जितेन्द्र पाल सिंह
B.A.M.S., (Kanpur)
Ex. H.O. जिला अस्पताल
फेमिली फिजीशियन

- दाँद, खाँज, खुजली, मुँहासे का इलाज
- बच्चों के जिगर, सूखा रोग एवं काली खाँसी का इलाज
- जोड़ों, घुटनों व गठियाँ के दर्द का इलाज।
- गुर्दो की पथरी (Kidney Stone) व गदूद (Prostate) का इलाज

बच्चों के सूखा रोग का तेल मुफ्त दिया जाता है।

हमारे यहाँ भफारा (Nebuliser) मुफ्त दिया जाता है

पता : बाजार सन्दल खान, निकट दूल्हा मियाँ की मजार, किला सिटी स्टेशन रोड, बरेली मो. 8791532206

सुबह 11 से 3 बजे तक
सायं 7.30 से 9.30 बजे तक
रविवार अवकाश

दाँतों में तकलीफ
अब कोई चिन्ता नहीं!



ग्लोबल डेन्टल हॉस्पिटल एण्ड इम्पलान्ट सेन्टर
Associated with Asia's No.1 Dental Lab



डॉ० एम.बी. गौतम
(डायरेक्टर)
बी.डी.एस., डी.डी.टी., एस.एम.एफ. (LKO)
Consultant & Cosmetic Dental Surgeon
PGD in Laser Surgery, Implantologist, (Korea)
(वरिष्ठ मुख एवं दन्त रोग विशेषज्ञ)
सम्पर्क करें:- 9997317000, 9412738720

प्रभा टाकीज, के ठीक सामने,
151 रामपुर गार्डन, फर्स्ट फ्लोर, बरेली

डॉ० अतुल कुमार
बी.डी.एस., एम.डी.एस. आर्थोडोन्टिक्स
Specialist : INVISIBLE & ALIGNERS LINGUAL BRACES

डॉ० संजय मजूमदार
बी.डी.एस., एफ.आई.सी.ओ.आई.
(इम्पलान्टोलॉजिस्ट यू.एस.ए.)
एम.डी.एस. (औरल एण्ड मैक्सिलोफेशियल सर्जरी)
पी.जी.डी. लेजर सर्जरी (यूनिवर्सिटी कौलीफोर्निया)
मेक्सिलोफेशियल सर्जन एण्ड इम्पलान्टोलॉजिस्ट
मुख एवं टूटे हुए जबड़े
(फ्रैक्चर) दाँत व चेहरे व अक्कल दाढ़ की सर्जरी के विशेषज्ञ

Our Aim to important a healthy & Beautiful Smile to our Patient



उपलब्ध सुविधायें :
◆शादी से पहले स्माईल डिजाइन अवश्य करायें। ◆दाँतों की सफाई विदेशी तकनीक द्वारा (Ultrasonic scaler) ◆हिलते हुए दाँतों को जाम करना। ◆दाँतों की नसों का इलाज (Root Canal Treatment, Single Siting RCT) ◆मसूड़ों से खून आना/बदबू आना व पायरिया का इलाज। ◆दाँतों में ठण्डा व गर्म पानी लगने का इलाज। ◆सड़े-गले दाँतों को बिना तकलीफ के निकालना। (Painless) ◆दाँतों के रंग का मासाला भरना। (Laser Filing) ◆टेड़े-मेढ़े, बाहर निकले हुए दाँतों का इलाज। (Fix Braces/Aligner) ◆डेन्टल इम्प्लांट द्वारा दाँत लगाना। (Zirconia Crown/Bridges) ◆मुलायम जबड़े की बत्तीसी (Flexible/RPD) ◆गुटखे की वजह से मुँह कम खुलने का इलाज। ◆एक्सीडेन्टल टूटे-जबड़े व अक्कल दाढ़ की सर्जरी की सुविधा। ◆एडवान्स एक्स-रे यनिट

Morning Time:- 10:00 AM to 4:00 PM
Evening Time:- 5:00 PM to 8:00 PM
Emergency 24 Hour

5 साल से 11 साल के बच्चों की दाँतों की विशेष देखभाल एवं 60 वर्ष के वरिष्ठ नागरिक शिक्षक/शस्त्रसेना/पुलिस/ग्राम प्रधान/नगर पंचायत/चेयरमैन/स्वास्थ्य विभाग/प्रेस रिपोर्टर/स्वतंत्रता सेनानी

# ट्यूबवेल की कोठरी में फंदे पर मिला युवक का शव

- गांव वन बेहटा में फोन पर बातचीत करते खेत की तरफ गया
- कुछ देर बाद ग्रामीणों ने शव देखकर पुलिस को दी सूचना, मचा कोहराम

**बिल्सी, अमृत विचार :** कोतवाली बिल्सी क्षेत्र के एक गांव में स्थित ट्यूबवेल की कोठरी में युवक का शव फंदे पर लटका मिला। परिजनों में चीत्कार मच गई।

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है। गुरुवार दोपहर गांव वन बेहटा निवासी सुमित कुमार उर्फ कारे (26) पुत्र विनोद सिंह के पास किसी का फोन आया था। कुछ देर फोन पर बात करने के बाद वह खेत की ओर चले गए। दोपहर लगभग साढ़े तीन बजे ग्रामीणों ने उनका शव गांव के पास बने ट्यूबवेल की कोठरी में लटका देखा। ग्रामीणों की भीड़ लग गई। चीत्कार करते परिजन मौके पर पहुंचे। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जिसकी रिपोर्ट के बाद मौत का कारण स्पष्ट होगा। अपराध निरीक्षक उमेश कुमार ने बताया कि ट्यूबवेल की कोठरी में युवक का शव मिला था। जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

चरक पैथलैब
विश्वसनीय परिणाम
स्वास्थ्य जाँच पैकेज की व्यापक रेंज
जाँचों पर विशेष छूट
समस्त प्रकार की खून जांचे उपलब्ध
39-बी, एकता नगर, वाट बाजार के पास, नीरज लाईफ केयर हॉस्पिटल के सामने, बरेली
मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक
घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com

डॉ. गयास अहमद
MBBS, DCH, DNB (Paediatric) NEW DELHI
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
भू.पू. चिकित्सक सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली
NEW BORN AND CHILD CARE CLINIC
1. मुंशी नगर गेट, डेलापीर मण्डी, पीलीभीत रोड, बरेली
समय – प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक, शाम 4 बजे से 8 बजे तक
सुविधायें :- ♦ वेन्टीलेटर/BIPAP/CPAP युक्त NICU/PICU की सुविधा, ♦ प्रीमेच्योर बच्चों के लिए सफेक्टेन्ट एवं विशेष देखभाल की सुविधा, ♦ नवजात निमोनिया व जन्मजात दौरे पड़ने का इलाज, ♦ पीलिया का इलाज, ♦ दिमागी बुखार, ♦ मलेरिया, डेंगू, टायफाइड का इलाज
HELP LINE - 7017920279, 8920198518

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

हार्ट केयर एण्ड मेडिकल सेन्टर
66-MES कॉलोनी, वैशमार्बल व गुप्ता ट्रेडर्स के सामने, 100 फुटा रोड, बरेली
रेनबो हॉस्पिटल
प्रेम नर्सरी के सामने, मिनी बाईपास रोड, कर्मचारी नगर, बरेली
हृदय रोगियों के लिये खुशखबरी
बिना ऑपरेशन बिना भर्ती के हृदय के नेचुरल बायपास EECP Treatment के द्वारा सम्भव
डॉ. राकेश मिश्रा
MD, Physician, Dip. Card.
वरिष्ठ फिजिशियन व हृदय रोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक -मेदांता एवं फोर्टिस, गुडगांव
ECG, Echo, TMT, Holter की सुविधा
व्यक्तिगत परामर्श के लिए सम्पर्क करें
7249939977
7088003322

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157

डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSL) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
आयुष्मान योजना अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ मुफ्त
MIZAN E.N.T. & URO Care Centre
निकट आयरिश लॉन पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
सुबह 10.30 से 11.30 तक शाम 7 से 8 बजे तक
8394838281, 9897838286
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर
स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक
हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री मोतियाबिन्द व नाखूना के ऑपरेशन
TPA कैशलेस की सुविधा,
ECHS द्वारा मोतियाबिन्द की सुविधा
नेत्र सर्जन
डॉ. आफताब आलम
एम.बी.बी.एस., डी.ओ.एम.एस. (ए.एम.यू.)
रोहिलखंड रत्न व अचीवर अवार्ड से सम्मानित
मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की शुरूआत मात्र 2000/- रु. से
मिलने का समय-प्रातः 10 से 3 बजे तक, शाम : 6 से 8 बजे तक
डॉ. आफताब आई केयर मो. 9758934778
ऑर्थोडेन्ट क्लीनिक, निकट आकाश पुरम गेट, जगतपुर रोड, बरेली

## कछला पुल के नीचे युवक का शव मिला

**कछला, अमृत विचार :** उझानी कोतवाली क्षेत्र में कछला स्थित भागीरथी घाट के पुल के नीचे एक युवक का शव मिला। जिसकी उम्र लगभग 45 साल है। जो सफेद रंग का कुर्ता, नीने रंग की हाफ जैकेट, हल्के नीले रंग का तहमद आदि पहने है। उसके सिर पर चोट के निशान हैं। लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसकी जेब की तलाशी ली। जेब से एक टोपी मिली। पुलिस ने उसका फोटो वायरल किया। कछला के वार्ड 9 निवासी सन्नो ने उसकी शिनाख्त अपने पति कादर खान पुत्र बशीरुद्दीन के रूप में की। चौकी इंचार्ज हरवीर सिंह ने बताया कि रेलवे पुल से गिरने की वजह से मौत का अंदेशा है। पोस्टमार्टम के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## बाबट हरीनगला की टीम रही विजेता, किया सम्मान

**कुंवरगांव।** बाबट शिव मंदिर पर बरेली की नेशन डेवलपमेंट यूथ फाउंडेशन के द्वारा कबड्डी चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। इसमें बाबट हरी नगला की टीम विजयी घोषित की गयी। फाइनल मैच बाबट, मजरा, हरीनगला और मोगर की टीम के बीच खेला गया। बाबट हरीनगला के बीच चार घंटे के कड़े मुकाबले में बाबट हरीनगला को 29 अंक और मोगर के 27 अंक रहे, बाबट हरीनगला कबड्डी टीम को विजेता घोषित किया गया इस मौके पर मुख्य अतिथि सुधीर श्रीवास्तव जिला महामंत्री बीजेपी, विशिष्ट अतिथि मोहित शर्मा एवं संदीप यादव रहे। संस्था की तरफ से गांव के सभी सम्मानित व्यक्तियों को सम्मान दिया गया। आयोजन कमेटी में संस्था के अध्यक्ष सुनील कुमार श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष चक्रेश कश्यप, जिला उपाध्यक्ष राजकुमार पटेल, सौरभ कुमार प्रजापति, विनय कुमार, अखिलेश कुमार (रेफरी) आदि लोग मौजूद रहे।

## घर में लगी आग, लाखों का सामान जला

**बदायूं।** थाना अलापुर क्षेत्र के गांव चौड़ेरा शिकारपुर निवासी श्यामवीर पुत्र जयपाल का घर गांव के बाहर है जहां वह कृषि यंत्रों को खड़ा करते हैं। गुरुवार दोपहर उनके घर में अचानक आग लग गई। यहां रखा सामान जलकर राख हो गया। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। श्यामवीर ने बताया कि तीन दिन पहले गांव के कुछ लोगों से उनका विवाद हुआ था। उन लोगों ने ही आग लगाई है। उनके अनुसार लगभग 20 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

## पत्नी से विवाद के बाद युवक ने लगाया फंदा

**कछला।** कोतवाली उझानी क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने फंदा लगाकर जान दे दी। ग्रामीणों के अनुसार कुछ दिनों से उसका अपनी पत्नी के साथ विवाद चल रहा था। वह अवसाद में आ गया था। विवाद का निपटारा कराने के लिए उसके ससुराल पक्ष के लोग घर आए थे। रात में खेत पर फसल की रखवाली की बात कहकर वह घर से निकला। पेड़ पर फंदा लगाकर जान दे दी। गुरुवार सुबह शव देखकर परिजनों में चीत्कार मच गई। परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बिना अंतिम संस्कार कर दिया।

## एसएसपी से न्याय की गुहार लगाई

**सहसवान।** पीड़ित महिला ने एसएसपी को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने गांव के ही मोहब्बत, भूरे, नसरत, निजाकत आदि लोगों पर मारपीट कर अश्लीलता करने का आरोप लगाया है। पीड़िता का आरोप है कि 25 फरवरी को मोहब्बत, भूरे, नुसरत व निजाकत ने गाली गलौज मारपीट कर अश्लील हरकतें करते हुए जान से मारने की धमकी दी थी, जिसकी सूचना पुलिस को दी गयी। पीड़ित महिला का आरोप है कि स्थानीय पुलिस ने उपरोक्त लोगों पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की है।

खबरें पेज आठ पर भी...

आखिर कब तक शर्माते रहोगे



हर उम्र में जबरदस्त
ताकत व रुकावट
प्राप्त करें
शीघ्रपतन, शुक्राणुओं की कमी
बवासीर, शुगर व निःसंतान
रोगी मिलें

मैं नीरज कुमार, आंवला निवासी हूं मैनें बचपन में अपने हाथों से अपना जीवन खराब कर लिया था काफी जगह ईलाज कराया परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ फिर मेरे दोस्त ने डा. शेख के बारे में बताया वहां मैनें 40 दिन ईलाज कराया आज में पूरी तरह अपने वैवाहिक जीवन का आनंद उठा रहा हूं अगर आप भी नामर्दी, घात, स्वप्नदोष, शीघ्रपतन जैसी बिमारियों से परेशान हैं तो डाक्टर शेख से मिलकर बिमारियों से छुटकारा पायें।

मैं अकील खान, शाहजहांपुर निवासी हूं मुझे शीघ्रपतन की बिमारी थी। काफी नीम हकीमों से ईलाज कराया परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ मैं इस बिमारी के कारण अपनी घरवाली से भी आंख नहीं मिला पाता था। क्योंकि सेक्स के समय मेरा वीर्य एक या दो मिनट में ही निकल जाता था जिस कारण घरवाली संतुष्ट नहीं हो पाती थी। फिर मैंने डा.शेख से सम्पर्क किया आज मैं पूरी तरीके से ठीक हूं मेरा टाईम तकरीबन 15 से 20 मिनट बढ गया है।

मैं सतीस, उम्र 55 साल है मैं पीलीभीत निवासी हूं मुझे डायबिटीज है। डायबिटीज के कारण मेरा सेक्स पूरी तरह से खत्म हो गया था काफी ईलाज कराया कोई फायदा नहीं हुआ फिर मैं डा. शेख से मिला। डा.शेख ने शुगर के साथ मुझे मर्दाना कमजोरी की दवा भी दी। आज मेरी शुगर भी कंट्रोल है और मर्दाना ताकत भी पुनः वापस आ गई है। आज मैं फिर से जवान हो गया हूं।

मैं समीर, उम्र 35 साल है मैं रामपुर निवासी हूं मेरी शादी को 10 साल हो गये थे। मेरे वीर्य के अंदर शुक्राणुओं की संख्या बहुत कम थी जिसके कारण मैं पिता नहीं बन पा रहा था। बडे बडे अस्पताल वाले आईवीएफ (IVF) की सलाह दे रहे थे। फिर मैनें डा.शेख से सम्पर्क किया। डा.शेख ने मुझे 3 महीने का ईलाज दिया जिससे मेरे शुक्राणु 60 प्रतिशत हो गये और 2 महीने के बाद मेरी पत्नी गर्भवती हो गई। मैं डा.शेख का धन्यवाद करता हूं और आप लोगों से अपील करता हूं कि यदि आपके वीर्य में भी शुक्राणुओं की संख्या कम है तो डा. शेख से सम्पर्क करें।

मैं पूनम कुमारी, उम्र 25 साल है मैं बरेली की निवासी हूं मुझे सफेद पानी की काफी दिनों से शिकायत थी। ल्यूकोरिया की वजह से मेरी कमर व पैरों में दर्द रहता था मेरा वजन कम हो रहा था। मेरे चेहरे से रंगत जा रही थी मैं काफी ईलाज करा कर थक चूकी थी। फिर मैनें डा.शेख द्वारा निर्मित एल–7 कैप्सूल का उपयोग किया और साथ ही वी–16 पाउडर से गुप्तांग की सफाई की। जिससे मेरा सफेद पानी आना पूरी तरह से बंद हो गया और वेजाईना टाईट हो गया।

क्या आप यौन समस्याओं से परेशान हैं और इधर उधर ईलाज कराकर थक चूके हैं और इन बिमारियों को लाईलाज समझ चूके हैं जैसे नामर्दी, धात, शीघ्रपतन, शुक्राणुओं की कमी, माहवारी का कम या ज्यादा आना, स्तनों का बैडोल होना, जोडों का दर्द, शुगर, पेट रोग, किडनी रोग, हृदय रोग, निःसंतान दम्पति डा. शेख से सम्पर्क करें। डा. शेख के नाम से हिन्दुस्तान में 50 दवाखाने चल रहे हैं डा.शेख अपने मरीजों के लिये दवायें खुद तैयार करते हैं दवायें सहार हर्बल फार्मेसी में तैयार की जाती है। दवायें देश विदेश में लाखों मरीजों पर आजमाई हुई हैं। डा.शेख को अच्छे ईलाज के लिए अनेकों अवार्ड मिल चूके है जैसे Gold Medelist, Best Sexologist in India, Pride of Country, Kohinoor A Tibb, Chikitasak Ratan, Asia's Best Sexual Health Clinic

Highest 5 Star Rating in Google
भारत प्रसिद्ध
YouTube पर Search करें
गोल्ड मेडेलिस्ट
डा.शेख
Best Sexologist in india
मिलें हर मंगलवार
मालियों की पुलिया
बरेली
9837023223



खून के आंसू



हकीम
जहीर अहमद
जो लोग बचपन की गलतियों से अपनी जवानी बर्बाद कर चुके हैं जिनको
धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, निःसंतान रोगी (नशा छुड़वाये), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर, इन्दी का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊपर वाले मर्दो का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटनीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढ़ीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।
वह लोग जिनका विचारों से ही स्लखन हो जाता हो या वे भाई जिनकी उम्र ज्यादा हो वक्त पर बीबी से शर्मिन्दा रहते हो तुरन्त मिलें प्रत्येकः-
शनिवार रविवार
बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे, इस्लामियां मैदान के सामने, बरेली
मो. 9634499693



सैक्स रोगी मिलें
सैक्स रोगों का एकमात्र स्थायी समाधान



डॉ. रफीक
समय-रोजाना प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक (रविवार अवकाश)
बड़ी बिहार, निकट डेलापीर मण्डी, बरेली। मो. 9319929913
नामर्दी Impotance, नसों की कमजोरी, संभोग से घबराहट, उत्तेजना की कमी, स्त्रियों में सैक्स की इच्छा न होना, मानसिक तनाव आदि के लिए निःसंकोच मिलें।
ताकत, जोश, रुकावट और वैवाहिक जीवन का आनन्द उठाएं।

- शीघ्र पतन (Premature Ejaculation)
- धात रोग (Spermatorrhoea)
- स्वप्न दोष (Night Fall)
- वीर्य का पतलापन बगैरा का इलाज विशेष प्रकार की भस्मों, माजून, तिलों द्वारा किया जाता है।
- निल शुक्राणु (Azoospermia)
- शुक्राणुओं की कमी (Oligospermia)
- बांझपन (Sterility)
- सफेद पानी (Leucorrhoea)
- पेट में दर्द (Pelvic Pain)
- बार-बार गर्भपात होना

35 वर्षो का अनुभवी आयुर्वेदिका, यूनानी इलाज कराएं, जीवन में खुशियां लाएं।



ALA Herbal
ताकत, जोश, रुकावट का स्थायी समाधान
कैप्सूल मैनसूल (काम्बो पैक)



धात, शीघ्रपतन, नपुंसकता
के सम्पूर्ण समाधान के लिए इस पैक में तीन प्रकार के कैप्सूल है। तीनों तरह के एक-एक कैप्सूल दूध के साथ खाने से हर प्रकार की कमजोरी ठीक हो जाती है। यह शुक्राणुओं की कमी को दूर करता है। इम्युनिटी पावर को बढ़ाता है। Streess, Depression में लाभ करता है।
यह पूर्णतयः हर्बल है, इसका कोई साइड इफैक्ट नहीं है
Flipkart, Amazon पर उपलब्ध है।
Helpline No. 8439818102 7451039913
स्टॉकिस्ट
आरोग्य सदन बरेली
9837007202


# हर लाभार्थी को मिल रहा योजनाओं का लाभ



भरगैन में लाभार्थी को प्रमाण–पत्र सौंपते चेयरमैन चमन सेठ व अन्य।

संवददाता, भरगैन

- भरगैन में संकल्प यात्रा में लोगों को दी योजनाओं की जानकारी
- लाभार्थियों को बांटे प्रमाण-पत्र मुख्यमंत्री का संबोधन सुना

**अमृत विचार :** नगर पंचायत भरगैन के सरकारी बारात घर में विकसित भारत संकल्प यात्रा के उपलक्ष में कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें एलईडी के माध्यम से लोगों को केंद्र और राज्य प्रायोजित सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। लोगों ने प्रधानमंत्री के संबोधन को भी सुना।

गुरुवार को भरगैन में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत चेयरमैन चमन सेठ ने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार में जो तरक्की हासिल हुई, वह किसी और सरकारों में नहीं हुई। उन्होंने उज्ज्वला योजना, आयुष्मान कार्ड, किसान समृद्धि योजना, हर घर शौचालय, पीएम विश्वकर्म योजना, पीएम आवास योजना, आसरा योजना जैसी सहित कई अन्य योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए। उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार की सभी योजनाओं का लाभ सीधे लाभर्थी को मिल रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता मोनिश खान ने की। शादाब रज़ा क़ादरी, राजकुमार मौर्या, वीकेश, अखिलेश, सलाम, कैफ खान, अतहर अली, पूनम, रामनिवास मौजूद रहे।

# दुर्घटना में दो बाइक सवार और वृद्ध गंभीर घायल

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** शहर के लोहा बाजार लक्ष्मीगंज में तेज रफ्तार बाइक चालक ने राह चलते वृद्ध को टक्कर मार दी जिससे वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया। जिला अस्पताल से नाजुक हालत में उसे गहन चिकित्सा के लिए अलीगढ़ रेफर किया गया। घटना में घायल दो बाइक सवारों का उपचार जिला अस्पताल में किया जा रहा है।

शहर के मुहल्ला मोहन साहब वाला पेच निवासी 60 वर्षीय राज कुमार माहेश्वरी पुत्र मुन्नालाल माहेश्वरी अपनी निजी काम से पैदल जा रहे थे। जब वह शहर के लोहा बाजार लक्ष्मीगंज में थे तभी तेज रफ्तार बाइक लेकर गुजर रहे बाइक चालक ने उन्हें टक्कर मार दी। जिससे वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना में बाइक चालक रवेंद्र पुत्र महाराज सिंह निवासी मारहरा जिला एटा एवं बाइक सवार उसका साथी गरीबदार पुत्र रूपकिशोकर निवासी फुलगई सिकंद्राराऊ जिला हाथरस घायल हुआ। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां से गंभीर रूप से घायल वृद्ध को नाजुक हालत में अलीगढ़ रेफर किया गया।

### ट्रक की टक्कर से तीन घायल

गंजडुंडवारा कोतवाली क्षेत्र में ट्रक की टक्कर से बाइक सवार सौरभ पुत्र निमेश, सचिन पुत्र राकेश कुमार एवं रजत पुत्र सुनील निवासी छीतेर बहरोजपुर घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए पुलिस ने जिला अस्पताल पहुंचाया। यहां उपचार के बाद हालत गंभीर होने के कारण सचिन को गहन चिकित्सा के लिए अलीगढ़ रेफर किया गया।

# खेलो इंडिया में केए कॉलेज ने जीते दो पदक



खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम के विजेता पदक दिखाते हुए।

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- असम के गुवाहाटी में 22 से 29 फरवरी तक हुआ आयोजन

**अमृत विचार :** असम के गुवाहाटी में हुए खेलों इंडिया यूनिवर्सिटी गेम में कोठीवाल आढ़तियां महाविद्यालय के खिलाड़ियों ने दो पदक जीतकर विद्यालय का मान बढ़ाया। खिलाड़ियों ने एक रजत और एक कांस्य पदक जीता। विद्यालय प्रबंध समिति, शिक्षकों एवं खेल प्रेमियों ने विद्यालय की सफलता पर बधाई दी है।

कोठीवाल आढतियां महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद विभागाध्यक्ष डा. प्रवीण जादौन ने बताया कि खेलों इंडिया यूनिवर्सिटी गेम का आयोजन 22 से 29 फरवरी तक किया गया। महेंद्र प्रताप सिंह राज्य विश्व विद्यालय अलीगढ़ का प्रतिनिधित्व करते हुए 81 किलोग्राम बजन में कोठीवाल आढ़तियां महाविद्यालय के तनिश ने रजत एवं 73 किलोग्राम वजन वर्ग में अनिल ने कांस्य पदक जीता। उन्होंने बताया कि विजेता खिलाड़ियों का चयन अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय जूडों प्रतियोगिता एवं खेलों इंडिया यूनिवर्सिटी गेम प्रतियोगिता के लिए हुआ है। प्रबंध समिति के विनोद कुमार जैन, सहसचिव संतोष माहेश्वरी, प्राचार्य अशोक रुस्तगी, डा. मिथलेश वर्मा, डा. बिजेंद्र यादव, उमेश कुमार यादव, राधाकृष्ण दीक्षित, संतोष कुमार यादव, नरेश कुमार भारद्वाज ने हर्ष व्यक्त कर बधाई दी है।

## सड़क हादसों में तीन युवकों की मौत, एक घायल

**जसराना, अमृत विचार :** थाना जसराना के गांव मौहम्मदपुर निवासी रामकिशोर उर्फ भूरे (19) पुत्र संतोष कुमार पटीकरा पुल पर अज्ञात वाहन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को परिवारीजन उपचार के लिए जसराना के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आए। चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। वही शिकोहाबाद में स्टेशन रोड स्थित मेलावाला बाग के पास बाइक फिसलने से मिलावली खडीत निवासी दुष्यंत कुमार गंभीर घायल हो गये। परिजन एवं पुलिस उपचार के लिए सीएचसी लेकर आए। जहां हालत गंभीर होने पर रैफर कर दिया। वहीं थाना पचोखरा क्षेत्र में ट्रैक्टर की टक्कर से साइकिल सवार गांव धर्मपुर निवासी 22 वर्षीय रोहित पुत्र विजय सिंह की मौत हो गई।




## एक नजर

### गैंगस्टर का वांछित आरोपी गिरफ्तार

**कासगंज।** अमांपुर इंस्पेक्टर जगदीश चंद्र ने बताया कि वांछित आरोपी रघुनन्दन निवासी ग्राम महदवा थाना अमांपुर को गिरफ्तार किया है। उसके विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट में मुकदमा दर्ज था। जिसे पूछताछ के बाद न्यायालय के समक्ष पेश किया। जहां से जेल भेजने की कार्यवाही की गई है।

### विद्युत अधिनियम का वांछित आरोपी पकड़ा

**कासगंज।** थाना ढोलना पुलिस ने विद्युत अधिनियम के मामले में न्यायालय से वांछित चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर अजयवीर सिंह ने बताया कि आशाराम निवासी ग्राम वहटा थाना ढोलना को गिरफ्तार किया है। उसके विरुद्ध विद्युत चोरी का मामाला दर्ज था। पूछताछ के बाद उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया। जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है ।

### सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को दी विदाई

**एटा।** अधिवर्षता आयु पूर्ण करने वाले सेवानिवृत्त एसआई जबर सिंह, उनि वीरेन्द्र सिंह और मुख्य आरक्षी मान सिंह को अपर पुलिस अधीक्षक अपराध योगेन्द्र सिंह द्वारा शॉल ओढाकर तथा फूल मालाएं पहनाकर भावभीनी विदाई दी गई। विभाग को दिये गये योगदान की सराहना की गयी एवं सेवानिवृत्ति उपरांत भी पुलिस विभाग का यथासंभव सहयोग करने की अपेक्षा की गई ।

### मार पीटकर चलाई गोली रिपोर्ट दर्ज

**जैथरा।** जैथरा थाना क्षेत्र के ग्राम ततरई निवासी सुखवीर सिंह पुत्र सत्यराम सिंह ने बताया कि गांव के निासी शीशराम पुत्र रूपराम समेत पांच लोग एकराय होकर पीड़ित के घर में घुस आए। नामजद लोगों द्वारा पहले मारपीट की और बाद में हत्या के इरादे से गोली चलाई। जिससे मौके पर अफरा तफरी का माहौल बन गया। लोग इधर उधर छुप गए। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर चले गए। घटना की रिपोर्ट सुखवीर ने शीशराम समेत पांच लोगों के खिलाफ दर्ज कराई है। रिपोर्ट दर्ज करने के बाद पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# बेखौफ होकर डालें अपना वोट अराजक तत्वों पर होगी कार्रवाई

## डीएम व एसएसपी ने बूथों का किया निरीक्षण, जनता से संवाद

संवाददाता, एटा



**अमृत विचार:** जिला मजिस्ट्रेट जिला निर्वाचन अधिकारी प्रेम रंजन सिंह ने एसएसपी राजेश कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारियों, के साथ वल्नरेबल बूथ प्राथमिक पाठशाला भगीपुर, पूर्व माध्यमिक विद्यालय नगला धनी पहुंचकर ग्रामीणों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि लोक सभा चुनाव होने वाले हैं। बूथ पर किसी भी भी प्रकार की अराजकता स्वीकार नहीं की जाएगी।

डीएम ने कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान कराने में सभी ग्रामीणजन अपना सहयोग प्रदान करें। क्षेत्र में अराजकतत्वों पर प्रशासन एवं पुलिस द्वारा कड़ी नजर रखी जा रही है। वोट डालने से किसी भी व्यक्ति को रोकने अथवा अन्य चुनाव से संबंधित जानकारी थाना पुलिस, तहसील में दें। अराजकतत्वों का चिन्हांकन कर पाबंदी की कार्यवाही तहसील स्तर से अभी से कर ली जाए, जिससे कि निर्वाचन के दौरान कोई असुविधा न हो। डीएम ने जनसंवाद के दौरान ग्रामीणजनों को हिदायत दी कि आप सभी भली भांति अवगत हो लें, मतदान को प्रभावित करने वालों पर सख्त कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। एसएसपी राजेश कुमार सिंह ने कहा कि आयोग के निर्देशानुसार अभी से समस्त तैयारियां कर ली जाएं। बीट सिपाही, लेखपाल के साथ संयुक्त रूप से क्षेत्र में भ्रमण कर सघनता से अराजकतत्वों को चिन्हित कर कार्यवाही करें। वोटरों को डराने, धमकाने अथवा प्रलोभन देने पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। जनसंवाद के दौराप उपस्थित ग्रामीणजनों ने निष्पक्ष मतदान सम्पन्न कराने हेतु डीएम, एसएसपी को आश्वस्त किया।

## होलिका माता मंदिर के लिए उपलब्ध कराई जाए भूमि



पर्यटन एवं संस्कृतिक मंत्री जयवीर सिंह को मां सरस्वती का चित्र भेंट करते बौद्धिक विकास समिति के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, सोरोंजी

● होलिका बौद्धिक विकास समिति के प्रतिनिधिमंडल ने पर्यटन मंत्री से लखनऊ में की मुलाकात

**अमृत विचार :** होलिका बौद्धिक विकास समिति के प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को लखनऊ में पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह से मुलाकात कर तीर्थ नगरी में होलिका माता का मंदिर स्थापित कराए जाने के लिए भूमि उपलब्ध कराए जाने की मांग की। होलिका बौद्धिक विकास समिति के अध्यक्ष बीडी निषाद ने बताया कि सांस्कृतिक मंत्री द्वारा कार्यवाही के लिए डीएम को पत्र लिखा गया है। मंत्री ने पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया है। प्रतिनिधिमंडल में कैलाश निषाद, सतीश कश्यप, अरविंद कश्यप, रामकृपाल, रामदास कश्यप शामिल रहे।

## मनरेगा से भुगतान न होने पर भड़के ग्राम प्रधान, मस्टरोल फाड़े

**मिरहची अमृत विचार :** विकास खंड कार्यालय के बाहर बृहस्पतिवार को मनरेगा से भुगतान कराने के लिए मस्टरोल जमा करने प्रधान पहुंचे। बिना सुविधा शुल्क इसके जमा न करने पर भड़के ग्राम प्रधानों ने कार्यालय के सामने ही मस्टरोल फाड़कर आक्रोश जताया। ग्राम पंचायतों में करीब छह माह से मनरेगा मजदूरों के अटके पड़े भुगतान के लिए कई ग्राम प्रधान मस्टरोल जमा करने गए थे। उनका आरोप है कि बीडीओ ने बिना सुविधा शुल्क के मस्टरोल जमा करने से मना कर दिया। जिसे लेकर आक्रोशित प्रधानों ने रिश्वतखोरी बंद करो के नारे लगाते हुए मस्टरोल को फाड़ डाला। बीडीओ पर कार्रवाई और मजदूरों का भुगतान करने की मांग की। कार्यालय के बाहर करीब एक घंटे तक प्रधानों और बीडीओ के बीच नोकझोंक भी होती रही।भूप सिंह, दिनेश चंद्र, दानसहाय, ओमप्रकाश आदि प्रधानों का कहना है कि छह माह से मनरेगा मजदूरों का भुगतान नहीं किया जा रहा है। मजदूर हम लोगों को परेशान कर रहे हैं। खंड विकास अधिकारी पीएस आनंद का कहना है कि आरोप निराधार हैं। मस्टरोल 12 दिन के अंदर जमा करने होते हैं। 1 मार्च के बाद कभी जमा कर सकते हैं लेकिन ग्राम प्रधान अपनी मनमानी करने पर उतारू हैं।

## कंपनियों ने हड़पे रुपये, पीड़ितों ने किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, कासगंज



कलेक्ट्रेट पर डीएम को ज्ञापन देने जाते ठगी पीड़ित संघर्ष समिति के पदाधिकारी।

● अविनियमित निक्षेप स्कीम के तहत 15 हजार पीड़ित कर चुके हैं आवेदन

● ठगी पीड़ित संघर्ष समिति ने कलेक्ट्रेट पर किया प्रदर्शन, डीएम को दिया ज्ञापन

**अमृत विचार :** भारत की जनवादी नौजवान सभा द्वारा गठित ठगी पीड़ित संघर्ष समिति ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। डीएम को ज्ञापन देकर ठगी के शिकार व्यक्तियों की धनराशि कंपनियों से वापस कराए जाने की मांग की।

भारत की नजवादी नौजवान सभा के प्रदेश अध्यक्ष राज कुमार कुशवाह ने कहा कि जिले में हजारों व्यक्ति विभिन्न कंपनियों द्वारा ठगे जा चुके हैं। तमाम कंपनियां इन व्यक्तियों के करोड़ों रुपये लेकर भाग गई हैं।

जिले में अविनियमित निक्षेप स्कीम पाबंद अधिनियम के तहत जिले की तीनों तहसीलों से लगभग 15 हजार पीड़ित ठगी की धनराशि दिलाए जाने का आवेदन कर चुके हैं, लेकिन अभी तक कोई प्रक्रिया शुरू नहीं हुई है। उन्होंने कहा है कि जिला स्तर पर इसकी तत्काल प्रक्रिया की जाए। जिससे पीड़ितों को ठगी गई धनराशि वापस मिल सके। डीएम सुधा वर्मा ने ज्ञापन देने पहुंचे लोगों को आश्वस्त किया है।

चंद्रपाल सिंह, मिथलेश, राजकुमारी, उम्मेद खां, मुशीर अहमद, उमेश चंद्र, यशवीर सिंह, फरियाज खानी, इरशाद अंसारी, संजीव कुमार, बीरेंद्र सिंह यादव, हुब्बलाल सिंह, राम रक्षपाल सिंह, रामनिवास, वंश मोहन, मूलचंद्र, रमेश चंद्र, जसवीर, ब्रह्म सिंह, हरिओम आदि मौजूद रहे।

## पीएम किसान उत्सव दिवस का आयोजन

**अलीगंज, अमृत विचार:** विकासखंड के सभागार में पीएम किसान सम्मन निधि की 16वीं किस्त के निर्गमन पर पीएम किसान उत्सव दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कृषि प्राविधिक दीपक कुमार द्वारा प्राकृतिक खेती जायद फसल उत्पादन भूमि सुधार हेतु मृदा परीक्षण पीएम कुसुम योजना आदि के बारे में जानकारी दी गई। कृषि विभाग के एडीओ सुखबीर सिंह ने लोगों को कृषि विभाग से जुड़ी हुई योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को जागरूक किया। कहा प्रदेश एवं केंद्र सरकार द्वारा किसानों को बहुत ही महत्वपूर्ण और लाभकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं जिसका फायदा छोटे किसानों से लेकर बड़े किसानों तक पहुंच रहा है ।

## सड़क हादसे में घायल युवक की मौत



**जलेसर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गोपालपुर निवासी शिवम उर्फ शिव कुमार (19) पुत्र लीलाधर कर्नाटक के जिला त्रिदुर्गा के थाना चलकोरी क्षेत्र के शन्नीखेडी सरिया फैक्ट्री में काम करता था। परिजनों ने बताया कि वह टाटा मैजिक में अन्य मजदूरों के साथ सवार होकर 25-26 फरवरी की रात जा रहा था। रास्ते में वाहन पलट गया था। इस दुर्घटना में शिव कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। वहां के लोगों द्वारा उसको स्थानीय स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया। परिजनों को सूचना दी गई। जब यहां से परिजन पहुंचे तब तक शिवम की हालत बहुत बिगड़ चुकी थी। डाक्टरों ने उपचार करने से मना कर दिया। परिजन उसको आगरा ला रहे थे कि तभी बुधवार की देर रात उसकी मौत हो गई।

## गरीब वर्ग को मिलेगा सूर्या घर योजना का लाभ

**गंजडुंडवारा, अमृत विचार :** प्रधानमंत्री सूर्या घर योजना में सरकार द्वारा एक करोड़ से ज्यादा घरों में छतों पर सोलर पैनल लगाए जाएंगे। सरकार ने ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता लाने के लिए यह स्कीम शुरू की है। इस योजना में गरीब और मध्यम वर्ग के लोगो को लाभ मिलेगा। कैबिनेट बैठक से इसे मंजूरी मिलने के बाद इस योजना से लाभ मिलने का रास्ता साफ हो गया है। इस योजना के द्वारा एक करोड़ घर को 300 यूनिट मुफ्त बिजली मिल सकेगी। सरकार इस योजना में सोलर पैनल लगाने में सब्सिडी का लाभ देगी। जिससे योजना के लिए पात्र लोगों पर सोलर पैनल लगाने की लागत का भार नहीं पड़ेगा। वही योजना के लाभ मे दी जाने वाली सब्सिडी लाभ्यार्थी के खाते में सीधे आएगी। आवेदक की वार्षिक आय 1 या 1.5 लाख रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए। आवेदन के लिए आधार कार्ड, पता प्रमाण पत्र, विद्युत का बिल, आय प्रमाण पत्र, बैक पास बुक, आवेदक के फोटो, राशन कार्ड व मोबाइल नंबर की आवश्यकता पडेगी।



इस योजना के माध्यम से देश में सोलर एनर्जी को बढ़ावा देने की शुरुआत की गई है। यह योजना मध्यम वर्ग के लोगों के लिए वरदान साबित होगी।मोदी सरकार द्वारा यह अच्छी पहल की गई है। -स्कंद महाजन



प्रधानमंत्री सूर्या घर योजना के माध्यम से लोग अपनी बिजली की बचत कर सकेंगे और सोलर सिस्टम के जरिए बिजली प्राप्त कर सकेंगे। बिजली बिल से भी निजात मिलेगी और सोलर एनर्जी को बढावा मिलेगा।

-सुमित विजयवर्गीय




## सार-संक्षेप

### शनिदेव की मूर्ति स्थापना, शोभायात्रा निकाली



**अलीगंज।** कस्बा के सराय अगहत में भगवान श्री शनि देव मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम में सैकड़ों लोग शामिल हुए। निर्मल कुमार गुप्ता तथा नगर के सहयोग से भगवान शनिदेव जी की मूर्ति स्थापना कराई । शोभा यात्रा के दौरान महिलाएं भजन गीत गाकर वातावरण को और भक्ति में कर रही थी। ब्रह्मदेव मंदिर परिसर पर श्री हनुमान चालीसा तथा सुंदरकांड का पाठ कराया गया। पूरे कार्यक्रम में सेवा मंडली के सभी पदाधिकारी मेला साक्षी श्री रामलीला मंडल के पदाधिकारी व नगर वासियों का विशेष सहयोग रहा। इस मौके पर रामू गुप्ता, सुनील सक्सेना, अनिल गुप्ता ,अमित गुप्ता, हरिश्चंद्र शाक्य, शिवम कशयप, अंकुर गुप्ता संजू गुप्ता सैकड़ो की संख्या में भक्त लोग उपस्थित रहे।

### एक शाम खाटू श्याम के नाम, भजनों पर झूमे श्रोता



**एटा।** फागुन मेला के उपलक्ष्य में बड़ी हनुमान गढ़ी मंदिर रेलवे रोड एटा के प्रांगण में एक शाम खाटू के नाम भजन संध्या का आयोजन किया गया। आयोजक अमित जौहरी एडवोकेट, हिमांशु अस्थाना, सुभाष चंद्र सक्सैना ने ज्योति प्रज्ज्वलित की और श्याम प्रेमियों को खाटू श्याम बाबा की तस्वीर भेंट की। भजन गायक रवि खन्ना ने दीनानाथ मेरी बात भजन सुनाया। इस के बाद भजन गायिका प्रिया जैन ने मुझे अपने रंग में रंग ले, बाबा के भरोसे चले मेरा कारोबार, इसीक्रम में भजन गायक अजीत जैन ने पकड़ लो हाथ बनबारी मेरा नहीं तो डूब जायेंगे, ओ साबरे मुझे तेरी जरूरत है, भजन सुनाकर श्याम भक्तों को मंत्र मुग्ध कर नाचने पर विवश कर दिया। शबनम जौहरी, गुंजन अस्थाना, जिला प्रचारक मा0 विकास जी, हनी जौहरी, वैभव राज सक्सेना, अर्जुन, हरदीप सिंह, नीरज, सीमा, रविकांत, जितेन्द्र महेश्वरी, संचित चैधरी, दीपक शर्मा, शालिनी, ज्ञानेंद्र गौतम, महेन्द्र शर्मा, पूजा, सचिन, रवि वाष्र्णेय, उमाशंकर, गौरव, धर्म वीर गहलौत, जितेन्द्र सिंह, सुमन महेश्वरी, दुर्गेश सक्सैना उपस्थित रहे।

### महेंद्र को बनाया सपा ने यूथ ब्रिगेड का जिला अध्यक्ष



**अवागढ़।** समाजवादी पार्टी की मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष अनीश राजा ने अवागढ़ के यादव नगर निवासी महेंद्र यादव उर्फ मोनू को पुन: एटा जिला का अध्यक्ष बनाया है। सोनू शर्मा, गजराज सिंह, अवनीश यादव, आशीष राजपूत, लव कुमार, छोटू, राजा, सलीम, असलम, नईम, आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

### केंद्रीय मंत्री ने किया अग्निशमन केंद्र का लोकार्पण

**जलेसर।** तहसील मुख्यालय पर बने अग्निशमन केंद्र का केंद्रीय परिवार एवं स्वास्थ्य कल्याण राज्य मंत्री प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल ने लोकार्पण किया। विधायक संजीव दिवाकर, भाजपा जिला अध्यक्ष संदीप जैन, पूर्व एमएलसी एवं डीसीबी के अध्यक्ष प्रत्येंद्र पाल सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष पम्मी ठाकुर, भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष ममता गुप्ता, जिला महामंत्री जितेंद्र दिवाकर, क्षेत्राधिकार पुलिस एम दोहरे, तहसीलदार संदीप सिंह, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अशोक यादव, पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि संजीव वर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष गौरव वाष्र्णेय, पूर्व मंडल अध्यक्ष अमित गुप्ता, मनोज बजरंगी, पूर्व ब्लाक प्रमुख सत्यपाल सिंह यादव, रामजीलाल राजपूत, दिनेश लोधी, दिलीप वार्ष्णेय, पूर्व ब्लाक प्रमुख लालकांत यादव, रेलवे बोर्ड के सदस्य रमेश पाल सिंह व अन्य मौजूद रहे।

### धूमधाम से मनाई दीनाभाना वाल्मीकि जयंती

**एटा।** अखिल भारतीय अनुसूचित जाति व जनजाति कर्मचारी कल्याण एसोसिएशन के तत्वावधान में गुरुवार की सायं पांच बजे दीनाभाना वाल्मीकि की जयंती बनाई, वहीं गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एल भारती ने की, जबकि मुख्य अतिथि उमेश प्रताप सिंह दिनकर रहे। कार्यक्रम को भानुप्रताप सिंह बौद्ध, कुपरपाल सिंह गौतम, डा. माल्ती सिंह आदि ने सम्बोधित किया। इस दौरान सुभाषचन्द्र, दिनेश चन्द्र, नंदकिशोर, रोहित कुमार, राकेश कुमार, प्रेमप्रकाश, प्रेमलता, शारदादेवी, दीपकराज आदि लोग उपस्थित रहे।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**

हमने अपने पुत्र सूर्य प्रकाश को उसके गलत चाल-चलन, आचरण, व्यवहार के कारण समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर, सम्बन्ध विच्छेद कर लिया है। भविष्य मे अपने कृत्य, लेन-देन आदि का स्वयं जिम्मेदार होगा। हमारा वास्ता न होगा। चन्द्र सेन पुत्र भूप राम, हरवती देवी पत्नी चन्द्र सेन, निवासी-ग्राम मिलक पिछौड़ा, कचनारी, थाना-नवाबगंज, बरेली ।

**ANUBIS INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES**
MEERGANJ, BAREILLY
PRINCIPAL AND TUTORS for A.N.M, G.N.M and D.Pharm courses.
Head Office - SRCS ITI C.B. Ganj, Bareilly
Mob:.- 7351230055, 7351230066
Email - anubisinstitute@gmail.com
INTERVIEW 3 MARCH 2024

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल अंकपत्र/प्रमाण पत्र अनुक्रमांक 0607461 वर्ष 2002 व इण्टरमीडिएट अंकपत्र प्रमाण पत्र अनुक्रमांक 0268889 वर्ष 2004 तथा बी.ए. प्रथम वर्ष अनुक्रमांक 456025 वर्ष 2005 एवं बी.ए. द्वितीय वर्ष अनुक्रमांक 160906 वर्ष 2006 बी.ए. तृतीय वर्ष अनुक्रमांक 446636 वर्ष 2007 एवं पीजीडीसीए अंकपत्र व डिप्लोमा वर्ष 2010 प्रमाण पत्र अनुक्रमांक 1060018 वास्तव में खो गये हैं। **अवधेश कुमार पुत्र सुरेश चन्द्र नि. ग्राम खलसा (अब्दालपुर अलबेला) तह. जलालाबाद जिला शाहजहांपुर मो. 9621897718**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र का नाम MOHAMMAD AMAN SAIFI की जगह MOHD. AMAAN SAIFI किया है। भविष्य में उसको इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **नसीम मियां पुत्र बाबू मियां, निवासी मो. मौलवी टोला, जामा मस्जिद के पीछे, बदायूं।**

**सूचना**

सूचित हो कि मैंने अपने पुत्र का नाम केशव भसीन से बदलकर केशव राज भसीन रख लिया है। भविष्य में मेरे पुत्र को इसी नाम से जाना पहचाना जाये। **सचिन भसीन पुत्र स्व. राज कुमार भसीन, निवासी-83ए, माडल टाउन, बरेली।**

**सूचना**

सूचित हो कि मैंने अपने पुत्र का नाम अर्जुन भसीन से बदलकर अर्जुन राज भसीन रख लिया है। भविष्य में मेरे पुत्र को इसी नाम से जाना पहचाना जाये। **सचिन भसीन पुत्र स्व. राज कुमार भसीन, निवासी-83ए, माडल टाउन, बरेली।**

**सार्वजनिक सूचना**

सुदामा पत्नी देवकीनन्दन नि. नझियाई कस्बा व थाना उझानी, बदायूँ से 17.8.2023 को प्रेम पाल कश्यप पुत्र नेम सिंह नि.मो. नसियाई कस्बा व थाना उझानी, जिला बदायूँ ने मुख्यारनामा आम को धोखा देकर कराया था जिसको मैंने 12.2.2024 को निरस्त करा दिया है। भविष्य में मेरी कृषि भूमि, दुकानों के सम्बन्ध में प्रेम पाल कश्यप से किया गया लेन-देन का वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

## एक नजर

### चार परीक्षा केंद्रों पर बंद मिले सीसीटीवी

एटा। बोर्ड परीक्षा केंद्रों पर बने स्ट्रांग रूम सहित कक्षों की निगरानी सीसीटीवी कैमरों से की जा रही है। बुधवार को चार केंद्रों पर कैमरे बंद मिले। इस पर डीआईओएस ने सभी को नोटिस जारी किए हैं। डीआईओएस चंद्रकेश सिंह ने बताया कि बुधवार को दोपहर बाद जनता इंटर कॉलेज परसोन में कैमरा 2.40 बजे, बीडीआरएस इंटर कॉलेज राजा का रामपुर का कैमरा शाम चार बजे, भारतीय आदर्श इंटर कॉलेज वसुंधरा शाम चार बजे और डीएवी इंटर कॉलेज अलीगंज का 3:32 पर कैमरा ऑफलाइन मिला। इस पर चारों केंद्र व्यवस्थापकों को नोटिस जारी किया है। उन्होंने हिदायत दी है कि किसी भी हाल में कैमरा बंद नहीं होना चाहिए।

### अवैध तमंचा फैक्ट्री का भंडाफोड, एक गिरफ्तार

फिरोजाबाद। एसपी सिटी ने बताया कि रसूलपुर के प्रभारी प्रमोद कुमार पंवार को सूचना मिली कि ग्राम मोढ़ा के जंगल के रास्ते जाने वाली कच्ची सड़क के पास बनी प्लाटिंग में शस्त्र फैक्ट्री संचालित हो रही है। पुलिस ने दबिश दी तो वहां से सूरज को गिरफ्तार कर लिया। मौके से छह तमंचा, एक अधवनी रिवाल्वर, कारतूस और शस्त्र बनाने का सामान बरामद किया। उन्होंने बताया कि आरोपी सूरज निवासी मुखियावाली गली आसफाबाद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया। न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिया।

# इफको: पानी खींच कर दी जमीन बंजर

## भूजल स्तर नीचे गया तो आंवला बना ओरेंज जोन, कई साल तक नहीं लग सके नलकूप

संवाददाता, बरेली/आंवला

**अमृत विचार :** इफको फैक्ट्री लगाने के लिए अपनी खेती की जमीन देकर किसान अब पछता रहे हैं। फैक्ट्री लगने के बाद किसानों के बच्चों को न रोजगार मिला और न ही पीने का पानी। फैक्ट्री लगने से खेतों की सिंचाई का पानी भी छीन लिया गया, जिससे भूजल स्तर नीचे चला गया। किसान उस घड़ी को कोस रहे हैं। हालत यह है कि क्षेत्र में किसान खेतों के लिए नलकूप नहीं लगा पा रहे हैं और फैक्ट्री के लिए भारी मात्रा में पानी का उपयोग किया जा रहा है।

डार्क जोन घोषित हो चुके आंवला के किसानों की खुशहाली के लिए रामगंगा नदी से आलमपुर जाफराबाद ब्लाक के किसानों के लिए नहर बनाने की घोषणा हुई थी। मुलायम सिंह यादव ने किसानों के लिए इस परियोजना को स्वीकृत किया। इसका कारण भी यही बताया गया था कि नहर बनने से किसानों को सिंचाई के लिए सुविधा तो मिलेगी ही साथ ही आंवला क्षेत्र के भूजल स्तर को भी बढ़ाने में सहायक होगी। हालांकि इस परियोजना का बजट तो तीन गुना बढ़ने के बाद भी यह अधूरी ही है साथ ही किसानों का दर्द भी कम नहीं हुआ है।

अब सरकार ने हर घर जल योजना के तहत शुद्ध पानी पहुंचाने की योजना चलाई है। लोगों को जागरूक करने के लिए पानी के स्रोतों को बढ़ाने के हर जतन कर रही है। तालाब पोखरों में पानी बनाए रखने के लिए उनमें पानी भरवा रही है, ताकि पानी का संकट पैदा न हो लेकिन इफ्को इकाई दिन रात दिन जमीन से पानी खींचकर पानी की बर्बादी कर रही है। इससे क्षेत्र में जल स्तर लगातार घट रहा है। इस जलदोहन से जहां एक ओर इफको प्रबंधन लगातार फल फूल रहा है। वहीं क्षेत्रीय किसान आज भी खेतों को सींचने के लिए परेशानी उठा रहा है। काफी जमीन तो सिंचाई के अभाव में बंजर पड़ी है। करीब चार दशक पहले इफको फैक्ट्री आंवला भमोरा रोड पर लगाई गई थी। भूदाता और क्षेत्रीय किसानों का मानना था कि इफको क्षेत्र का विकास करेगा, प्लांट में उन्हें और उनके बच्चों को रोजगार मिलेगा। परंतु जिस फैक्ट्री को क्षेत्रीय लोगों ने भविष्य माना था, वह भविष्य 40 साल बाद भी परेशानी खड़ी कर रहा है। इफको न ही रोजगार दिया और न ही विकास किया बल्कि पीने का पानी और खेतों में सिंचाई का पानी तक छीन लिया।

भू-दाताओं ने आरोप लगाया कि फैक्ट्री द्वारा बड़ी मात्रा में जल का दोहन किया जा रहा है। इसके चलते आलमपुर जाफराबाद (ओरेंज जोन) में आ गया है। छोटे नलों में पानी आना बंद हो गया है। बोरिंग फेल हो रहे हैं। पहले 20 से 25 फिट गहराई पर पानी मिल जाता था। किसान पम्पिंग सैट से सिचाई कर लेते थे। अब 70 से 90 फिट पर जल मिल रहा है। किसानों ने पम्पिंग सेट कबाड़े में डाल दीं। किसानों को सिचाई की समस्या पैदा हो गयी है।

### 20 बडे.बोरवेल 6 हजार क्यूसेक मीटर प्रति घंटा खींचते हैं पानी

सेंधा निवासी ओमशंकर सक्सेना ने बताया कि इफको फैक्ट्री में करीब 22 बडे.18 इंच के बोरवेल हैं, जो कि प्रति घंटा 6 हजार क्यूसेक मीटर पानी खींचते हैं। इफको अधिकारी दो बोरवेल खराब होना बताते हैं। 20 बोरवेल से प्लांट में बड़ी मात्रा में पानी की बर्बादी की जा रही है। इफको फैक्ट्री से दो बडे.नाले निकलते हैं। जोकि सेंधा गांव के समीप अरिल नदी में गिरते हैं। वहीं इफको ने अपनी किताब आंवला ज्योति के 2007-2008 के अंक में 16 बोरवेल होना दर्शाया है।

### आंवला उपजिला मजिस्ट्रेट ने इफको पर धारा 133 के तहत भेजा था नोटिस

तत्कालीन उपजिला मजिस्ट्रेट आंवला विशु राजा ने 31 दिसंबर 2018 को जारी किए प्रारंभिक आदेश में बताया था कि अरिल नदी के स्थलीय जांच में पाया गया कि इफको से निकलने वाला पानी गन्दा और बिषैला है। दूषित पानी पर्यावरण व जन मानस और पशुओं को नुकसान पहुंचाता है। अमोनिया गैस किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचाती है। उपजिला मजिस्ट्रेट ने इफको के खिलाफ धारा 133 (1) के तहत कार्यवाही के लिए प्रारंभिक नोटिस जारी कर इफको अधिकारियों से न्यायालय में कारण प्रस्तुत करने का आदेश दिया था।


## बालक ने ट्रैक्टर किया स्टार्ट, मां की मौत, नानी घायल

**अलीगंज, अमृत विचार:** ट्रैक्टर की सीट पर बैठे बालक ने चाबी घुमा कर ट्रैक्टर स्टार्ट कर दिया। बच्चे को बचाने के लिए दौड़ी मां और नानी पर ट्रैक्टर चढ़ गया। इस हादसे में बालक की जान बच गई, लेकिन मां की मौत हो गई, जबकि नानी गंभीर रूप से घायल हुई है।

अलीगंज कोतवाली क्षेत्र के गांव बुलाकी नगर पुराहार मायके जैथरा के गांव नगला टोड़ी उर्फ सहोरी निवासी शिवकुमार की पत्नी पिंकी अपने 5 वर्षीय पुत्र प्रियंक के साथ आई थी। गुरुवार को मायके में घर के बाहर एक ट्रैक्टर खड़ा था। इसमें चाबी लगी हुई थी। प्रियंक ट्रैक्टर की सीट पर बैठ गया। अचानक ही बालक ने चाबी घुमा दी। इससे ट्रैक्टर स्टार्ट होकर चल दिया। चलते ट्रैक्टर से बालक को बचाने के लिए मां पिंकी और नानी स्नेहनता ट्रैक्टर की ओर दौड़ी। इसी समय दोनों ही ट्रैक्टर की चपेट में आ गईं। बालक को तो बचा लिया गया, लेकिन ट्रैक्टर से घायल हुई दोनों मां-बेटी को अलीगंज स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराय गया। डाक्टर ने बालक की मां पिंकी को मृत घोषित कर दिया। जबकि नानी की हालत गंभीर देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया है।

## इंटरमीडिएट का गणित, जीव विज्ञान का प्रश्नपत्र वायरल

संवाददाता, आगरा



**अमृत विचार:** यूपी बोर्ड इंटरमीडिएट की परीक्षा के दौरान गुरुवार को गणित और जीव विज्ञान का पेपर व्हाट्सएप पर लीक हो गया। प्रश्न पत्र वायरल होते ही शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया। इस पेपर को आगरा जनपद के ऑल प्रिंसिपल व्हाट्सएप ग्रुप में वायरल किया गया था। इस ग्रुप में माध्यमिक शिक्षा विभाग के अधिकारी, प्रधानाचार्य और शिक्षक जुड़े हैं। मोबाइल पर प्रश्नपत्र देखकर शिक्षा विभाग के अधिकारियों के होश उड़ गए।

प्रश्न पत्र को डिलीट किया गया, लेकिन तब तक खबर फैल गई। मिलान करने पर प्रश्नपत्र समान निकला। बताया जा रहा है कि जिस व्यक्ति ने प्रिंसिपल व्हाट्सएप ग्रुप में जीव विज्ञान और गणित के पेपर की फोटो भेजी थी, उसी ने बाद में डिलीट कर दिया। परीक्षा पर्यवेक्षक मुकेश अग्रवाल ने कहा कि इस पूरे मामले से उत्तर प्रदेश माध्यमिक बोर्ड को अवगत करा दिया गया है। पेपर लीक होने की जानकारी आई तो पता लगाया गया, लेकिन केंद्रों से उस समय तक कोई जानकारी प्राप्त नहीं हुई।

### कंप्यूटर ऑपरेटर ने लगा दी सेंध, रिपोर्ट

डीआईओएस दिनेश कुमार ने बताया कि थाना फतेहपुर सीकरी के किरावली रौझोली के अतर सिंह इंटर कालेज में कंप्यूटर आपरेटर विनय चौधरी ने अपने मोबाइल से पेपर को व्हाट्सएप ग्रुप पर शेयर किया था। जिला परीक्षा पर्यवेक्षक मुकेश अग्रवाल के आदेश पर कंप्यूटर ऑपरेटर विनय चौधरी, केंद्र व्यवस्थापक राजेंद्र सिंह, अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक गंभीर सिंह, स्टेटिक मजिस्ट्रेट डॉ. गजेंद्र सिंह (पशु चिकित्साधिकारी) समेत अन्य के खिलाफ केस दर्ज कराया है।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

## लापरवाही में प्रसूता की मौत, 4 चिकित्सकों समेत 7 पर रिपोर्ट

**फिरोजाबाद, अमृत विचार:** राम गोपाल निवासी गढ़ी जोरी थाना पचोखरा ने पुलिस को तहरीर दी कि उनकी पत्नी काजल (24) को मंगलवार प्रसव पीड़ा होने पर गांव की आशा बहन मंजू ने ,टूंडला हेल्थ केयर सेंटर में भर्ती कराया। पत्नी का प्रसव बुधवार को ऑपरेशन द्वारा डॉक्टर ने किया था । डॉक्टरों की लापरवाही के चलते उसे अत्यधिक रक्तस्राव होने लगा। इसके बाद आनन फानन में अस्पताल के चिकित्सक अपनी गाड़ी में प्रसूता को आगरा ले जाने लगे।रास्ते में अत्यधिक ब्लीडिंग के चलते दम तोड़ दिया।

राम गोपाल की तहरीर पर डॉ. ए के शर्मा ,डॉ. आर पी सिंह जादौन, डॉ. डीपी सिंह जादौन,डॉ. नेहा सिंह जादौन,कंपाउंडर यशवीर नर्सिंग स्टाफ प्रीति और आशा पर रिपोर्ट दर्ज की गई। ।एसीएमओ डॉक्टर बी डी अग्रवाल ने बताया कि अस्पताल को सील कर दिया गया है । चिकित्सकों का पैनल बनाकर सबका पोस्टमार्टम कराया जा रहा है रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी ।

# दंगा कराना चाहते थे तौकीर, तुरंत गिरफ्तार करे पुलिस: स्वामी सच्चिदानंद

कार्यालय संवाददाता, बरेली



आईजी कार्यालय में बैठे स्वामी सच्चिदानंद। ● अमृत विचार

- स्वामी सच्चिदानंद ने आईजी कार्यालय के बाहर धरना देकर की मांग
- वृंदावन की चित्रगुप्त पीठ के पीठाधीश्वर हैं आचार्य स्वामी सच्चिदानंद

**अमृत विचार :** वृंदावन की चित्रगुप्त पीठ के पीठाधीश्वर स्वामी सच्चिदानंद ने गुरुवार को आईजी दफ्तर के बाहर धरना देकर आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां की गिरफ्तारी की मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि मौलाना ने शहर में एक बार फिर दंगा कराने की साजिश रची थी। इसी के तहत उनके समर्थकों ने शहामतगंज में पथराव और मारपीट की।

स्वामी सच्चिदानंद दामोदर स्वरूप पार्क से अपने कुछ अनुयायियों के साथ पैदल आईजी कार्यालय पहुंचे। आईजी नहीं मिले तो उनके कार्यालय के गेट के बाहर अनुयायियों के साथ धरने पर बैठ गए। उन्होंने कहा कि तौकीर रजा ने 2010 में समुदाय विशेष के युवाओं को भड़काकर दंगा करा दिया था। कई महीने तक बरेली के हालात बेहद संवेदनशील रहे थे और लोगों ने लंबे समय तक कर्फ्यू की मार झेलनी पड़ी थी। इसके बाद मौलाना ने 2017 में भी सार्वजनिक मंच से आपत्तिजनक टिप्पणी कर दंगा भड़काने की कोशिश की।

स्वामी सच्चिदानंद ने कहा कि पिछले महीने तौकीर रजा ने फिर जेल भरो आंदोलन का एलान कर बरेली को दंगे की आग में झोंकने की कोशिश की। अपने समुदाय के लोगों को भड़काया जिसके बाद शहामतगंज बाजार में पथराव और आगजनी के साथ फल बेचने वाले असहाय लोगों के साथ मारपीट की गई, लेकिन प्रशासन की सूझबूझ से दंगा होने से बच गया। उन्होंने तौकीर के खिलाफ धार्मिक आस्था को ठेस पहुंचाने के साथ पेशेवर आपराधिक धाराओं के तहत केस दर्ज कर जेल भेजने की मांग की। स्वामी सच्चिदानंद ने सीओ प्रथम संदीप कुमार सिंह को इस बारे में ज्ञापन भी सौंपा।

## दांवरी पहुंची ग्राम परिक्रमा यात्रा, योजनाओं की दी जानकारी

**रतनपुर कोठी, अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के तत्वावधान में ग्राम परिक्रमा यात्रा के तहत आसफपुर ब्लॉक के गांव दांवरी में कार्यक्रम हुआ। इसमें जिला मीडिया प्रभारी योगेश शर्मा ने भाजपा सरकार की उपलब्धियों और जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी।उन्होंने कहा भाजपा की सरकार में गुंडे माफिया या तो जेल में है या परलोक में हैं। भाजपा सरकार गरीबों को कई तरह की योजनाएं चला रही है जिससे लोगों का उत्थान हो रहा है। आज लोग चैन की जिंदगी जी रहे हैं। आगे भी भाजपा की सरकार बनने जा रही है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख ओम कृष्ण सागर तथा जिला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा शिवम शंखधार, मंडल अध्यक्ष किसान मोर्चा पवन मिश्रा, कार्यक्रम संयोजक ठाकुर धर्मेंद्र सिंह, पूर्व प्रधान ओमबाबू सागर, प्रधान सुरेंद्र सागर, प्रधान जसवीर आर्य, रामनिवास झा, नूतन गुप्ता, श्याम गुप्ता, शुभम पाराशरी आदि लोग उपस्थित रहे।

## विद्यार्थियों ने पेंटिंग और प्रोजेक्ट से दिया गंगा नदी की स्वच्छता का संदेश



**बिल्सी, अमृत विचार :** बदायूं रोड स्थित फ्यूचर लीडर्स स्कूल में गंगा एवं सहायक नदियों को निर्मल बनाने के लिए डीपीओ अनुज प्रताप सिंह के निर्देशन में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके अंतर्गत जिला गंगा समिति की ओर से गंगा पेंटिंग ड्राइंग और प्रोजेक्ट प्रतियोगिताएं हुईं। विद्यार्थियों द्वारा चार्ट पेपर पर गंगा को स्वच्छ व निर्मल बनाने के लिए कई तरह की पेंटिंग बनाई गई। इस कार्यक्रम में गंगा प्रेरक के रूप में कक्षा 6 के विद्यार्थी अनुष्का चौहान और निर्भय पाराशरी रहे। गंगा पेंटिंग्स और प्रोजेक्ट प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान पर तान्या महेश्वरी, अंशिका द्वितीय , प्रियांशी चौहान तृतीय और रिया सृष्टि सागर चतुर्थ, अनन्या वार्ष्णेय पांचवें स्थान पर रहीं। स्कूल डायरेक्टर वीपी सिंह, विद्यालय के एमडी राहुल कुमार सिंह, प्रधानाचार्य रविंद्र सिंह ने विचार रखे। इस अवसर पर, एकेडमिक हेड सीके शर्मा, डिसिप्लिन इंचार्ज बृजेशपाल सिंह, जूनियर कॉर्डिनेटर परमेंद्र सिंह, प्री प्राइमरी कोर्डिनेटर राखी गुप्ता, अंकित सिंह आदि रहे।

## करियर और परिवार में संतुलन स्थापित करें बेटियां



**बदायूं, अमृत विचार :** राजकीय महिला महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना चल रहे शिविर का गुरुवार को समापन हो गया। समापन पर छात्राओं ने श्रमदान किया। इसके बाद उनके द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ सोनरुपा विशाल रहीं। उनके द्वारा छात्राओं को बताया गया कि बदायूं शहर की लड़कियां अपने करियर एवं घर परिवार दोनों में संतुलन बनाकर आगे बढ़ने की क्षमता रखती है। आज के इस भूमंडलीकरण के दौर में महिलाओं का सशक्त होना अत्यंत आवश्यक है। कॉलेज प्राचार्य डॉ स्मिता जैन ने छात्राओं को शिविर की महत्ता से अवगत कराया। छात्राओं ने लोक नृत्य के माध्यम से भारत के हर प्रदेश की झांकी प्रस्तुत की। नुक्कड़ नाटक से बाल विवाह एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश दिया। इसके अलावा छात्राओं ने फैशन शो में प्रतिभागिता किया।

## हर्षवर्धन बने प्रदेश उपाध्यक्ष, कर्मियों ने जताई खुशी



**बदायूं, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन निविदा संविदा कर्मचारी संघ की प्रदेश कार्यकारिणी का चुनाव लखनऊ के कैसरबाग स्थित गांधी भवन प्रेक्षागृह में चुनाव अधिकारी केडी मिश्रा की देखरेख में संपन्न हुआ है। चुनाव में जनपद बदायूं के विकासखंड वजीरगंज के ग्राम सिसईया निवासी हर्षवर्धन को सर्वसम्मति से निर्विरोध प्रदेश उपाध्यक्ष चुना गया है। उनके प्रदेश उपाध्यक्ष बनने पर विद्युत विभाग के निविदा संविदा कर्मियों ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया।

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल- बरेली
FREE ओ. पी. डी. परामर्श
बच्चों में सभी हड्डी व रीढ की समस्याओं के नि:शुल्क परामर्श के लिए मिलें
मुंबई के वरिष्ठ बाल हड्डी रोग विशेषज्ञ द्वारा नि:शुल्क परामर्श
दिनांक :- 14 - 15 मार्च 2024
समय :- सुबह 9 से 4 बजे तक
स्थान :- रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, हड्डी रोग विभाग कमरा नंबर - 1084

डॉ. तुषार अग्रवाल
बाल हड्डी रोग विशेषज्ञ, मुंबई
रजिस्ट्रेशन के लिए कॉल करें - 9081800900, 8006460900
Address: Department of Orthopedic (Room No-1084)
Rohilkhand Medical College & Hospital
Pilibhit Bypass Road, Bareilly

REQUIRED
WELL QUALIFIED AND TRAINED
( B.Ed and CTET a must)
TEACHERS
FOR
BISHOP CONRAD
SR SEC SCHOOL
38/63 CANTT. BAREILLY
1. PRT - HINDI, ALL SUBJECTS
2. TGT - COMPUTER SCIENCE, ENGLISH, S.ST., MATHS, SCIENCE
3. PRE-PRIMARY/ KINDER GARTEN TEACHERS
4. PGT - ENGLISH, CHEMISTRY
E-MAIL BIO DATA AT: -
bspconrad@yahoo.co.in
For More Details Contact:
0581-2511131

## सार-संक्षेप

### युवक को बाइक सवारों ने गोली मार किया घायल

**जैथरा, अमृत विचार :** जैथरा थाना क्षेत्र के अन्तर्गत नेहरू नगर निवासी मु. कैफ (25) पुत्र मनीष अहमद सिकंदराराऊ से एक शादी समारोह से बुधवार की देर रात बाइक से लौट रहा था। पिलुआ थाना क्षेत्र के अन्तर्गत सिहोरी गांव की सड़क के सामने दो बाइक सवार चार लोगों ने उसे रोक लिया। वह कुछ समझ पाता तब तक हमलावरों ने हत्या के इरादे से गोली मारकर घायल कर दिया। मरा समझकर हमलावर फरार हो गए। घटना के बाद पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार के लिए मेडिकल कालेज में भर्ती कराया। पीड़ित ने बताया कि वह हमलावरों के नाम नहीं जानता है, सामने आने पर पहचान लेगा।

### सदर विधायक ने किया 4 गांव में सीसी रोड का शिलान्यास



**कुंवरगांव।** सालारपुर ब्लॉक क्षेत्र के गांव बरखिन ,दरावनगर ,पहलादपुर , सालारपुर में सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने सीसी रोड का शिलान्यास कर सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को बताया। सदर विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार में हर गरीब को सरकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है।

### 802 पेटी शराब समेत अंतर्राज्यीय शराब तस्कर गिरफ्तार

**फिरोजाबाद, अमृत विचार :** थाना उत्तर पुलिस ने एसओजी और सर्विलांस टीम के साथ एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से 802 पेटी शराब अंग्रेजी बरामद हुई है। जिसकी बाजार में कीमत 72 लाख रुपये बताई गई है। लोकसभा चुनाव में बाहरी प्रांत की शराब तस्करी कर लाने और उसे खपाने की योजना थी। थाना उत्तर प्रभारी वैभव कुमार एवं एसओजी व सर्विलांस टीम बृहस्पतिवार को बाईपास पर नवाब डिग्री कॉलेज के सामने सड़क पर जिगजैग बैरियर लगाकर चैकिंग कर रही थी। मुखबिर ने सूचना दी कि अशोक लीलैण्ड कन्टैनर आगरा की तरफ से आ रहा है, उसमें शराब तस्करी कर लाई जा रही है। जब उसे चैक किया तो उसमें से 802 पेटी अंग्रेजी अवैध शराब (कुल 7087 लीटर ) गैर प्रान्त बरामद हुई। पुलिस ने छह चक्का वाहन कूट रचित दस्तावेज बरामदगी सहित आरोपी बलवान सिंह उर्फ बल्लू को गिरफ्तार कर लिया। एसपी सिटी सर्वेश कुमार मिश्रा ने बताया कि बरामद शराब की अन्तर्राज्यीय बाजार में कीमत 72 लाख से ऊपर है। उन्होंने बताया कि पकड़े गये तस्कर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के आदेश पर जेल भेजा गया है।

### अग्निशमन केंद्र का वर्चुअल लोकार्पण



**बदायूं, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री ने गुरुवार को प्रदेश के निर्माणाधीन 36 अग्निशमन केंद्रों का वर्चुअल लोकार्पण किया। बदायूं में दातागंज स्थित अग्निशमन केंद्र और आवासीय भवन का भी लोकार्पण हुआ। आंवला सांसद धर्मेंद्र कश्यप के प्रतिनिधि, ब्लॉक प्रमुख अतेंद्र विक्रम सिंह, एसडीएम धर्मेंद्र कुमार, मुख्य अग्निशमन अधिकारी रामराजा यादव आदि उपस्थित रहे। एसडीएम ने कहा कि दातागंज में अग्निशमन केंद्र की स्थापना होने से क्षेत्र में होने वाली आग की घटनाओं और जीवनरक्षक कार्यों पर त्वरित प्रभारी कार्रवाई हो सकेगी। अब ऐसी घटनाओं पर आसानी से नियंत्रण हो सकेगा।

### बाल विवाह से मुक्त गांवों के प्रधान हुए सम्मानित



**बदायूं, अमृत विचार :** गुरुवार को कलेक्ट्रेट में पॉक्सो एक्ट कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें बाल विवाह मुक्त हो चुकीं ग्राम पंचायतों के प्रधानों को मुख्य अतिथि रहे सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता और विधिक सचिव सारिका गोयल ने सम्मानित किया। जिले में बाल विवाह मुक्त के लिए दिल्ली की संस्था कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन काम कर रही है। उसके सहयोग से जिले के 50 गांव विवाह से मुक्त हो चुके हैं। गुरुवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित कार्यशाला में बाल विवाह मुक्त होने वाली ग्राम पंचायतों के प्रधानों को सम्मानित किया गया। उन्हें डीएम मनोज कुमार, सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता और विधिक सचिव सारिका गोयल ने सम्मानित किया। इस दौरान सदर विधायक ने कहा कि बाल विवाह एक सामाजिक बुराई है, अभिशाप है। जिसका सभी को इसका पूर्ण विरोध करना चाहिए। उनके द्वारा संबंधित ग्राम प्रधानों को बाल विवाह, बाल श्रम, बाल यौन,शोषण बाल तस्करी से मुक्त करने के लिए आह्वान किया गया। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा पॉक्सो एक्ट पर जानकारी दी गई।

### छुट्टा गोवंश को लेकर तहसील में प्रदर्शन करेगी भाकियू

**बिल्सी, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी गुट की मासिक पंचायत एक मार्च को तहसील परिसर में होगी। इसमें छुट्टा गोवंश सहित कई अन्य मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। तहसील परिसर में एक मार्च को होने वाली मासिक पंचायत को सफल बनाने को किसान नेताओं ने गांव गांव जाकर किसानों से संपर्क किया है। किसानों को बताया गया है कि पंचायत में अधिक संख्या में लोग जुटे, जिससे जिला प्रशासन पर दबाव बनाया जा सके। जिलाध्यक्ष सतीश साहू ने गुरुवार को बैठक कर किसानों को अलग अलग जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में छुट्टा गोवंश व अन्य तमाम समस्याएं हैं जिनको लेकर पिछले काफी समय से आंदोलन किए जा रहे हैं फिर भी प्रशासन के कानों पर जूं तक नहीं रेंग रही है। एक मार्च को होने वाली पंचायत में इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया जाएगा।मासिक पंचायत पूर्वान्ह 11 बजे से शाम तीन बजे तक आयोजित की जाएगी।

## एक नजर

### पाकिस्तान समर्थक नारेबाजी मामले में एक शख्स को लिया हिरासत में

**बेंगलुरु।** कर्नाटक विधानसभा के भीतर पाकिस्तान के समर्थन में नारेबाजी करने के आरोप में राज्य के हावेरी जिले के एक व्यक्ति को बृहस्पतिवार को हिरासत में ले लिया गया। पुलिस सूत्रों ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक ऐसा पता चला है कि हिरासत में लिया गया व्यक्ति हावेरी जिले के बयादागी शहर का रहने वाला है और सूखी मिर्च का एक प्रमुख कारोबारी है, वह राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस नेता सैयद नासिर हुसैन की जीत का जश्न मनाने के लिए विधान सौध में आया था। आवाज के नमूने के आधार पर पुलिस को संदेह है कि मिर्च कारोबारी ने पाकिस्तान के समर्थन में नारे लगाए थे। उन्होंने बताया कि आगे की जांच के लिए उसे बेंगलुरु लाया गया है। विधान सौध पुलिस ने कथित तौर पर देश विरोधी नारे लगाने वाले कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ मंगलवार रात स्वत: संज्ञान लेते हुए मामला दर्ज किया था। इस घटना के सिलसिले में भाजपा ने भी पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। विपक्ष के नेता आर अशोक के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायकों ने 'राजभवन चलो' मार्च निकाला और राज्य में कानून-व्यवस्था की खराब स्थिति का आरोप लगाते हुए कांग्रेस सरकार को बर्खास्त करने की मांग की।

### केजरीवाल को लिखी चिट्ठी में किया गया घटिया भाषा का इस्तेमाल: आप

**नई दिल्ली।** दिल्ली के कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा है कि उपराज्यपाल की ओर से मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को लिखी चिट्ठी में बेहद ही घटिया भाषा का इस्तेमाल किया गया है और यह पूरी तरह से राजनीति से प्रेरित है। श्री भारद्वाज ने कहा कि विधानसभा में उपराज्यपाल वीके सक्सेना के ख़िलाफ़ निंदा प्रस्ताव पर गुरुवार को अपनी बात रखते हुए कहा कि उन्हें हैरानी है कि उपराज्यपाल द्वारा खुद एक राजनीतिक चिट्ठी लिखते समय एक संवैधानिक मर्यादित पद की गरिमा को आघात पहुंचाने की दुहाई दी गई है। उन्होंने कहा कि उपराज्यपाल के कार्यालय को एक पवित्र कार्यालय माना जाता है, लेकिन यह चिट्ठी उस पवित्र कार्यालय पर एक धब्बा है। उन्होंने कहा कि उपराज्यपाल द्वारा श्री केजरीवाल के लिए इतनी गंदी भाषा में लिखी गई यह चिट्ठी संविधान में कतई स्वीकार नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि हमेशा से ही दिल्ली नगर निगम में जो मनोनीत पार्षद चुने जाते हैं, वह दिल्ली की चुनी हुई सरकार द्वारा तय किए जाते हैं। पहली बार ऐसा हुआ कि उपराज्यपाल ने दिल्ली नगर निगम के चुनाव के बाद दिल्ली सरकार की सहमति के बगैर जबरदस्ती अपने 10 लोगों को मनोनीत पार्षद नियुक्त कर दिया और ये सभी लोग भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता निकले।

### गुजरात सरकार ने सरकारी कर्मियों का महंगाई भत्ता 4 प्रतिशत बढ़ाया

**अहमदाबाद।** गुजरात सरकार ने लोकसभा चुनाव से ठीक पहले अपने कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए महंगाई भत्ते (डीए) में चार फीसदी बढ़ोतरी की बृहस्पतिवार को घोषणा की। राज्य सरकार ने एक प्रस्ताव में बताया कि इस बढ़ोतरी के साथ गुजरात सरकार के कर्मचारियों का डीए 42 प्रतिशत से बढ़कर 46 प्रतिशत हो जाएगा। प्रस्ताव के मुताबिक, बढ़ा हुआ डीए एक जुलाई, 2023 से प्रभावी है और कर्मचारियों को पिछले आठ महीनों का बकाया दिया जाएगा। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के मुताबिक, डीए में बढ़ोतरी के फैसले से राज्य सरकार के लगभग 4.45 लाख कर्मचारियों और 4.63 लाख पेंशनभोगियों को लाभ होगा। विज्ञप्ति के मुताबिक, सरकार ने राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) में अपना योगदान 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 14 प्रतिशत करने का भी फैसला किया है जबकि राज्य कर्मचारियों को 10 प्रतिशत का भुगतान करना होगा। गुजरात सरकार के कर्मचारी एनपीएस के बजाय पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) को बहाल करने की मांग कर रहे हैं। ओपीएस के तहत, सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारियों को उनके अंतिम प्राप्त वेतन का 50 प्रतिशत और डीए पेंशन के रूप में मिलता था।

# शुभकरण सिंह का अंतिम संस्कार 'दिल्ली चलो' मार्च पर फैसला टाला

## सुरक्षाकर्मियों के साथ झड़प में मारे गए किसान, दो दिन के लिए रोक दिया गया दिल्ली चलो मार्च

चंडीगढ़, एजेंसी

हरियाणा और पंजाब की खनौरी सीमा पर हरियाणा के सुरक्षाकर्मियों के साथ झड़प में मारे गए किसान शुभकरण सिंह का अंतिम संस्कार बृहस्पतिवार को पंजाब के बठिंडा जिले में उनके पैतृक गांव में कर दिया गया। खनौरी सीमा पर 21 फरवरी को हुई झड़प में 21 वर्षीय शुभकरण की मौत हो गई थी और 12 पुलिस कर्मी घायल हुए थे। झड़प तब हुई थी जब प्रदर्शनकारी किसानों ने आगे बढ़ने के लिए सुरक्षाकर्मियों द्वारा लगाए गए अवरोधकों को तोड़ने की कोशिश की थी।

खनौरी में 21 फरवरी को शुभकरण की मौत और 12 पुलिस कर्मियों के घायल होने के बाद किसानों के 'दिल्ली चलो' मार्च को दो दिन के लिए रोक दिया गया था। दो दिन बाद किसान नेताओं ने कहा कि प्रदर्शनकारी पंजाब-हरियाणा के खनौरी और शंभू सीमा पर 29 फरवरी तक डेरा डाले रहेंगे और उसी दिन अगले कदम पर फैसला लिया जाएगा। हालांकि, बृहस्पतिवार देर शाम तक किसान संगठनों की ओर से उनके अगले कदम की कोई घोषणा नहीं की गई। फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी और कृषि ऋण माफ करने सहित विभिन्न मांगों को लेकर सरकार पर दबाव बनाने के इरादे से संयुक्त किसान मोर्चा (गैर राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा (केएमएम) ने 'दिल्ली चलो' का आह्वान किया है।

शुभकरण के पार्थिव शरीर को पटियाला स्थित राजेंद्र चिकित्सा अस्पताल से खनौरी सीमा पर ले जाया गया जहां पर किसानों ने उसे श्रद्धांजलि अर्पित की। किसानों ने एंबुलेंस के साथ मार्च किया और शुभकरण की मौत के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। किसानों ने संगठन का झंडा श्रद्धांजलि स्वरूप पार्थिव शरीर पर ओढ़ाया। बाद में पार्थिव शरीर को अंतिम संस्कार के लिए बठिंडा के बल्लोह गांव ले जाया गया। इस बीच, किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि विभिन्न मांगों को लेकर उनका प्रदर्शन जारी है। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, ''शंभू और खनौरी सीमा पर आंदोलन जारी है। उन्होंने कहा कि शुभकरण को श्रद्धांजलि देने के लिए एसकेएम (गैर राजनीतिक) और किसान मोर्चा की बैठक तीन मार्च को बठिंडा के बल्लोह गांव में होगी। पंधेर ने लोगों से बड़ी संख्या में इसमें शामिल होने की अपील की। पटियाला के पाटरन पुलिस थाना में पंजाब पुलिस द्वारा हत्या का मुकदमा दर्ज किए जाने के बाद बुधवार को शुभकरण का पोस्टमॉर्टम किया गया। किसान मांग कर रहे थे कि शुभकरण की मौत के मामले में प्राथमिकी दर्ज किए जाने के बाद ही वे उसके शव का पोस्टमॉर्टम करने की अनुमति देंगे।

इस बीच, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने बृहस्पतिवार को कहा कि कानूनी विशेषज्ञों से सलाह लेने के बाद प्राथमिकी दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि अब यह पता लगाने के लिए जांच की जाएगी कि मौत के लिए कौन जिम्मेदार है और पोस्टमॉर्टम से मौत की सही वजह का पता चलेगा। मान ने कहा कि शुभकरण के परिवार को एक करोड़ रुपये की सहायता राशि और उनकी बहन को सरकारी नौकरी दी जाएगी। इससे पहले पंजाब के पुलिस महानिरीक्षक सुखचैन सिंह ने कहा कि पुलिस ने शुभकरण मामले में 'जीरो' प्राथमिकी दर्ज की है। 'जीरो' प्राथमिकी संज्ञेय अपराध की शिकायत मिलने पर किसी भी थाने में दर्ज की जाती है। किसान अपनी मांगों को लेकर केंद्र पर दबाव बनाने के इरादे से पंजाब और हरियाणा के दो बिंदुओं पर प्रदर्शन कर रहे हैं। किसान नेताओं ने इससे पहले कहा था कि जबतक उनकी मांग पूरी नहीं हो जाती वे अपना आंदोलन समाप्त नहीं करेंगे।



पटियाला में दिल्ली चलो विरोध प्रदर्शन में मारे गए किसान शुभकरण सिंह के पार्थिव शरीर को राजिंदरा अस्पताल से ले जाया गया गृहनगर। ● एजेंसी

### हाईकोर्ट की सख्त टिप्पणी- आप सरकार हैं आतंकवादी नहीं

किसान आंदोलन में शुभकरण की मौत के मामले में पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने हरियाणा सरकार को जमकर फटकार लगाते हुए कहा कि आप सरकार हैं आतंकवादी नहीं जो इस प्रकार किसानों पर गोलियां चलाई जा रही हैं। मौत की न्यायिक जांच की मांग को लेकर दाखिल याचिका पर हाईकोर्ट ने हरियाणा, पंजाब व अन्य प्रतिवादियों को नोटिस जारी करते हुए जवाब मांगा है। किसान आंदोलन से जुड़ी विभिन्न याचिकाएं सुनवाई के लिए कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश जस्टिस गुरमीत सिंह संधावालिया व जस्टिस लपिता बनर्जी की खंडपीठ के समक्ष पहुंची थी। सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने शुभकरण की मौत के बाद एफआईआर दर्ज करने में हुई एक सप्ताह की देरी के लिए हरियाणा व पंजाब दोनों राज्यों को जमकर फटकार लगाई। हाईकोर्ट ने कहा कि एक सप्ताह तक शव को रखा गया और जांच आरंभ नहीं की गई। मौत प्राकृतिक नहीं थी तो ऐसे में क्यों पोस्टमार्टम व एफआईआर दर्ज करने में इतनी देरी हुई। पंजाब सरकार ने बताया कि गत दिवस एफआईआर दर्ज कर पोस्टमार्टम किया जा चुका है।

# जाति-धर्म के आधार पर कैदियों को अलग न करें

▸▸ गृह मंत्रालय ने राज्यों से कहा रसोई संभालने जैसे कार्यों में बंद किया जाए भेदभाव

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्र सरकार ने राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से कहा है कि कैदियों को उनकी जाति और धर्म के आधार पर अलग नहीं किया जाए और उन्हें जेल की रसोई का काम संभालने जैसे कार्य देने में भेदभाव बंद होना चाहिए।

गृह मंत्रालय ने कहा कि कुछ राज्यों के जेल मैनुअल में कैदियों को उनकी जाति और धर्म के आधार पर अलग-अलग रखने का उल्लेख है और उन्हें जेल में उसी आधार पर काम सौंपे जा रहे हैं। जबकि भारत का संविधान धर्म, नस्ल, जाति या जन्म स्थान के आधार पर किसी भी तरह के भेदभाव पर रोक लगाता है। गृह मंत्रालय द्वारा तैयार और मई 2016 में सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को वितरित किए गए मॉडल जेल मैनुअल, 2016 में रसोई के प्रबंधन या भोजन पकाने में कैदियों के साथ जाति और धर्म-आधारित भेदभाव को स्पष्ट रूप से प्रतिबंधित किया है। इसमें कहा गया कि मैनुअल में यह भी उल्लेख है कि किसी जाति या धर्म विशेष के कैदियों के समूह के साथ विशेष व्यवहार पर सख्त पाबंदी है। गृह मंत्रालय ने कहा है कि मैनुअल अथवा कानून से भेदभाव वाले प्रावधानों को हटाने के लिए तत्काल कदम उठाए जाने चाहिए।


## कार्यालय ग्राम पंचायत पचौमी, वि.खं. फरीदपुर (बरेली)

**निविदा सूचना**

सभी अधिकृत फर्मों व विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत पचौमी में मनरेगा योजना से निम्न निर्माण कार्य हेतु स्थल पर सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मों से निविदा आमंत्रित की जाती है, सामग्री विवरण निम्नवत् है-ईंट, बजरफुट, सरिया, सीमेन्ट, रेत व अन्य सामग्री जो प्राक्कलन में लिखित है।

| क्र.सं. | निर्माण कार्य का नाम जिसकी निविदा जारी की जाती है | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 1. | प्यारे मौर्य के घर से हरीराम कश्यप के घर के सामने तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य | 3.986/- |
| 2. | ग्राम पचौमी में मवेशी आश्रय स्थल निर्माण कार्य (कन्वर्जेंस) | 14.41/- |

उक्त कार्य हेतु सीलबंद निविदायें प्रकाशन के तीसरे दिन दोपहर 02 बजे निविदादाताओं या उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जायेंगी। कार्य हेतु सामग्री आपूर्ति आदि की सूचना ग्राम पंचायत पर उपलब्ध हैं जो किसी भी कार्यालय दिवस में देखी जा सकती है।

ग्राम प्रधान-बीनू देवी | सचिव-अजय दुबे

## कार्यालय ग्राम पंचायत प्रेमपुर मुरारपुर, वि.खं. नवाबगंज (बरेली)

**निविदा आमंत्रण सूचना**

समस्त पंजीकृत फर्मों एवं विक्रेताओं को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत प्रेमपुर मुरारपुर, वि.खं. नवाबगंज, जिला बरेली वित्तीय वर्ष 2023-24 के अन्तर्गत मनरेगा योजना के अन्तर्गत निम्न कार्यों को कराये जाने हेतु ईंट, रोड़ा, सीमेन्ट, बजरफुट, रेता, सरिया, गेट, टाईल्स/पत्थर, बजरी, ठेली का सामान व शौचालय के सामान की सामग्री आवश्यक रूप से सीलबंद निविदायें ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 01.03.2024 पूर्वान्ह 10 बजे से दिनांक 05.03.2024 दोपहर 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन दिनांक 05.03.2024 दोपहर 2:00 बजे खोली जायेगी। निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | माप | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|
| 1. | ओमपाल के घर से सत्यपाल के घर तक सी.सी. व नाली निर्माण कार्य | 120 मी. | 4,42,000/- |

ग्राम प्रधान-सूरजा देवी | सचिव-संजय वर्मा

## कार्यालय ग्राम पंचायत पुरैनिया, वि.खं. भदपुरा, बरेली

**निविदा आमंत्रण सूचना**

सभी पंजीकृत फर्मों/विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत पुरैनिया में वर्ष 2023-24 में मनरेगा योजना से सी.सी. रोड व नाली निर्माण कार्य कराये जाने हैं, जिसके लिए रोड़ी, ईंट, मोरंग, बजरी, सीमेन्ट, बजरफुट, रेता आदि का क्रय किया जाना है। जिसके लिए सीलबन्द निविदायें दिनांक 01.03.2024 से 06.03.2024 तक समय अपरान्ह 12:00 बजे तक आमंत्रित की जायेंगी जो उसी दिन ग्राम पंचायत में दोपहर 2:00 बजे खोली जायेंगी। ग्राम पंचायत को किसी भी समय बिना कारण बताये निविदा को निरस्त करने का अधिकार होगा।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 1. | सोमपाल के घर से महेंद्र पाल के घर तक सी.सी. व नाली निर्माण कार्य | 2,89,252.00 |
| 2. | झाझन लाल के घर से रीत राम के घर तक सी.सी. व नाली निर्माण कार्य | 3,98,528.00 |

ख्यालीराम, ग्राम प्रधान | विकास पटेल, सचिव


## आतंकवादियों की सहायता करने वाला कश्मीरी पत्रकार पांच साल बाद रिहा

श्रीनगर, एजेंसी

आतंकवादियों को मदद देने के आरोप में गिरफ्तार कश्मीरी पत्रकार आसिफ सुल्तान को पांच साल तक हिरासत में रखने के बाद रिहा कर दिया गया है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि जम्मू-कश्मीर उच्च न्यायालय द्वारा दिसंबर में जनसुरक्षा अधिनियम के तहत जारी हिरासत आदेश को रद्द किए जाने के दो महीने बाद सुल्तान को रिहा किया गया है। अदालत ने कहा कि अधिकारियों ने ''अधिनियम की भावना के तहत जरूरी प्रक्रिया का अनुपालन नहीं किया।'' अधिकारियों ने बताया कि सुल्तान की रिहाई में देरी हुई क्योंकि उत्तर प्रदेश के आंबेडकर नगर जेल के अधिकारियों को कश्मीर के गृह विभाग और श्रीनगर के जिलाधिकारी की ओर से रिहाई मंजूरी संबंधी पत्र का इंतजार था।

अधिकारियों ने बताया, सुल्तान आज अपने घर पहुंचे और सीने में संक्रमण की जांच के लिए उन्हें एसएमएचएस अस्पताल ले जाया गया। जम्मू-कश्मीर उच्च न्यायालय ने अप्रैल 2022 में सुल्तान को इस आधार पर यूएपीए के मामले में जमानत दे दी कि जांच एजेंसियां उनका किसी आतंकवादी समूह से संबंध स्थापित करने में नाकाम रही हैं। हालांकि, कुछ दिन बाद ही उनके खिलाफ जनसुरक्षा अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई।

## 'जियो पारसी' योजना के लिए संशोधित दिशा-निर्देश जारी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने बृहस्पतिवार को यहां आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान संशोधित 'जियो पारसी' योजना और मुंबई विश्वविद्यालय में अवेस्ता-पहलवी भाषा केंद्र की शुरुआत की।

'जियो पारसी' केंद्र की योजना है जिसे वैज्ञानिक प्रोटोकॉल और व्यवस्थित हस्तक्षेप से पारसी समुदाय की जनसंख्या में गिरावट को रोकने के लिए 2013-14 में शुरू किया गया था। यहां जारी एक विज्ञप्ति के मुताबिक 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना के साथ अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय ने पारसी लोगों की विरासत का सम्मान करने के लिए और देश को परिभाषित करने वाली एकता, विविधता और समावेशिता का उदाहरण पेश करने के लिए दिल्ली पारसी अंजुमन में एक कार्यक्रम की मेजबानी की।

इसमें कहा गया है कि अल्पसंख्यक मामलों की मंत्री स्मृति ईरानी की अध्यक्षता में संपन्न इस कार्यक्रम का उद्देश्य पारसी समुदाय के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत करना और एक व्यापक दृष्टिकोण अपनाते हुए पारसी लोगों की विरासत का सम्मान करना है।


**सम्मन बनाम प्रतिवादी**
**अदालत श्रीमान उपजिलाधिकारी महोदय कलीनगर**
**वाद संख्या T202312560402896 सन् 2023**

1. विनीता सिंह पत्नी परशुराम सिंह नि. ग्राम माधौटांडा तहसील कलीनगर पीलीभीत....वादिनी 1. अंजली देवी पत्नी हरवंश सिंह नि. ग्राम माधौटांडा तहसील कलीनगर...पीलीभीत 2. इस्तहाक अली पुत्र मुस्तफा शाह नि. ग्राम रामपुर ता. महराजपुर तह. पूरनपुर 3. करतार सिंह पुत्र आशा सिंह हाल नि. ग्राम टाब्बर तह. नुक्कड़ा जिला सहारनपुर 4. गुरविन्दर सिंह पुत्र रणजीत सिंह नि. अमृतपुर तहसील पूरनपुर-पीलीभीत 5. यासीन पुत्र इब्राहिम नि. ग्राम माधौटांडा तहसील कलीनगर-पीलीभीत 6. श्रीमती अनीता देवी पत्नी मुनेन्द्र सिंह निवासी गोमतीनगर लखनऊ 7. श्रीमती आरती देवी पत्नी अरविन्द सिंह नि. ग्राम पंडरी तह. व जिला बरेली 8. सतवेन्द्र पुत्र श्याम बिहारी नि. ग्राम माधौटांडा तहसील कलीनगर-पीलीभीत 9. ग्राम सभा द्वारा ग्राम प्रधान ग्राम टांडामाधौ तहसील कलीनगर.......प्रतिवादीगण धारा-116 उ.प्र. रा. संहिता ग्राम-टांडा माधौ तह. कलीनगर, पीलीभीत वाजैही कि आपके खिलाफ एक नालिस दफा 116 उ.प्र.रा.सं. दायर की है अत: आज दिनांक 04.03.2024 वक्त 11 बजे दिन असालतन या विकालतन या अन्य कोई शख्स जो वाकिफ हाल मुकदमा उक्त दिनांक पर अपनी जवाबदेही पेश करो या आपको लाजिम है कि उसी रोज अपने जुमला गवाहों को व नीज दस्तावेज जिनकी सहादत पर आपव ताईद अपनी जवाबदेही इस्तदकाल करना चाहते हो पेश करो अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो उसकी समात आपकी गैर हाजिर में आपके मसमूह फैसला होगा। दिनांक 23.02.2024 को मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से जारी किया गया।

न्यायालय उप जिलाधिकारी, कली नगर, पीलीभीत

## पब्लिक नोटिस

मेरे मुवक्किल सेवा गृह ऋण लि. शाखा बरेली की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मो. राशिद खान पुत्र कल्लू खान, निवासी स्वालेनगर नवदिया, सी.बी.गंज, बरेली के है वह एक किता प्लाट रकवा 41.80 वर्ग.मी. गाटा सं. 2, 3 व 4 का भाग ग्राम भगवन्तपुर मकरूका तहसील व जिला बरेली में स्थित है को काशिफ अली पुत्र जमशेद अली निवासी 253/20 स्वालेनगर नवदिया बरेली से खरीदने के उपरांत मेरे मुवक्किल से ऋण ले रहे हैं। उपरोक्त जगह का एक किता बैनामा दिनांक 12.06.2014 बही नं. 1 जिल्द 7142 पेज 307 से 322 दस्तावेज नं 8132 जो कि काशिफ अली के हक में था, वास्तव में कहीं खो गया है। बैनामा खोने के सम्बन्ध में दिनांक 27.02.2024 को प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करा दी है। इस सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/संस्था/बैंक को को आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 7 दिन के अन्दर समस्त दस्तावेजों के साथ मेरे या सेवा गृह ऋण लि. शाखा बरेली के कार्यालय में प्रस्तुत की जा सकती है उक्त काल में कोई आपत्ति प्राप्त नही होती है तो यह मानते हुये कि इस विषय में को आपत्ति किसी व्यक्ति को नही है उक्त ऋण मो. राशिद खान पुत्र कल्लू खान को प्रदान कर दिया जायेगा।

सुशान्त सक्सेना, एडवोकेट
पैनल एडवोकेट
सेवा गृह ऋण लि. शाखा बरेली
बगिया चैम्बर नं. 1, निकट पोस्ट आफिस
सिविल कोर्ट कम्पाउण्ड, बरेली।
मो. नं. 9837205613


## हाईकोर्ट ने लगाई फटकार, बिना अनुमति के नहीं मिलेगी पैरोल

चंडीगढ़, एजेंसी

**राम रहीम को बड़ा झटका**



गुरमीत राम रहीम को लगातार पैरोल मिलने के मामले में पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने कड़ा रुख अपनाते हुए हरियाणा सरकार को जमकर फटकार लगाई है। हाईकोर्ट ने कहा कि क्यों केवल राम रहीम को बार-बार पैरोल मिल रही है? बाकी कैदियों को क्यों नहीं लाभ दिया जाता? हाईकोर्ट ने हरियाणा सरकार को आदेश दिया है कि अब अदालत की अनुमति के बिना राम रहीम को पैरोल नहीं दी जाएगी।

शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति (एसजीपीसी) ने याचिका दाखिल करते हुए राम रहीम को बार-बार हरियाणा सरकार द्वारा दी जा रही पैरोल के खिलाफ जनहित याचिका दाखिल की थी। सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने सरकार द्वारा डेरा सच्चा सौदा प्रमुख को बार बार पैरोल/फरलो देने पर सवाल खड़े किए। हाईकोर्ट ने हरियाणा सरकार को आदेश दिया है कि अगली सुनवाई पर बताया जाए कि सरकार के पास कितने कैदियों को पैरोल और फरलो की अर्जियां आई हैं और उनमें से कितनों को पैरोल और फरलो दी गई है। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट कर दिया कि अब राम रहीम को अदालत की मंजूरी के बिना पैरोल नहीं दी जाएगी।

## डीआरडीओ ने किया कम दूरी की वायु रक्षा प्रणाली मिसाइल का सफल परीक्षण

नई दिल्ली, एजेंसी



रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने 28 और 29 फरवरी 2024 को ओडिशा में चांदीपुर के तट पर एकीकृत परीक्षण रेंज से बहुत कम दूरी की वायु रक्षा प्रणाली (वीएसएचओआरएडीएस) मिसाइल के दो सफल उड़ान परीक्षण किए।

ये दोनों परीक्षण जमीन से संचालित किये जाने वाले हल्के तथा सचल प्रक्षेपक से किये गए। ये परीक्षण विभिन्न अवरोधन परिदृश्यों के तहत उच्च गति वाले मानवरहित हवाई लक्ष्यों को नष्ट करने के उद्देश्य से किया गया। इसके तहत मिशन के उद्देश्यों को पूरा करते हुए लक्ष्यों को मिसाइलों द्वारा अवरुद्ध किया और फिर उन्हें नष्ट कर दिया। गौरतलब है कि बहुत कम दूरी की वायु रक्षा प्रणाली की मिसाइल एक मानवीय स्तर पर कहीं पर भी ले जाने में सक्षम वायु रक्षा प्रणाली (एमएएनपीएडी) है, जिसे डीआरडीओ के अन्य प्रयोगशालाओं तथा भारतीय उद्योग भागीदारों के सहयोग से रिसर्च सेंटर इमारत (आरसीआई) द्वारा स्वदेशी रूप से तैयार और विकसित किया गया है। इस बहुत कम दूरी की वायु रक्षा प्रणाली की मिसाइल में अल्प प्रतिक्रिया वाली नियंत्रण प्रणाली (आरसीएस) और एकीकृत वैमानिकी सहित कई नवीन तकनीकों को शामिल किया गया है, जो परीक्षणों के दौरान सफलतापूर्वक लाभदायक साबित हुई हैं।


## कार्यालय ग्राम पंचायत सरारी, वि.खं. आलमपुर जाफराबाद, बरेली

**निविदा आमंत्रण सूचना**

सभी पंजीकृत फर्मों/विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सरारी में वर्ष 2023-24 में मनरेगा योजना से सी.सी. रोड व नाली निर्माण कार्य कराये जाने हैं, जिसके लिए रोड़ी, ईंट, मोरंग, बजरी, सीमेन्ट, बजरफुट, रेता आदि का क्रय किया जाना है। जिसके लिए सीलबन्द निविदायें दिनांक 01.03.2024 से 03.03.2024 तक समय अपरान्ह 12:00 बजे तक आमंत्रित की जायेंगी जो उसी दिन ग्राम पंचायत में दोपहर 2:00 बजे खोली जायेंगी। ग्राम पंचायत को किसी भी समय बिना कारण बताये निविदा को निरस्त करने का अधिकार होगा।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | माप | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|
| 1. | अशोक की दुकान से सोहन पाल की जगह तक सी.सी. व नाली निर्माण कार्य | 120x3 | 3.84 लाख |

श्रीमती विनीता देवी, ग्राम प्रधान | विश्वजीत सिंह, सचिव

## कार्यालय नगर निगम शाहजहाँपुर

पत्रांक : 394/PRO/नि.वि./न.नि.शाह./2023-24 दिनांक : 29.02.2024

**सामान्य निविदा प्रणाली**

नगर निगम, शाहजहांपुर की ओर से नगर क्षेत्रान्तर्गत निकाय निधि/राज्य वित्त आयोग अन्तर्गत विभिन्न स्थानों पर होली पर्व से पूर्व वैरिकेटिंग/तिरपाल आदि की परम्परागत तौर पर व्यवस्था हेतु 03 कार्यो की सामान्य निविदा प्रणाली (मैनुअल) के माध्यम से मुहरबंद निविदायें दिनांक 29.02.2024 को आमंत्रित की गयी थी परन्तु उक्त निविदायें अपरिहार्य कारणों से दिनांक 05.03.2024 को दोपहर 03:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो तद्दिनांक सायं 4:00 बजे सक्षम अधिकारी/ठेकेदारों अथवा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोले जाने तथा निविदा प्रपत्र निकाय के रिकार्ड कक्ष से प्रकाशन तिथि से दिनांक 04.03.2024 तक क्रय किया जाना प्रस्तावित है। निविदा की शर्ते किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में देखी जा सकती है। टेंडर को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा।

नगर आयुक्त


## कर्नाटक विधानमंडल के दोनों सदनों से पारित हुआ मंदिर संबंधी विधेयक

बेंगलुरु, एजेंसी

दस लाख रुपये से अधिक वार्षिक आय वाले मंदिरों से राजस्व एकत्र करने के प्रावधान संबंधी विधेयक को पुनर्विचार के लिए बृहस्पतिवार को पेश किया गया और इसे कर्नाटक विधानमंडल के दोनों सदनों ने पारित कर दिया। यह विधेयक पिछले सप्ताह विधान परिषद में भारतीय जनता पार्टी-जनता दल (सेक्युलर) के सदस्यों के विरोध के कारण पारित नहीं हो सका था।

कर्नाटक हिंदू धार्मिक संस्थान और धर्मार्थ बंदोबस्ती (संशोधन) विधेयक, 2024 को अब सीधे राज्यपाल के पास उनकी सहमति के लिए भेजा जाएगा, जिसके बाद यह कानून बन जाएगा। निम्न सदन में 21 फरवरी को पारित किए जाने के बाद यह विधेयक 23 फरवरी को उच्च सदन में ध्वनिमत से गिर गया था, क्योंकि यहां विपक्ष के पास बहुमत है। निम्न सदन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि विधेयक पर विधानसभा में आज एक बार फिर से पुनर्विचार और पारित होने के बाद इसे विधान परिषद भेजा गया और वहां भी यह पारित हो गया। विपक्षी दलों भाजपा और जद (एस) के सदस्य बृहस्पतिवार को विधेयक पारित होने के समय सदन में मौजूद नहीं थे, क्योंकि उन्होंने कांग्रेस नेता सैयद नासिर हुसैन को राज्यसभा के लिए निर्वाचित घोषित किए जाने के बाद विधानसभा में कथित तौर पर 'पाकिस्तान जिंदाबाद' के नारे लगाने वाले दोषियों को पकड़ने में 'निष्क्रियता' के लिए सरकार के इस्तीफे की मांग को लेकर सदन से बहिर्गमन किया था। विधानसभा में बृहस्पतिवार को विधेयक पेश करते हुए हिंदू धार्मिक बंदोबस्ती (मुजराई) मंत्री रामलिंगा रेड्डी ने कहा, ''विधेयक पहले विधानसभा द्वारा पारित किया गया था, लेकिन विधान परिषद में यह पारित नहीं हो सका था।


## कार्यालय ग्राम पंचायत गुलड़िया भिण्डारा, जिला-पीलीभीत

पत्रांक : मेमो/न.प.गु.भि./2023-24 दिनांक : 27.02.2024

**नोटिस**
**(अन्तर्गत धारा-143, नगर पालिका अधिनियम 1916)**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित विवरण के अनुसार कॉलम सं.-4 में अंकित व्यक्ति के द्वारा किये गये रजिस्टर्ड बैनामा के द्वारा हस्तान्तरण के आधार पर कॉलम-5 में उल्लिखित व्यक्ति ने अपना नाम गृहकर पंजिका में दर्ज किये जाने हेतु इस कार्यालय में प्रार्थना-पत्र दिया है। यदि कॉलम सं.-5 में अंकित व्यक्ति के नाम को गृहकर पंजिका में अंकित किये जाने में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विज्ञापन के प्रकाशन तिथि के एक माह के अन्दर कार्यालय नगर पंचायत गुलड़िया भिण्डारा में लिखित रूप से प्रस्तुत कर सकता है। उल्लिखित समय सीमा के अन्दर किसी प्रकार की आपत्ति प्राप्त न होने की दशा में प्रस्तावित नाम को नगर पंचायत के गृहकर रजिस्टर में गृहकर वसूली के उद्देश्य से दर्ज कर दिया जायेगा।

| क्रम संख्या | सम्पत्ति का विवरण | हस्तांतरण हेतु प्रस्तावित सम्पत्ति का वार्ड का नाम व पता | रजिस्टर्ड बैनामाकर्ता वसीयतनामाकर्ता का नाम व पता | प्रस्तावित व्यक्ति का नाम जो उक्त सम्पत्ति का गृहकर हेतु दर्ज किये जाने हेतु | हस्तांतरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | गाटा सं. 200 रकबा 68.77 वर्ग मी | नगर पंचायत गुलड़िया भिण्डारा वार्ड 02 तह. अमरिया जिला-पीलीभीत | श्री भजन सिंह पुत्र श्री प्रीतम सिंह नि. ग्राम बनगवां पोस्ट सरपुड़ा तह. खटीमा जिला ऊधमसिंह नगर, उत्तराखंड | बख्शीश सिंह पुत्र प्रीतम सिंह नि. ग्राम बनगवां पोस्ट सरपुड़ा तह. खटीमा जिला ऊधमसिंह नगर, उत्तराखंड | रजिस्टर्ड दानपात्र |
| 2. | गाटा सं. 200 | नगर पंचायत गुलड़िया भिण्डारा वार्ड 02 तह. अमरिया जिला-पीलीभीत | श्री ज्ञान सिंह पुत्र श्री सरदार आशा सिंह नि. ग्राम मझारा परगना व तह. अमरिया जिला पीलीभीत | बख्शीश सिंह पुत्र प्रीतम सिंह एवं बलवन्त सिंह पुत्र श्री प्रीतम सिंह नि. ग्राम बनगवां पोस्ट सरपुड़ा तह. खटीमा जिला ऊधमसिंह नगर, उत्तराखंड | रजिस्टर्ड दानपात्र |

अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत गुलड़िया भिंडारा, पीलीभीत | अध्यक्ष, नगर पंचायत गुलड़िया भिंडारा, पीलीभीत

## कार्यालय ग्राम पंचायत वीरपुरा, वि.खं. आलमपुर जाफराबाद, बरेली

**निविदा आमंत्रण सूचना**

सभी पंजीकृत फर्मों/आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत वीरपुरा में वार्षिक कार्य योजना के अनुसार वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा, पंचम राज्य वित्त, केन्द्रीय वित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से स्वीकृत कार्यों के लिए सामग्री, जिसमें ईंट, सीमेन्ट, मोरंग, बजरी, रेता, इंटरलॉकिंग, सरिया, रोड़ा, टाइल्स, पाइप आदि सामग्री खरीद, सोलर, स्ट्रीटलाइट, प्रचार-प्रसार सामग्री, ग्रिल एंगल, टीन, तार आदि की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। प्राप्त सीलबन्द निविदायें उसी दिन सायं 4:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय पर खोली जायेंगी। प्राप्त निविदाओं की स्वीकृत अथवा निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | योजना | अनुमानित धनराशि |
|---|---|---|---|
| 1. | पंचायत घर के पास ट्रान्सफार्मर से नीरज के घर तक सी.सी. व नाली निर्माण कार्य | मनरेगा | 3,62,573.00 |
| 2. | सुरक्षा दीवार से पंचायत घर तक सी.सी. व नाली निर्माण कार्य | ग्राम निधि | 4,98,000.00 |

प्रधान-कमलेश | सचिव-ग्रीश कुमार

हिंसाबबलमसाधूनां राज्ञा दण्डविधिर्बलम्।
शुश्रुषा तु बलं स्त्रीणां क्षमा गुणवतां बलम्॥

हिंसा दुष्ट लोगों का बल है, दंडित करना राजा का बल है, सेवा करना स्त्रियों का बल है और क्षमाशीलता गुणवानों का बल है।

## संपादकीय

# संदेशखाली और राजनीति

पश्चिम बंगाल की राजनीति में संदेशखाली का विवाद राष्ट्रीय आक्रोश का मुद्दा बना हुआ है। पिछले पखवाड़े तृणमूल कांग्रेस सरकार को संदेशखाली में हुई घटनाओं से असंवेदनशील तरीके से निपटने के लिए आलोचना का सामना करना पड़ा। तृणमूल कांग्रेस भाजपा पर मामले को तूल देने के आरोप लगाती रही है, वहीं भाजपा अपराधियों को बचाने के आरोप सत्तारूढ़ दल पर लगा रही है। दरअसल एक अनाज घोटाले में ईडी की कार्रवाई पर टीएमसी कार्यकर्ताओं के प्रतिरोध और उसके बाद ईडी अधिकारियों पर हमले के बाद संदेशखाली में नए-नए खुलासे होते रहे हैं। हिंसा व दबंगई के लिए कुख्यात इलाके में दबंग राजनेताओं द्वारा जमीन कब्जाने और आदिवासी महिलाओं के शोषण के मामले उजागर हुए। 8 फरवरी से स्थानीय महिलाओं ने शाहजहां शेख और उसके समर्थकों के खिलाफ प्रदर्शन शुरू किया। महिलाओं ने आरोप लगाया कि शाहजहां शेख और उसके लोग महिलाओं का यौन शोषण करते थे। आखिरकार संदेशखाली कांड के मुख्य आरोपी शेख शाहजहां को 55 दिन बाद बुधवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसके करीबी अमीर अली गाजी को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

टीएमसी की ओर से शुरूआत में यह संदेश देने का प्रयास किया गया कि शाहजहां सामाजिक कार्यकर्ता था जिसे प्रवर्तन निदेशालय और भाजपा द्वारा गलत तरीके से निशाना बनाया जा रहा था। मुख्यमंत्री के वफादारों ने जोर देकर कहा कि टीएमसी नेताओं के चरित्र पर कोई दाग नहीं है। यहां तक कि छेड़छाड़ और बलात्कार के आरोप लगाने वालों से वीडियोग्राफिक सबूत पेश करने को कहा गया। मांग की गई कि शाहजहां और उसके गुर्गों के खिलाफ आरोप लगाने वाली महिलाएं अपना चेहरा दिखाएं ताकि साबित हो सके कि वे स्थानीय थीं, बाहरी नहीं। लोकसभा चुनाव करीब आने के साथ, यह स्वाभाविक है कि ममता बनर्जी अपना ध्यान संदेशखाली से और विशेष रूप से स्थानीय टीएमसी नेताओं द्वारा महिलाओं के शोषण से, वह भी पार्टी कार्यालय के अंदर से हटाना चाहेंगी। संदेशखाली के प्रतिकूल प्रभावों को दूर करने के लिए मुख्यमंत्री जवाबी कार्रवाई के अपने आजमाए और परखे हुए तरीकों पर भरोसा करती नजर आ रही हैं। सबसे पहले, उन्होंने लक्ष्मीर भंडार योजना के तहत महिलाओं को भुगतान दोगुना करने सहित कई अतिरिक्त कल्याणकारी लाभों की घोषणा की। राजनीतिक संरक्षण में अपराधियों का फलना-फूलना किसी भी समाज के लिए दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति ही है। जबकि संगीन अपराध के मुद्दे पर राजनीति करने के बजाय वास्तविक अपराधियों को दंडित कराना ही प्राथमिकता होनी चाहिए। पीड़ितों को न्याय दिलाने में तत्परता दिखानी चाहिए।

# गंगा नदी का अस्तित्व खतरे में


अविनाश झा
डीएफएमओ, चित्रकूट

राष्ट्रीय नदी के रूप में सम्मानित गंगा देश की एक चौथाई जल की आपूर्ति करती है। हिंदुओं के लिए गंगाजल सर्वाधिक पवित्र है। धर्मग्रंथों के अनुसार मोक्ष दायिनी गंगा में डुबकी लगाने से ही जन्म जन्मांतर के पापों से छुटकारा मिल जाता है।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने मार्च 2023 में उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल के 94 जगहों से गंगा जल की जांच कराई थी जिसमें पाया गया कि अधिकांश स्थानों पर गंगा का पानी पीने योग्य क्या, नहाने लायक भी नहीं रह गया है। शहर के सीवरेज ने गंगा जल की ऐसी दुर्दशा कर दी है कि गंगा के पानी को फिल्टर तक नहीं किया जा सकता है। पिछले दो वर्षों में पटना के घाटों पर गंगा जल का प्रदूषण 10 गुना अधिक हो गया है। पानी के प्रदूषण, घटते जल स्तर, निरंतर कम होते नदी पाट, सिल्टों के जमाव से नदी सिमट रही है। स्वाभाविक रूप से गंगा नदी धीरे-धीरे मृतप्राय होने की स्थिति में आ रही है।

आईआईटी खड़गपुर के प्रोफेसर अभिजीत मुखर्जी के साथ कनाडियन शोधकर्ता सौमेंद्र नाथ भांजा और ऑस्ट्रिया के योशिहीदी वाडा ने 2015 से 2017 के मध्य गंगा नदी पर किए अपने अध्ययन में कहा कि गंगा नदी में हरिद्वार से लेकर बंगाल की खाड़ी तक पानी पीने योग्य नहीं रह गया है। लगभग दो दशकों से गर्मियों के सीजन में गंगा के पानी के स्तर में निरंतर कमी देखी जा रही है। मई महीने में प्रयागराज के पास फाफामऊ में गंगा के पानी का स्तर इतना कम हो जाता है कि लोग इसे आसानी से पैदल ही पार कर सकते थे।

वर्ष 1999 से 2013 के बीच गर्मी के सीजन में गंगा के पानी में प्रत्येक साल 0.5 से 38.1 सेमी तक की कमी दर्ज की गई है। शोधकर्ताओं ने यह भी कहा कि अगले तीस वर्षों तक गंगा में भूजल का हिस्सा लगातार घटता रहेगा। यह सिलसिला जारी रहने की स्थिति में नदी के पर्यावरण पर तो बेहद प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा ही, गंगा की घाटी में रहने वालों के सामने भोजन का गंभीर संकट भी पैदा हो सकता है। अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए ने वर्ष 1958 से लेकर वर्ष 1972 के बीच गंगा बेसिन की गुप्त तरीके से लगभग आठ हजार सैटेलाइट तस्वीरें ली थीं, जो वर्ष 2018 में पब्लिक की गई। उस समय की तस्वीरों के साथ आज के तस्वीरों के विश्लेषण से पता चलता है कि गंगा नदी ने अपना रंग, रूप और रास्ता अनेक स्थानों पर बदल लिया है। गंगा के बड़े- बड़े और चौड़े बहाव क्षेत्र अब पतली शाखाओं में बदल गए हैं। वर्ष 1965 में हरिद्वार में गंगा नदी

आईआईटी खड़गपुर के प्रोफेसर अभिजीत मुखर्जी के साथ कनाडियन शोधकर्ता सौमेंद्र नाथ भांजा और ऑस्ट्रिया के योशिहीदी वाडा ने 2015 से 2017 के मध्य गंगा नदी पर किए अपने अध्ययन में कहा कि गंगा नदी में हरिद्वार से लेकर बंगाल की खाड़ी तक पानी पीने योग्य नहीं रह गया है।

की मुख्य धारा की लंबाई 3.63 वर्ग किलोमीटर थी, जो अब बढ़कर 6.67 वर्ग किलोमीटर हो गई है, लेकिन नदी का बहाव रोकने वाला किनारा 17.85 वर्ग किलोमीटर से घटकर 7.07 वर्ग किलोमीटर हो गया है। 1965 में बिजनौर में गंगा नदी की मुख्य धारा की लंबाई 15 वर्ग किलोमीटर थी, जो अब बढ़कर 19 वर्ग किलोमीटर हो चुकी है। कानपुर में गंगा नदी की लंबाई 1965 में 15.5 वर्ग किलोमीटर थी, जो अब बढ़कर 17.63 वर्ग किलोमीटर हो गई है, लेकिन कछार का इलाका तेजी से घट गया है। यह 20.62 वर्ग किलोमीटर से घटकर 4.98 वर्ग किलोमीटर हो चुका है। 1976 में प्रयागराज में नदी का कुल क्षेत्रफल 43.88 वर्ग किलोमीटर था, जो अब घटकर 19.02 वर्ग किलोमीटर हो गया है। भागलपुर में गंगा नदी की कई शाखाएं थीं, लेकिन मुख्य धारा काफी ज्यादा चौड़ा है। यहां पर मुख्य धारा की लंबाई 40 वर्ग किलोमीटर थी, जो बढ़कर 45 वर्ग किलोमीटर हो चुकी है यानी चौड़ाई कम होती जा रही है, नदी की लंबाई बढ़ती जा रही है। फरक्का में नदी की मुख्य धारा की लंबाई में काफी ज्यादा अंतर आया है। यह पहले 43.34 वर्ग किलोमीटर था, जो अब बढ़कर 56.85 वर्ग किलोमीटर हो गया है।

वर्ल्ड वाइल्डलाइफ फंड के अनुसार गंगा में डॉल्फिन की संख्या 1980 के दशक के 5,000 से घट कर अब 1,800 पर आ पहुंची है। शुद्ध गंगा नदी के पानी की कमी घनी आबादी वाले उत्तरी भारतीय मैदानों की घरेलू जल आपूर्ति, सिंचाई के लिए पानी की आवश्यकताओं, नदी परिवहन, पारिस्थितिकी आदि को खतरे में डाल सकती है। नदी के पानी में कमी का खाद्य उत्पादन पर सीधा प्रभाव पड़ता है, जो इस क्षेत्र में रहने वाली 100 मिलियन से अधिक आबादी के लिए खतरे का संकेत है। नदी का जल स्तर इस तरह घट रहा है कि हाल में गंगा नदी शुरू की गई क्रूज सेवा एक जगह कम पानी होने के कारण तथा सिल्ट होने के कारण कई दिनों तक एक ही जगह खड़ी रही। रिपोर्ट के अनुसार वाराणसी में गंगा नदी घाट से लगभग सात से दस फीट अंदर की ओर खिसक गई है। यहां गंगाजल का स्तर पूर्व से लगभग छह फीट नीचे गिर गया है। जाहिर है आज गंगा गंभीर संकट से गुजर रही है।

राष्ट्रीय नदी के रूप में सम्मानित गंगा देश की एक चौथाई जल की आपूर्ति करती है। हिंदुओं के लिए गंगाजल सर्वाधिक पवित्र है। धर्मग्रंथों के अनुसार मोक्ष दायिनी गंगा में डुबकी लगाने से ही जन्म जन्मांतर के पापों से छुटकारा मिल जाता है। गंगा को इस विकट स्थिति में पहुंचाने के पीछे शहरों के सीवरों का गंदा पानी, प्लास्टिक थैलियों का निस्तारण, उद्योगों से निकला रासायनिक कचरा, डैम और बैराज का निर्माण, लाशों को जलाना आदि जिम्मेदार है। हिमालय में चीन द्वारा निर्मित विभिन्न डैम परियोजनाओं का असर भी गंगा के जल स्तर पर पड़ रहा है। हिमालयी क्षेत्र में अनियंत्रित और अनियोजित विकास जिम्मेदार है। गंगा प्रदूषण से जैव विविधता पर खतरा उत्पन्न हो गया है जिससे कई जलीय जीव और पर्यावरणीय पदार्थों का अस्तित्व ही समाप्ति के कगार पर है। हरिद्वार में गंगा नदी से पत्थरों को निर्माण कार्य के लिए अवैध रूप से निकाला जा रहा है जिससे गंगा के तटबंधों को नुकसान हो रहा है। पर्यावरण को हो रही क्षति का आंकलन किए बिना उत्तरकाशी, अलखनंदा और भागीरथी नदी पर अनियोजित डैम के निर्माण से गंगा का प्राकृतिक प्रवाह प्रभावित हो रहा है।

कोलकाता में लगभग 26 सीवरों का पानी बिना शोधित हुए गंगा में प्रवाहित हो रहा है। बिहार के भागलपुर में सिंचाई बैराज और प्रदूषण ने गंगा के इको सिस्टम प्रभावित कर दिया है। नदी किनारे स्थित शहरों के सीवर से निकला गंदा पानी नदी को सबसे ज्यादा प्रदूषित कर रहा है। गंगा नदी की सफाई के लिए वर्ष 1985 में पंद्रह वर्षीय गंगा एक्शन प्लान को वाराणसी में लांच किया गया था जिसमें वर्ष 2000 तक गंगा को पूरी तरह प्रदूषण मुक्त करने का लक्ष्य था। सरकारी आंकड़ों के अनुसार गंगा एक्शन प्लान के अंतर्गत अब तक 36 हजार करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं, लेकिन 38 वर्ष के बाद भी गंगा को प्रदूषण की समस्या से छुटकारा नहीं मिला है। निश्चित रूप से इसके लिए सरकारों की दृढ़ इच्छाशक्ति का अभाव ही जिम्मेदार है। वर्ष 2009 में बनी नेशनल गंगा रीवर बेसीन अथारिटी का लक्ष्य था कि वर्ष 2020 तक गंगा को प्रदूषण मुक्त कर इसे संरक्षित करना। मिशन क्लीन गंगा प्रोग्राम के पहले चरण में शहरों में घरों और उद्योगों से निकलने वाले गंदे पानी और कचरे को साफ करने पर ध्यान दिया जाना था।

गंगा के प्रदूषण में लगभग 35 प्रतिशत जिम्मेदार राज्यों उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल के सीवरों की निगरानी की जानी थी। गंगा संरक्षण के लिए गंगा नॉलेज सेंटर का गठन किया गया। परंतु 38 वर्षों के प्रयास के बाद भी गंगा में बिना किसी ट्रीटमेंट के 60 प्रतिशत सीवेज की निकासी जारी है। गंगा की स्वच्छता संबंधी पीएम की अध्यक्षता वाली राष्ट्रीय गंगा परिषद भी लगभग निष्क्रिय हो गई है। नमामि गंगे योजना का उद्देश्य गंगा के बिगड़े रंग-रूप को बदलना और प्रदूषण पर रोक लगाना था। वर्ष 2014-15 से लेकर 2020-2021 तक इस नमामि गंगे योजना के अंतर्गत 30 हजार करोड़ रुपए खर्च कर दिया गया, परंतु स्थिति में बहुत सुधार नहीं हो पाया है।

नदियों के पुनर्जीवित करने का सबसे बड़ा उदाहरण टेम्स नदी है, जो वर्ष 1950 तक पूरी तरह सीवर में बदल गई थी। इसमें ऑक्सीजन की मात्रा लगभग समाप्त हो गई थी जिससे जलीय जीवों के अस्तित्व पर खतरा मंडराने लगा था। गंभीरता को देखते हुए ब्रिटिश सरकार ने वर्ष 1964 में नदी सफाई अभियान चलाया। इस अभियान को सफलता पूर्वक 1970 के दशक के मध्य तक पूरा कर लिया गया। यदि टेम्स नदी को प्रदूषण मुक्त किया जा सकता है तो कोई कारण नहीं कि गंगा को स्वच्छ नहीं बनाया जा सकता है, बस राजनैतिक इच्छाशक्ति एवं सामाजिक सोच बदलने की आवश्यकता है।

## प्रसंगवश

# सामाजिक विवेक और चेतना


डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

समाज शब्द सम+अज, सामंजस्य से बना है। समाज शब्द में साथ रहने का भाव निहित है। पारस्परिकता, सहयोग, सामीप्य, सेवा, स्नेह, सम्मान, सहनशीलता, सामंजस्य आदि का भाव। सभी दिशाओं में समान गतिशीलता। समाज में स्वभाव से ही लोग समता के भाव से परस्पर जुड़े हुए होते हैं। पारस्परिकता तभी दृढ़ हो सकती है, जब समानता का भाव हो। समानता का भाव ही न्याय का आधार है, न्याय न हो तो समाज बिखर जाएगा। न्याय से ही समाज में संतुलन बना रहता है। सामाजिक विवेक और सामंजस्य चेतना न हो तो समाज जीवित रह सकता है? भयावह स्थितियों में भी सामंजस्य और समष्टिचेतना ने हार नहीं मानी? यह सच है कि समाज में संघर्ष सदा चलता रहता है और आगे भी चलता ही रहेगा, किंतु समाज तो समायोजन से ही बना है। संघर्ष सच है, किंतु सामंजस्य उससे बड़ा सच है। धर्म का मूल तत्व समन्वय है, सामंजस्य है, सहिष्णुता है, सत्य, शिव और सुंदर है। समाज और सामाजिकता यदि निर्बल हुई तो वैसे ही नए नए सामाजिक दोष, समस्याएं, विसंगतियां, विषमताएं, अपराध और सामाजिक रोग पैदा होते रहेंगे, जैसे जब शरीर निर्बल होता है तो रोग उसे ग्रस लेते हैं। विचार करना होगा कि इस पारस्परिकता, सहयोग, सामीप्य, सेवा, स्नेह, सम्मान, सहनशीता, सामंजस्य आदि को कोई क्षति तो नहीं पहुंचा रहा? हमें गहराई से पहचान करनी है, समझना है कि कौन-कौन लोग हैं, जो किसी न किसी सिद्धांत के आवरण में सामाजिक भाव पर चोट कर रहे हैं, समानता के भाव पर चोट कर रहे हैं। समानता के भाव में इतनी बड़ी ताकत है कि उन असभ्य और अर्द्धसभ्य कहे जाने वाले कबीलों में जब उपनिवेशवादी ताकतें पहुंची तो तीर कमानों और पत्थर के हथियारों ने बंदूक और बमों के छक्के छुड़ा दिए थे। जहां विषमता होती हैं, वहां अन्याय होता है, अनीति होती है, अत्याचार होता है और सामाजिकता का भाव वहां कुंठित हो जाता है और तब वहां स्वतंत्रता भी खतरे में पड़ जाती है। राज्य समाज की रक्षा के लिए है। ऐसा न हो कि राज्य के लिए समाज को कमजोर बना दिया जाए। राज्य अपने कर्तव्य को भूल न जाए, इस पर समाज को निरंतर सोचना होगा।

# डिजिटल इंडिया मिशन की ओर अग्रसर भारत


ऋषभ मिश्रा
सहायक प्रोफेसर
केआईटी, कानपुर

आईडीसी के डिजिटल बिजनेस सर्वे से संकेत मिलता है कि आज एक तिहाई से अधिक भारतीय कंपनियों में सीईओ डिजिटल रणनीति को आगे बढ़ाते हैं।

'न्यू इंडिया' के विचार ने हाल ही के वर्षों में सभी भारतीयों में बहुत अधिक आत्मविश्वास और आशावाद को प्रेरित किया है जिसमें से वैश्विक और क्षेत्रीय राजनीतिक परिदृश्य में कई मुद्दों पर आत्मविश्वास पूर्ण स्वतंत्र रुख अपनाने की हमारी क्षमता, ओलंपिक सहित सभी खेलों में असाधारण प्रदर्शन दर्ज कराना, और चन्द्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर (विश्व के किसी भी देश के द्वारा पहली बार) कामयाबी के साथ चन्द्रयान उतारना जैसे कई महत्वपूर्ण आयामों में से कुछ एक हैं, जो हमें यह विश्वास करने का कारण देते हैं कि अंततः न्यू इंडिया उभर रहा है।

वर्तमान में भारत का आर्थिक रूपांतरण जिसे डिजिटलीकरण द्वारा महत्वपूर्ण रूप से गति प्रदान की गई है, यह न्यू इंडिया का एक और जगमगाता हुआ उदाहरण है, जो विकसित हो रहा है। दुनियाभर के देशों और संगठनों में कोविड के कारण डिजिटल को अपनाने के लिए मजबूर होने से बहुत पहले ही वर्तमान सरकार ने डिजिटल अर्थव्यवस्था और डिजिटल वितरण मॉडल पर सक्रिय रूप से जोर दिया है। डिजिटल इंडिया मिशन 2015 में शुरू किया गया था। भारत सरकार ने न केवल सार्वजनिक कल्याण के लिए, बल्कि डिजिटल प्लेटफार्म और 'अवसंरचना का भारतीय समूह' (स्टैक) के निर्माण में भी क्रांति की शुरुआत की है, जो अर्थव्यवस्था के विभिन्न घटकों को लाभान्वित करते हुए विकास के लिए भी एक अनूठा मंच प्रदान करता है।

डिजिटलीकरण कृषि, परिवहन, स्वास्थ्य, सेवा और शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण उद्योगों को नए व्यवसाय मॉडल की ओर ले जा रहा है, जो सभी मौलिक परिवर्तन के दौर से गुजर रहे हैं। यह डिजिटलीकरण हमारी व्यवस्था में खामियों को दूर कर वितरण में अनियमितताओं को कम करता है और अर्थव्यवस्था के औपचारिकरण को सक्षम बनाता है। जीएसटी के लिए बढ़ता पंजीकरण और जीएसटी संग्रहण में वृद्धि इसकी सफलता को परिलक्षित करता है। व्यापक वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र में वित्तीय संस्थान और संगठन संभवतः भारतीय 'स्टैक' को सबसे अधिक मजबूती से अपनाने वाले रहे हैं जिससे वित्तीय समावेशन को बढ़ावा मिला है तथा वित्तीय उत्पादों को अपनाने हेतु सुगम बनाया है।

डिजिटलीकरण के बढ़ते अवसरों के जवाब में हम उद्यमों द्वारा विशेष रूप से बीटूसी डोमेन में डिजिटल प्लेटफार्म और 'अवसंरचना का भारतीय समूह' (स्टैक) का व्यापक उपयोग देखते हैं, जो भारत के नागरिकों को प्रदान किए गए व्यापक लाभों को रेखांकित करता है। वास्तव में डिजिटल के लिए सरकार का जोर इतना आकर्षक रहा है कि भारत में अगस्त 2023 के डिजिटल बिजनेस सर्वे में 25 प्रतिशत मध्यम बड़े उद्यमों ने माना कि डिजिटलीकरण की दिशा में सरकार का जोर उनके द्वारा डिजिटल व्यवसाय मॉडल को अपनाने के प्रमुख कारकों में से एक था। इंटरनेट वितरण केंद्र (आईडीसी) एक डिजिटल व्यवसाय को उस रूप में परिभाषित करता है, जहां मूल्य निर्माण डिजिटल प्रौद्योगिकियों के उपयोग पर आधारित होता है। इसमें कई पहलू शामिल हैं। जैसे आंतरिक और बाहरी प्रक्रियाएं, ग्राहकों, नागरिकों, आपूर्तिकर्ताओं और भागीदारों के साथ एक संगठन का जुड़ाव तथा कर्मचारियों को आकर्षित एवं प्रबंधित करना तथा उत्पाद सेवाएं और अनुभव प्रदान करना इत्यादि इसमें शामिल है।

आईडीसी के डिजिटल बिजनेस सर्वे से संकेत मिलता है कि आज एक तिहाई से अधिक भारतीय कंपनियों में सीईओ डिजिटल रणनीति को आगे बढ़ाते हैं। जबकि अन्य 25 प्रतिशत उद्यमों ने डिजिटल एजेंडा को आगे बढ़ाने के लिए पिछले दो वर्षों में मुख्य डिजिटल अधिकारी एवं मुख्य डेटा अधिकारी जैसे नए पद कायम किए हैं। उद्यमों को एहसास है कि डिजिटल व्यवसाय मॉडल, परिचालन क्षमता को आगे बढ़ाने, त्वरित निर्णय लेने तथा प्रतिस्पर्धा में आगे बने रहने में मदद करते हैं और सबसे महत्वपूर्ण रूप से ग्राहकों की अपेक्षाओं को पूरा करने में मदद करते हैं।

85 करोड़ इंटरनेट ग्राहकों 63 करोड़ से अधिक स्मार्टफोन उपयोगकर्ता सहित 1.1 अरब मोबाइल ग्राहकों के साथ 39.8 करोड़ सोशल मीडिया यूजर के साथ भारत में पहले से ही डिजिटल से जुड़ी आबादी है। यह आबादी डिजिटल -4 को अपना रही है। डिजिलॉकर के 13.7 करोड़ से अधिक उपयोगकर्ता हैं। यूपीआई के 30 करोड़ सक्रिय उपयोगकर्ता हैं और कोविन ने 1.1 अरब लोगों का पंजीकरण किया है। उद्यमों और उपभोक्ताओं द्वारा डिजिटल को सक्रिय रूप से अपनाने के साथ यह स्पष्ट है कि भारत का डिजिटल की ओर रुख वास्तविक अपरिवर्तनीय और व्यापक है।

## सोशल फोरम

# जलवायु संकट से युवाओं में हताशा


सुशोभित

एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय- जो इन दिनों दुनिया को मथ रहा है, लेकिन हिंदी के गाफ़िल संसार में जिस पर कोई चर्चा नहीं हो रही है- यह है कि आसन्न जलवायु संकट को देखते हुए युवा जोड़ों- चाहे वे विवाहित हों या लिव-इन सहभागी- को संतान उत्पन्न करने का निर्णय लेना चाहिए या नहीं? क्योंकि वे अपने बच्चों को इस बात की गारंटी नहीं दे सकेंगे कि आने वाले 50 सालों में उन्हें जीवन-योग्य पर्यावरण मिल पाएगा।

पश्चिम में यह आंदोलन ज़ोर पकड़ चुका है। 'टाइम' पत्रिका ने हाल ही में इसको रिपोर्ट किया कि जलवायु संकट से युवाओं में हताशा घर कर गई है और वे अपने परिवार को बढ़ाना नहीं चाहते हैं। चीन और जापान के भी युवा संतानोत्पत्ति से कतराने लगे हैं। अगर आप इंगमार बर्गमान या आन्द्रे तारकोव्स्की का सिनेमा देखें तो पाएंगे कि 1960 और 70 के दशक में न्यूक्लियर-वॉर के ख़तरों के कारण भी ऐसी ही मनोदशा यूरोप के लोगों की निर्मित हो गई थी। बर्गमान की एक फिल्म ('वाइल्ड स्ट्रॉबेरीज़') की नायिका इसीलिए मां बनने से इनकार कर देती है। एक अन्य फिल्म ('विंटर लाइट') में एक पुरुष आसन्न सर्वनाश से अवसादग्रस्त होकर आत्महत्या कर लेता है। तारकोव्स्की की फिल्म 'द सैक्रिफ़ाइस' में नायक एटमी-सर्वनाश से अपने बच्चों को होने वाले कष्टों की कल्पना से पूरे समय सिहरता रहता है।

क्या आज जन्म लेने वाले बच्चे 70 वर्षों का अपना जीवनकाल उस तरह से पूरा करेंगे, जैसे हमारे पूर्वजों ने किया था और जैसे शायद हम- यानी उम्र की तीसरी या चौथी दहाई वाले लोग-करने जा रहे हैं- यह इस समय का सबसे बड़ा प्रश्न है।

कहीं ऐसा तो नहीं कि हमारे बच्चे आज से 50 साल बाद हमें कोसें कि हम पृथ्वी की जलवायु संकट संबंधी समस्याओं के बारे में जानते थे, अख़बारों में उस पर लेख आदि छपते थे, लेकिन इसके बावजूद हम उन्हें इस धरती पर लेकर आए और एक यंत्रणापूर्ण जीवन की विरासत सौंप गए? क्या वे अपने माता-पिता को जिम्मेदार अभिभावक समझेंगे?

-फेसबुक वॉल से

# इंदिरा गांधी से मतभेद के बाद विरोधी खेमे का नेतृत्व कर रहे थे मोरारजी भाई


गोपेश मोहन जसवाल
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

1971 के आम चुनाव से पहले मोरारजी भाई झांसी के सर्किट हाउस में ठहरे थे, जो कि हमारे बुंदेलखंड कॉलेज के बहुत नजदीक था। हम बीए द्वितीय वर्ष के आधा दर्जन छात्र उन्हें देखने सर्किट हाउस के गेट पर खड़े हो गए।

भारत रत्न मोरारजी देसाई भाई का जन्म 29 फरवरी, 1896 को हुआ था। मोरारजी भाई को पाकिस्तान के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'निशान-ए-पाकिस्तान' से भी विभूषित किया गया था। मोरारजी भाई अपने जीवन में कुल छब्बीस 29 फरवरी भी नहीं देख पाए कि भगवान को प्यारे हो गए। यह बात दूसरी है कि इस अल्पायु में उन्होंने कुल 99 वसंत अवश्य देख लिए थे। स्वमूत्र चिकित्सा के पक्षधर और भारत में 14 कैरेट के स्वर्णाभूषणों के जन्मदाता, भोजन में अन्न के त्यागी किंतु दूध, मेवे और फलों के अनुरागी, मोरारजी भाई अपनी हठवादिता और गांधीवादी उसूलों (अपने बेटे कांति भाई के कारनामों की अनदेखी करने की कमजोरी को छोड़कर) के लिए प्रसिद्ध हैं।

मोरारजी भाई जब वृहत्तर बंबई प्रांत के मुख्यमंत्री थे तो उनके पास सरकारी कर्मचारी वाहन भत्ते की मांग लेकर गए थे। मोरारजी भाई ने उन्हें टहल कर ऑफिस तक आने-जाने की सलाह दी। जब कर्मचारियों ने घर से ऑफिस की ज़्यादा दूरी का हवाला दिया तो उन्होंने कहा-'कार या मोटर साइकिल-स्कूटर के लिए तो वाहन भत्ता आपको नहीं मिलेगा पर मैं आप सबको सरकार की ओर से मुफ्त साइकिल दिला सकता हूं।' 1962 के भारत-चीन युद्ध के बाद हमारे देश की गिरती हुई अर्थव्यवस्था को सहारा देने की नाकाम कोशिश में मोरारजी भाई ने बदनाम-'गोल्ड कंट्रोल' की नीति लागू की थी। इसके अंतर्गत 22 कैरट के स्वर्ण आभूषणों की जगह 14 कैरट के बदसूरत स्वर्ण आभूषणों ने ले ली थी। हजारों सुनार इस नई अव्यावहारिक नीति के कारण बेरोजगार हो गए थे। उन दिनों हम लोग रायबरेली में रहा करते थे। रायबरेली के एक सुनार रामचंद्र स्वर्णकार का सुनारी का धंधा घाटे में चल रहा था। उसने अपना पुश्तैनी धंधा छोड़कर भुने चने का एक ठेला लगा लिया था। रामचंद्र स्वर्णकार के ठेले पर रखे हुए एक बड़े से बोर्ड पर मोटे-मोटे अक्षरों में उसका अपना नाम अंकित था और साथ में एक सूचना भी दी गई थी-'भुने चने मोरारजी देसाई की कृपा से बने।' 1964 में हमारे पिताजी ने हमारी बहनजी की शादी में मां के घोर विरोध के बावजूद उनके लिए फीकी आभा वाले 14 कैरट के कड़े बनवाए थे, जो कि बहनजी ने अपने जीवन में कभी पहने ही नहीं। इस काले कानून के रद्द किए जाने के बाद मां ने अपनी तरफ से सोना लगाकर बहनजी के इन 14 कैरट वाले कड़ों को 22 कैरट के कड़ों में बदलवाया था। गोल्ड कंट्रोल लागू किए जाने के दिन से मां की और बहन जी की नजरों में ही क्या, हमारी नजरों में भी, मोरारजी भाई खलनायक हो गए थे। 1969 में राष्ट्रपति के चुनाव में मतभेद के बाद मोरारजी भाई इंदिरा गाधी के विरोधी खेमे का नेतृत्व कर रहे थे।

1971 के आम चुनाव से पहले मोरारजी भाई झांसी के सर्किट हाउस में ठहरे थे, जो कि हमारे बुंदेलखंड कॉलेज के बहुत नजदीक था। हम बीए द्वितीय वर्ष के आधा दर्जन छात्र उन्हें देखने सर्किट हाउस के गेट पर खड़े हो गए। हमको देखकर दो आदमी हमारी तरफ लपके तो हम खिसकने लगे, पर यह क्या? उन दोनों ने प्यार से हमको रोका और फिर वो हमको लॉन में बैठे मोरारजी भाई से मिलाने के लिए ले गए। पांच मिनट की इस संक्षिप्त भेंट में मोरारजी भाई द्वारा विद्यार्थियों के नाम संदेश का एक हर्फ भी मुझको याद नहीं है, पर यह याद है कि उनके साथ हमने समोसे, मिठाई और चाय का रसास्वादन किया था। यह बात और है कि मोरारजी भाई का नमक खाकर भी हम कभी उनके सगे न हुए। 1977 से 1979 तक के काल में प्रधानमंत्री के रूप में मोरारजी भाई के ढाई साल बहुत उठा-पटक और रस्साकशी में बीते थे। उनकी परेशानी का सबसे बड़ा सबब थे-1977 के चुनाव में रायबरेली में इंदिरा गांधी को धूल चटाने वाले राज नारायण। वैसे तो अपने निजी जीवन में राजनारायण मोरारजी भाई की स्वमूत्र चिकित्सा के अनुयायी थे, किंतु अपने राजनीतिक जीवन में मोरारजी भाई के अनुशासन का उनमें नामो-निशान तक नहीं था।

राजनारायण ने चौधरी चरण सिंह के साथ मिलकर अपने आराध्य मोरारजी भाई को सिंहासन से उतरवा दिया था। मोरारजी भाई ने राजनीतिक संन्यास में लगभग 16 वर्ष बिताए थे। उनके जीवन में ही कई बार उनके स्वर्गवास का समाचार प्रसारित हुआ था। अंत में जीवन का शतक लगाने से दस महीने पहले ही 10 अप्रैल 1995 को मोरारजी भाई ने विद्यार्थीगण को और कर्मचारीगण को छुट्टी दिलाने के लिए अपनी पारी समाप्ति की घोषणा कर दी। अपनी सनक और अपनी जिद के बावजूद मोरारजी भाई को आज के नेताओं की तुलना में दूध का धुला कहा जा सकता है।

# नहीं मिली ट्यूशन से मुक्ति


अशोक मधुप
वरिष्ठ पत्रकार

केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के तहत सभी राज्यों में लागू कर दी। केंद्र सरकार नई शिक्षा नीति लागू करने के बाद भी छात्रों के बस्ते का बोझ कम नहीं कर सकी। शिक्षाविद और मनोवैज्ञानिक कई बार बस्तों के बोझ को लेकर चिंता जाहिर कर चुके हैं। हमारी पोती अमेरिका में पढ़ती है। कक्षा पांच तक उसे कोई किताब नहीं दी जाती। बस स्कूल में ही क्रिटीविटी सिखाई जाती है। कहानी की दो पुस्तकें घर जाकर पढ़ने को दी जाती हैं ताकि बच्चे की रीडिंग की आदत बढ़े।

भारत का कितना ही महंगा स्कूल हो, कक्षा पांच के बाद छात्र का ट्यूशन पढ़ना उसकी मजबूरी है। घर आकर होमवर्क में दो तीन घंटे लगाने के बाद प्रत्येक विषय के ट्यूशन के लिए उसे एक घंटा देना ही होता है। इस ट्यूशन में आने जाने में भी समय लगता है। पांच टयूशन हुए तो पांच घंटे ट्यूशन में लगेंगे। इस शिक्षा ने बच्चे को पढ़ाई के नाम पर मशीन बनाकर रख दिया। उससे बच्चे का मानसिक और शारीरिक विकास रूक गया। इसके लिए सोचने को न सरकार के पास समय है, न शिक्षाविदों के पास। देखने में आ रहा है कि कुछ अभिभावक आईएएस और आईपीएस बनाने की इच्छा और इरादा बच्चे पर लाद देते हैं। काफी बच्चे पढ़ाई का ये दबाव नहीं बर्दाश्त कर पाते। वे डिप्रेशन में चले जाते हैं। कुछ आत्महत्या तक कर लेते हैं।

ऐसे में सरकार को समान शिक्षा नीति बनाने पर भी सोचना होगा। सरकार को शिक्षा नीति में फिर से विचार करने की जरूरत है। जरूरत है ऐसी शिक्षा की जिसमें बच्चे का समुचित विकास हो। छात्र पर बस्ते का बोझ कम से कम हो। स्कूल से आने के बाद के घर पर बच्चे को ट्यूशन की जरूरत ही न महसूस हो।

# कानपुर में गैंगरेप के बाद चचेरी बहनों के शव पेड़ से लटके मिले, आरोपी गिरफ्तार

## घाटमपुर के बरौली गांव में ईंट भट्ठे में श्रमिकों की नाबालिग बेटियों के साथ वारदात

कार्यालय संवाददाता, कानपुर/घाटमपुर

**अमृत विचार :** घाटमपुर कोतवाली क्षेत्र के बरौली गांव में गैंगरेप के बाद बुधवार रात नाबालिग चचेरी बहनों (16 और 14 वर्षीय) के शव पेड़ पर फांसी के फंदे से लटके मिले। दोनों के साथ मंगलवार रात नशे में धुत ईंट भट्ठे के ठेकेदार ने साथियों के साथ मिलकर गैंगरेप किया था।

दोनों किशोरियों के अश्लील वीडियो बनाकर जबरन शराब और बीड़ी पिलाकर पीटा भी था। उस दौरान ईंट-भट्ठे में काम करने वाले लोग बाजार करने गए थे। 16 वर्षीय मृतका किशोरी के पिता की तहरीर पर पुलिस ने ठेकेदार रामस्वरूप, रज्जू, संजय, अन्य के विरुद्ध गैंगरेप, पॉक्सो, आत्महत्या के लिए उकसाने, मारपीट, धमकी, आपत्तिजनक वीडियो, फोटो खींचने की एफआईआर दर्ज की है। तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है।


पीड़ित पक्ष की महिलाओं से घटना की जानकारी लेते पुलिस अधिकारी।

घाटमपुर के बरौली गांव में श्रीबालाजी भट्ठे में जिला हमीरपुर के थाना सिसौलर निवासी दो श्रमिक काम करते हैं। वह दोनों फुफेरे भाई हैं। दोनों ने पुलिस को बताया कि भट्ठे में रामस्वरूप ठेकेदारी करता है। मंगलवार शाम को हफ्ते भर का हिसाब हुआ तो पैसे मिलने पर वह और भट्ठे के अधिकतर श्रमिक परिवार बाजार चले गए थे। अपनी-अपनी झोपड़ी में 16 वर्षीय और 14 वर्षीय चचेरी बहनें अकेली थीं। इसी दौरान नशे में धुत ठेकेदार रामस्वरूप, उसका बेटा रज्जू, संजू और एक अन्य झोपड़ी में घुस गए और चचेरी बहनों के साथ गैंगरेप किया। दोनों को मारापीटा, जबरन शराब और बीड़ी पिलाई। अश्लील वीडियो भी बनाया। किशोरियों के पिता ने बताया कि वे लोग बाजार से लौटे तो लड़कियां रो रही थीं। पूछने पर उन्होंने हकीकत बताई।

श्रमिक जब विरोध जताने आरोपियों के पास पहुंचे तो अभद्रता करते हुए भगा दिया। बुधवार को दिन भर सभी पुलिस के पास जाने

- ठेकेदार और साथियों ने गैंगरेप कर बनाया अश्लील वीडियो, जबरन शराब पिलाकर की मारपीट

की सोचते रहे लेकिन डर से नहीं गए। बुधवार शाम दोनों किशोरियां खेलने निकलीं लेकिन लौटीं नहीं। रात 10 बज गया, दोनों नहीं लौटीं तो खोजबीन शुरू हुई।

रात में करीब 11 बजे भट्ठे से कुछ दूर एक पेड़ से दोनों के शव लटके मिले। सूचना पर थाने की पुलिस पहुंची। गुरुवार सुबह संयुक्त पुलिस आयुक्त (कानून व्यवस्था) हरीश चन्दर, डीसीपी रविंद्र कुमार, एसीपी रंजीत कुमार भट्ठे पर पहुंचे। ठेकेदार रामस्वरूप, रज्जू व संजय को गिरफ्तार कर लिया गया है। भट्ठे के मुनीम, भट्ठा मालिक को नजरबंद कर दिया गया है। गांव में पुलिस-पीएसी तैनात कर दी गई है। पुलिस गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद अन्य कार्रवाई होगी।

## ब्लूटूथ डिवाइस से नकल कराने का आरोपी गिरफ्तार

**लखनऊ, अमृत विचार :** सिपाही भर्ती परीक्षा में ब्लूटूथ डिवाइस का प्रयोग कराकर नकल कराने के वांछित अभियुक्त को एसटीएफ ने गुरुवार को गिरफ्तार किया है। वांछित अभियुक्त कपिल तोमर के खिलाफ गाजियाबाद में मुकदमा दर्ज था। इस मामले में चार अभियुक्त पहले ही पकड़े जा चुके है। एसटीएफ के मुताबिक उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित सिपाही भर्ती परीक्षा में धांधली व फर्जीवाड़ा करने वाले गिरोह के सम्बन्ध में सूचनाएं प्राप्त हो रही थी। इसी क्रम में मुखबिर से कपिल तोमर के लोनी क्षेत्र (गाजियाबाद) में मौजूद होने की सूचना पर दबोचा लिया गया है। पूछताछ में कपिल तोमर ने बताया कि उसके रिश्तेदारी का लड़का प्रदीप निवासी चंदोडी थाना बुढाना मुजफ्फरगगर से घनिष्ठता थी। प्रदीप पूर्व से ही प्रतियोगी परीक्षाओं में सॉल्वर बैठाकर एवं पेपर लीक कराकर धांधली करने का काम करता था। 2022 में रेलवे की ग्रुप डी की परीक्षा में धांधली करते हुए पकड़ा गया था और जेल गया था। जेल से बाहर आने पर इसकी मुलाकात मिन्टू उर्फ प्रवीन बालियान निवासी मुजफ्फरनगर से हुई थी।

## श्रीकृष्ण जन्मभूमि मामले की अगली सुनवाई 13 को

**विधि संवाददाता, प्रयागराज:** इलाहाबाद हाईकोर्ट में श्री कृष्ण जन्मभूमि विवाद मामले में दाखिल याचिकाओं पर गुरुवार को हुई सुनवाई के दौरान मुख्य रूप से मुस्लिम पक्ष ने अपने तर्क दिए। मुस्लिम पक्ष की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता तसनीम अहमदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बहस की। मुस्लिम पक्ष की ओर से हिंदू पक्ष द्वारा दाखिल याचिकाओं को पोषणीय न बताते हुए तर्क दिए गए। इसके साथ ही एमिकस क्यूरी के रूप में नियुक्त वरिष्ठ अधिवक्ता मनीष गोयल को पदमुक्त करने के लिए सीपीसी की धारा 151 के तहत एक आवेदन दाखिल किया गया, जिसका हिंदू पक्ष के अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने कड़ा विरोध करते हुए कहा कि वह इस आवेदन के खिलाफ आपत्तियां दाखिल करेंगे। इसके अलावा वर्ष 1968 में हुए समझौते को लेकर भी मुस्लिम पक्ष ने तर्क दिए। उक्त समझौते में केशव देव कटरा की 13.7 एकड़ भूमि शाही ईदगाह मस्जिद को दी गई है। मामले की अगली सुनवाई आगामी 13 मार्च को दोपहर 2 बजे से सुनिश्चित की गई है।

## पत्नी दाखिल कर सकती है घरेलू हिंसा का मुकदमा

विधि संवाददाता, लखनऊ

- कोर्ट ने कहा-भले शादी घोषित हो चुकी हो शून्य

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने एक महत्वपूर्ण निर्णय पारित करते हुए कहा है कि शादी के शून्य घोषित हो जाने के बावजूद पत्नी घरेलू हिंसा का मुकदमा दाखिल कर सकती है। न्यायालय ने कहा कि भले ही सक्षम न्यायालय द्वारा शादी को समाप्त किया जा चुका हो, इसका घरेलू हिंसा अधिनियम की धारा 12 के तहत दाखिल परिवाद पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

यह निर्णय न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की एकल पीठ ने पति की ओर से दाखिल याचिका को खारिज करते हुए पारित किया है। प्रतापगढ़ के इस मामले में याची पति का कहना था कि उसकी और शिकायतकर्ता पत्नी की शादी को 26 मार्च 2021 को सक्षम न्यायालय द्वारा डिक्री पारित करते हुए शून्य घोषित किया जा चुका है। उनका विवाह हिन्दू विवाह अधिनियम की धारा 5(वी) के तहत प्रतिबंधित था तथा पत्नी बायपोलर डिसॉर्डर से पीड़ित थी, इस तथ्य को छिपा कर उसने शादी की थी। दलील दी गई कि परिवार न्यायालय द्वारा उनकी शादी शून्य घोषित हो चुकी है लिहाजा घरेलू हिंसा अधिनियम के तहत पति के खिलाफ मुकदमा नहीं चलाया जा सकता। मामले में पत्नी के द्वारा घरेलू हिंसा का मुकदमा 11 सितंबर 2019 को दाखिल किया गया था, जिसकी पोषणीयता पर आपत्ति जताते हुए पति ने प्रार्थना पत्र दाखिल किया। पति का उक्त प्रार्थना पत्र 29 सितम्बर 2022 को निचली अदालत द्वारा खारिज कर दिया गया। जिसके बाद उसने हाईकोर्ट की शरण ली। न्यायालय ने अपने निर्णय में इस दलील को खारिज करते हुए कहा कि अलग होने से पूर्व याची व विपक्षी पति-पत्नी की तरह ही रह रहे थे। शादी के शून्य घोषित होने तक दोनों एक-दूसरे से शादी के रिश्ते में बंधे थे। न्यायालय ने और स्पष्ट करते हुए कहा कि यहाँ तक कि शादी के शून्य घोषित होने से पूर्व वे वैवाहिक रिश्ते में ही रहे, लिहाजा पत्नी घरेलू हिंसा अधिनियम के तहत पीड़िता मानी जाएगी तथा उसे धारा 12 के तहत परिवाद दाखिल करने का पूर्ण अधिकार है।

## सार-संक्षेप

### पूर्व सांसद जयाप्रदा की दो याचिकाएं हुईं खारिज



**विधि संवाददाता, प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने फिल्म अभिनेत्री एवं पूर्व सपा सांसद जयप्रदा की दो अलग-अलग मामलों में जारी गैर जमानती वारंट के खिलाफ दाखिल याचिकाओं को वापस लिए जाने के आधार पर खारिज कर दिया। मंगलवार को न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की एकलपीठ के समक्ष हुई सुनवाई के दौरान जयप्रदा के अधिवक्ताओं ने कोर्ट को बताया कि वह कुछ नए तथ्यों और दस्तावेजों के साथ नई अर्जी दाखिल करना चाहते हैं। रामपुर की जिला अदालत से दो मामलों में जारी गैर जमानती वारंट के खिलाफ दाखिल याचिकाओं को इसी आधार पर वापस लिए जाने की प्रार्थना की गई। मौजूदा दोनों मुकदमे वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान रामपुर में आचार संहिता के उल्लंघन से जुड़े हुए हैं। रामपुर की जिला अदालत से समन जारी होने के बावजूद जयाप्रदा कोर्ट में उपस्थित नहीं हुईं। कई बार समन जारी होने के बाद भी अभिनेत्री की गैर मौजूदगी के कारण कोर्ट ने उनके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी कर दिया था।

### डीजी मुकुल गोयल सेवानिवृत



**लखनऊ, अमृत विचार :** उप्र कैडर के वरिष्ठतम आईपीएस डीजी नागरिक सुरक्षा, मुकुल गोयल गुरुवार को सेवानिवृत हो गए। 1987 बैच के आईपीएस अफसर मुकल गोयल डीजीपी के पद से हटाए जाने के बाद 11 मई 2022 से डीजी नागरिक सुरक्षा के पद पर तैनात थे। केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से वापस आने के बाद जून 2021 में उन्हें डीजीपी के पद पर तैनाती मिली थी। वह करीब 11 महीने तक डीजीपी के पद पर रहे। बाद में प्रदेश सरकार ने 11 मई 2022 को उन्हें डीजीपी पद से हटा दिया था। उसके बाद 13 मई को देवेंद्र सिंह चौहान को कार्यवाहक डीजीपी बनाया गया था।

### धान खरीद बंद, 53.67 लाख एमटी हुई खरीद

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रदेश में गुरुवार को खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 की धान खरीद बंद हो गई। 70 लाख मीट्रिक टन लक्ष्य के सापेक्ष 5207 केंद्रों पर 7,99,944 किसानों से महज 53,67,516 मीट्रिक टन (76.68 प्रतिशत) धान खरीदा जा सका। जालौन, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, बागपत, हापुड़ में खरीद शून्य रही। पश्चिम के मंडल आगरा, अलीगढ़, झांसी, मेरठ का खरीद फीसद बेहद कम रहा। किसानों ने समर्थन मूल्य से अधिक दाम मिलने पर बाजारों में धान बेचा। **मंडलों पर ये हुई खरीद-** लखनऊ 7,52,135, बरेली 6,49,405, मुरादाबाद 4,61,041, अयोध्या 5,78,126, अलीगढ़ 8,659, आगरा 3,942, झांसी 1,328, मेरठ 177, सहारनपुर 5,521, आजमगढ़ 2,12,460, कानपुर 1,80,927, गोरखपुर 5,08,157, चित्रकूट 41,952, देवीपाटन 3,37,793, प्रयागराज 4,52,016, बस्ती 2,89,615, मिर्जापुर 2,67,896, वाराणसी 6,16,357 मीट्रिक टन।

### तहसील स्तर पर फायर स्टेशन वाला पहला राज्य होगा उप्र

**लखनऊ, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री ने कहा कि संकट के समय अग्निशमन सेवाओं की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका होती है। प्रदेश सरकार ने अग्निशमन से जुड़े कानूनों के व्यापक रिफॉर्म तथा इन सेवाओं के आधुनिकीकरण के लिए समयबद्ध तरीके से कार्य किया है। उन्होंने कहा 1944 से 2017 के बीच 73 वर्षों में केवल 288 फायर स्टेशन स्थापित किये गये जबकि पिछले 7 वर्षों में 71 नए फायर स्टेशन स्थापित किए गये। आज प्रदेश, तहसील स्तर पर एक-एक फायर स्टेशन स्थापित करने की दिशा में तेजी के साथ अग्रसर हो चुका है। जल्द ही उत्तर प्रदेश पूरे देश में ऐसा राज्य होगा, जहां तहसील स्तर पर फायर स्टेशन होंगे। उन्होंने बताया कि विभाग की सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए अब तक लगभग 1400 करोड़ रुपये दिये हैं। मुख्यमंत्री गुरुवार को अपने सरकारी आवास पर आयोजित अग्निशमन सुरक्षा कवच के सुदृढ़ीकरण के लिए 25 जिलों के 34 अग्निशमन केन्द्रों का वर्चुअल लोकार्पण, 4 नए अग्निशमन केन्द्रों का शिलान्यास व 35 अग्निशमन वाहनों के फ्लैग ऑफ कार्यक्रम में बोल रहे थे।

## ईडब्ल्यूएस आरक्षण से संबंधित सैकड़ों याचिकाएं हुई खारिज

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 69000 सहायक शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया में ईडब्ल्यूएस आरक्षण के मामले में अपने महत्वपूर्ण आदेश में कहा कि अधिनियम का किसी भी कार्यालय ज्ञापन की तुलना में हमेशा अधिक कानूनी मूल्य होता है। अधिनियम के लागू होने के बाद ही संबंधित कार्यालय ज्ञापन को मान्यता प्राप्त हो पाती है। मालूम हो कि वर्तमान मामले में याचियों ने सामान्य श्रेणी के अंतर्गत सहायक शिक्षक भर्ती परीक्षा- 2019 में भाग लिया था और उसका परिणाम मई 2020 में जारी हुआ।

याचियों का तर्क है कि उन्होंने सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र 10% आरक्षण के लिए दिखाया था। याचियों के अधिवक्ता ने कोर्ट को यह बताया कि राज्य सरकार 10% ईडब्ल्यूएस आरक्षण प्रदान करने के लिए बाध्य है, क्योंकि उक्त परीक्षा 103वें संवैधानिक संशोधन के अधिसूचित होने के साथ-साथ फरवरी 2019 के कार्यालय ज्ञापन के बाद आयोजित की गई थी। इस पर कोर्ट ने कहा कि सहायक शिक्षकों के पदों पर भर्ती अधिनियम लागू होने से पहले शुरू की गई थी, इसलिए प्रदेश सरकार उक्त भर्ती प्रक्रिया में कानूनी रूप से आरक्षण प्रदान करने के लिए बाध्य नहीं है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति सौरभ श्याम शमशेरी की पीठ ने शिवम पांडेय और 11 अन्य सहित सैकड़ों याचिकाओं को खारिज करते हुए पारित किया। अंत में कोर्ट ने कहा कि कार्यालय ज्ञापन में स्पष्ट रूप से बताया गया है कि आरक्षण की व्यवस्था राज्य सेवाओं की भर्ती के लिए फरवरी 2019 के बाद जारी अधिसूचना पर लागू होगी। हालांकि उस समय कोई अधिनियम लागू नहीं हुआ था।

## राम मंदिर : निर्माण को एलएंडटी उतारेगी वर्करों की फौज

**अयोध्या, अमृत विचार :** रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के बाद अब राम मंदिर के शिखर, परकोटे में मंदिर व परिसर में सप्त ऋषियों के मंदिरों के निर्माण कार्य को दिसंबर 2024 तक पूरा कर लिया जाएगा। इसके लिए कार्यदायी संस्था एलएंडटी ने वर्करों की फौज उतारने जा रही है। इसमें राजस्थान, गुजरात, बिजार व उत्तर प्रदेश के कई जनपदों के पांच हजार से अधिक वर्कर शामिल होंगे।

प्राण-प्रतिष्ठा के बाद मंदिर शेष बचे निर्माण कार्यों को पूरा करने का काम शुरू कर दिया गया है। परकोटे में भी छह देवी-देवताओं के मंदिर का निर्माण किया जा रहा है। इसके अलावा परिसर में अब महर्षि वाल्मीकि, महर्षि वशिष्ठ, महर्षि विश्वामित्र, महर्षि अगस्त्य के साथ निषाद राज, अहिल्या का का भी मंदिर बनाने का काम शुरू करने की तैयारी की जा रही है।

## गन्ना लदी ट्रैक्टर ट्रॉली से टकराकर आग का गोला बनी कार, दो लोग जिंदा जले

गोंडा कार्यालय

- गोंडा-लखनऊ हाईवे पर हारीपुर के समीप हादसा, एक गंभीर

**अमृत विचार :** बुधवार रात 12 बजे के बाद गोंडा-लखनऊ हाईवे पर एक तेज रफ्तार कार गन्ना लदी ट्रैक्टर ट्राली से टकराने के बाद आग का गोला बन गयी।

इस भीषण हादसे में कार चालक समेत दो लोगों की जलकर मौत हो गयी जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। मृतकों की पहचान बिंदेश यादव पुत्र केशव राम (28) निवासी कन्हाईपुरवा पूरे संगम थाना कटरा बाजार व अनुपम पाठक पुत्र माता प्रसाद उर्फ बंबू पाठक (22) निवासी मिझौरा थाना परसपुर के रूप में हुई है। जबकि घायल सूरज पाठक पुत्र दीनानाथ पाठक (30) कटरा बाजार थाना क्षेत्र के कन्हाईपुरवा पूरे संगम का रहने वाला है। नगर कोतवाली पुलिस ने ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में ले लिया है और घटना की जांच पड़ताल में जुटी है। बताया जा रहा है कि ट्राली में रिफ्लेक्टर नहीं लगा था। रिफ्लेक्टर न होने से कार सवार ट्रॉली को देख नहीं सके और हादसे का शिकार हो गए।

## आरक्षण को तहस-नहस करने पर तुली भाजपा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने गुरुवार को पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) की एक बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा आरक्षण की व्यवस्था को तहस नहस करने पर तुली है। इंडिया गठबन्धन को मजबूत करने की जिम्मेदारी सपा पर है।


बैठक से पूर्व अखिलेश यादव का माला पहनकर स्वागत करते पदाधिकारी।

सपा मुख्यालय, लखनऊ में गुरुवार को समाजवादी बाबा साहेब अम्बेडकर वाहिनी, समाजवादी अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ, समाजवादी अल्पसंख्यक सभा और समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय, प्रदेश एवं जिलों के पदाधिकारियों की बैठक डॉ. लोहिया सभागार में हुई। इसमें लोकसभा चुनाव-2024 की तैयारी पर चर्चा के साथ बूथ स्तर तक संगठनात्मक स्थिति की रिपोर्ट ली गई। बैठक में सभी प्रकोष्ठों के प्रतिनिधियों ने एक स्वर में अखिलेश यादव के नेतृत्व में भाजपा को 80 लोकसभा सीटों पर हराकर पीडीए की सरकार बनाने का रास्ता प्रशस्त करने का संकल्प लिया। बैठक में पूर्व मंत्री रामगोविन्द चौधरी एवं राजेंद्र चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल और राजेन्द्र कुमार विधायक विशेषतौर पर उपस्थित थे। सपा प्रमुख ने चंडीगढ़ में वोटों की हेराफेरी का उदाहरण देते हुए कहा कि, अगर चुनाव बैलेट से नही हुआ होता तो पता भी नहीं चलता। विधायकों को लालच देकर प्रलोभन और पैकेज देकर तोड़ रही है। भाजपा विधायक खरीद सकती है।

## वर्ग पहेली-358

**बाएं से दाएं**

1. 1. व्यभिचारिणी स्त्री 2. बिना विवाह किए रखी हुई स्त्री, रखैल, उपपत्नी।

4. 1. सूत्र 2. नियम, नुस्खा 3. विधि; सिद्धांत 4. किसी काम को करने का तरीका, गुर, तरकीब; जैसे- फ़िल्म हिट करने का फ़ॉरमूला 5. सांकेतिक भाषा में तथ्यों का विवरण 6. औषधि या दवाई के घटक तथा उसे बनाने की विधि 7. मतभेद सुलझाने या समझौता कराने का उपाय।

5. 1. वह कर्मचारी जिसपर किसी कार्य का दारोमदार या पूरा दायित्व हो 2. स्तंभ 3. राज्य का प्रमुख

6. नट, कलाबाज़ी दिखाने वाला व्यक्ति।


**ऊपर से नीचे**

1. धरती पर गिरा हुआ, भूमिसात।

2. 1. नागरमोथा घास की एक जाति 2. एक तृण जिससे चटाई बनाई जाती है 3. गोनरा या गोनी नामक घास।

3. 1. जिसमें ज़ोर या शक्ति हो, ज़ोरवाला, बलशाली 2. तेज़, प्रबल, तीव्र 3. ज़बरदस्त, उत्साहवर्धक 4. आग्रहयुक्त, जैसे- ज़ोरदार अनुशंसा।

5. सामूहिक रूप से नमाज़ अदा करने के लिए मस्जिद से होने वाली पुकार या बुलावा।



### वर्ग पहेली - 357 का हल




## सुडोकू -75

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | 1 | | | | 4 | | 3 |
| | | | 2 | | | 7 | | |
| 5 | 6 | | | 1 | | 9 | | |
| 9 | | 6 | | 3 | | | | 8 |
| | | 4 | | | | 6 | | |
| 1 | | | | 7 | | | | 5 |
| | | 7 | | 4 | | | 2 | |
| | | 2 | | | 5 | | | |
| 8 | | | | | 1 | 3 | 9 | |

### सुडोकू - 74 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 3 | 4 | 2 | 9 | 6 | 1 | 5 |
| 5 | 1 | 2 | 7 | 6 | 8 | 4 | 3 | 9 |
| 9 | 4 | 6 | 3 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 |
| 6 | 9 | 5 | 1 | 4 | 2 | 3 | 7 | 8 |
| 4 | 3 | 1 | 8 | 7 | 6 | 5 | 9 | 2 |
| 8 | 2 | 7 | 5 | 9 | 3 | 1 | 6 | 4 |
| 3 | 5 | 4 | 9 | 1 | 7 | 2 | 8 | 6 |
| 2 | 7 | 8 | 6 | 3 | 5 | 9 | 4 | 1 |
| 1 | 6 | 9 | 2 | 8 | 4 | 7 | 5 | 3 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 1 मार्च, शुक्रवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-षष्ठी पूर्ण रात्रि तक।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-स्वाती 12.48 तक तत्पश्चात विशाखा।

**मेष:** आज नए व्यवसाय में आप निवेश कर सकते हैं। धन संबंधित परेशानियां सुलझ सकती हैं। रुके हुए कार्यों को पूरा करने के लिए दिन शानदार है। दूसरों के दबाव में आकर काम न करें। अधिकारी आपके काम की प्रशंसा करेंगे।

**वृष:** आज पारिवारिक जीवन काफी सामान्य रहेगा। अपने विचारों को सदैव सकारात्मक बनाए रखें। शाम के समय परिवार के साथ बहुत अच्छा समय बिताएंगे। आशा के अनुरूप परिणाम मिलने से मन हतोत्साहित हो सकता है।

**मिथुन:** आज प्रभावशाली लोगों के संपर्क में आएंगे। आगामी लक्ष्यों को लेकर थोड़े संशय में आ सकते हैं। संतान को लेकर मन अप्रसन्न हो सकता है। जॉब में उच्च पद प्राप्त हो सकता है। शिक्षा में आ रही परेशानियों का निवारण होगा।

**कर्क:** आज जिन लोगों का वजन बढ़ा हुआ है उनको स्वास्थ्य समस्या हो सकती है। अपने काम में दूसरों का हस्तक्षेप न होने दें। ऐश्वर्य के साधनों पर आपका धन खर्च होगा। विवादों को समझदारी पूर्वक सुलझाने में सफलता मिलेगी।

**सिंह:** आज मनोरंजन में समय बीत सकता है। तकनीकी संबंधी परेशानियों का निवारण होगा। उत्साह और प्रसन्नता के समाचार प्राप्त होंगे। प्रेम संबंधों में निकटता बढ़ेगी। परिवार के हित को लेकर महत्वपूर्ण कदम उठा सकते हैं।

**कन्या:** आज जॉब में आपके ऊपर काम का दबाव बढ़ेगा। पूर्व में लिए गए निर्णयों के कारण हानि हो सकती है। कार्यक्षेत्र में आपकी पहचान अच्छी बनेगी। मन की चंचलता दूर होगी। आय में अचानक कमी आ सकती है। पार्टनर के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें।

**तुला:** आज आपका मन शांत रहेगा। धन संबंधित समस्या सुलझ सकती है। कीमती वस्तुओं की खरीदारी कर सकते हैं। आय के नए साधनों में वृद्धि होगी। भाग्य आपका भरपूर साथ देगा। अचानक आए खर्चों में कमी आएगी।

**वृश्चिक:** आज मानसिक रूप से अशांत महसूस करेंगे। दूसरों से अपनी तुलना न करें। इससे आपमें हीन-भावना घर कर सकती है। गुप्त शत्रुओं से सावधान रहें। दौड़-धूप के कारण आपको समस्या होगी। शरीर में दर्द की शिकायत हो सकती है।

**धनु:** आज जॉब में काम का दबाव बढ़ने के बावजूद उसे अच्छी संभाल लेंगे। शेयर मार्केट के माध्यम से आपको धन लाभ हो सकता है। विपरीत लिंग के जातकों के प्रति आकर्षित रहेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद प्राप्त हो सकता है।

**मकर:** आज गृहस्थ जीवन सुखी रहेगा। अटके हुए काम तेजी से पूरे होंगे। इससे आपका मनोबल बढ़ेगा। घर की महिलाओं की सेहत का ध्यान रखें। आप सभी कार्य संभल कर करेंगे। व्यापार में सहकर्मियों पर विश्वास करें।

**कुंभ:** आज बेवजह की चर्चाओं और विवादों से दूर रहें। बुद्धि व विवेक से काम करने से आपको लाभ होगा। मानसिक रूप से मजबूत रहेंगे। सामाजिक क्रियाकलापों में आपकी गतिविधियां बढ़ेंगी। आप थोड़े अव्यावहारिक हो सकते हैं।

**मीन:** आज दिन की शुरुआत थोड़ी कमजोर रहेगी। सेहत थोड़ी कमजोर रहेगी। यात्रा के दौरान आपको परेशानी होने की आशंका है। विवाहेतर संबंधों को लेकर थोड़े असहज हो सकते हैं। टालमटोल की प्रवृत्ति के कारण काम बिगड़ सकते हैं।

## आज की फिल्में

घर में राम गली में श्याम
सुबह : 10.56

सत्य
शाम : 06.31

एबीसीडी 2
सुबह : 10.44

ता रा रम पम
रात : 07.02

एक्वामैन
सुबह : 09.08

एज ऑफ टूमारो
रात : 08.50

कुछ लव जैसा
सुबह : 10.30

जवान
शाम : 04.30

बेमिसाल
दोपहर : 12.33

रंगून
रात : 09.28

### आज की सुपरहिट फिल्म



जी सिनेमा पर रात-04.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

सोनू नजर चेक करवाने गया।
डॉक्टर ने एक नोट देकर पूछा- ये कितने का नोट है।
सोनू ने कहा- बाहर धूप में देखकर आता हूं।
बाहर निकला तो नोट 2000 का था।
बस फिर क्या डॉक्टर आज तक सोनू को ढूंढ रहा है।

चिंटू- तुम्हारी बेटी की सगाई को पूरे दो साल हो गए हैं, विवाह में इतनी देरी क्यों?
पिंटू- दरअसल लड़का एक वकील है, जैसे ही विवाह की तारीख पास आती है, वह कोई न कोई बहाना करके तारीख आगे बढ़ा देता है।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**–शिवालिक 995 फ्लैग 1105 डीएमओ 875 बोल्ड 1140, **सम्भल-चन्दौसी**–शिवालिक 1005 फ्लैग 1120 बोल्ड 1150 डीएमओ 905।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**–तुलसी 1835, राज श्री 1350, फ़ॉर्चून कि. 1720, रविन्द्रा 1760, फॉर्चुन ली0 1570, जय जवान 1420, सचिन 1485, सूरज 1445, अवसर 1575, राग गोल्ड 1550, गृहणी 1475, क्लासिक (किलो) 1670, मोर 1565, चक्र टिन 1650, ब्लू 1585, आशीर्वाद मस्टर्ड 1675, स्वास्तिक 1805, **किराना (प्रति कु.)**–हल्दी निजामाबाद 14700, जीरा 41000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-10000, अजवायान 16000-24000, मेथी 8600, सौंफ 15000-20000, सोंठ 41500, (प्रति कि.) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950, **चावल (प्रति कु.)**–डबल चाबी सेला 10300, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4650, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7450, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 8000, मंसूरी पनघट 4350, खजाना 4350, **दाल दलहन**–मूंग दाल इंदौर 10800, मूंग धोवा काला क्राउन 11000, राजमा चित्रा 13200-14100, राजमा भूटान नया 11500, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 6850-7700, मलका छाँटी 7200, दाल उड़द बिलासपुर 10000-10800, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12000, उड़द साबुत दिल्ली 11800, उड़द धोवा इंदौर 13500, उड़द धोवा 11500-11900, दाल चना 7250, लाल हिंदुस्तान 7350, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8100, चना अकोला 8200, डबरा 9700-11500, सच्चा हीरा 11000, मोटा हीरा 12000, अरहर गोला मोटा 12400, अरहर पटका मोटा 12800, अरहर कोरा मोटा 13300, अरहर पटका छोटा 14200-14600, अरहर कोरी छोटी 15400, **चीनी**–डालमियां 4040, पीलीभीत 4020, नवाबगंज 4010, बहेड़ी (नई) 4020 रुपये।

# देश में 3 सेमीकंडक्टर संयंत्र होंगे स्थापित

## मंजूरी के बाद दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा-1.26 लाख करोड़ रुपये का होगा निवेश

नई दिल्ली, एजेंसी



सरकार ने बृहस्पतिवार को 1.26 लाख करोड़ रुपये के अनुमानित निवेश के साथ गुजरात और असम में तीन सेमीकंडक्टर संयंत्र स्थापित करने के प्रस्तावों को मंजूरी दे दी। इनमें टाटा समूह और जापान की रेनेसस इलेक्ट्रॉनिक्स की परियोजनाएं शामिल हैं। चिप की जरूरत को पूरा करने के लिए भारत की आयात पर निर्भरता को कम करने के लिए यह कदम महत्वपूर्ण है।

केंद्रीय मंत्रिमंडल के प्रस्तावों को मंजूरी देने के बाद दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि रक्षा, ऑटोमोबाइल और दूरसंचार जैसे क्षेत्रों के लिए चिप बनाने वाली इन इकाइयों का निर्माण कार्य अगले 100 दिनों में शुरू हो जाएगा। तीनों इकाइयां 'सेमीकंडक्टर और डिस्प्ले विनिर्माण परिवेश का विकास' कार्यक्रम के तहत स्थापित की जाएंगी। इस कार्यक्रम के तहत 76,000 करोड़ रुपये तक की सरकारी सहायता दी जाती है। टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स प्राइवेट लिमिटेड ताइवान की पावरचिप सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग कॉर्प (पीएसएमसी) के साथ साझेदारी में एक सेमीकंडक्टर फैब स्थापित करेगी। इस संयंत्र की स्थापना गुजरात के धोलेरा में की जाएगी। इसमें 91,000 करोड़ रुपये का निवेश होगा।

### बाघों के संरक्षण के लिए इंटरनेशनल बिग कैट एलायंस का होगा गठन

केंद्रीय कैबिनेट ने बाघों और ऐसे अन्य वन्यजीवों के संरक्षण के लिए एक वैश्विक नेटवर्क 'इंटरनेशनल बिग कैट एलायंस' (आईबीसीए) के गठन को मंजूरी दी। इस संस्था का मुख्यालय भारत में होगा। इसमें वन्यजीवों से संबंधित 96 देशों की बहु-एजेंसी संस्था के रूप में आईबीसीए की कल्पना की गई है। कुल सात वन्यजीवों (बाघ, शेर, तेंदुआ, हिम तेंदुआ, प्यूमा, जगुआर और चीता) में से पांच बाघ, शेर, तेंदुआ, हिम तेंदुआ और चीता भारत में पाए जाते हैं। मंत्रिमंडल ने 2023-24 से 2027-28 तक पांच साल की अवधि के लिए आईबीसीए की खातिर 150 करोड़ रुपये की एकमुश्त बजटीय सहायता को मंजूरी दी है।

### केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 12 महत्वपूर्ण और सामरिक खनिजों पर रॉयल्टी दर तय की

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बृहस्पतिवार को 12 महत्वपूर्ण एवं रणनीतिक खनिजों पर रॉयल्टी दर तय करने के लिए एमएमडीआर अधिनियम में संशोधन को मंजूरी दे दी। खान मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस बारे में फैसला किया गया। बयान के मुताबिक-केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 12 महत्वपूर्ण एवं रणनीतिक खनिजों के संबंध में रॉयल्टी की दर निर्दिष्ट करने के लिए खान एवं खनिज विकास और विनियमन (एमएमडीआर) अधिनियम, 1957 की दूसरी अनुसूची में संशोधन को मंजूरी दे दी है।

### डीजीसीए ने एयर इंडिया पर 30 लाख रुपये का लगाया जुर्माना

**नई दिल्ली।** नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने मुंबई हवाई अड्डे पर एक 80 साल के यात्री को व्हीलचेयर उपलब्ध नहीं कराने के मामले में एयर इंडिया पर 30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। व्हीलचेयर नहीं मिलने के कारण यात्री को विमान से टर्मिनल तक चलना पड़ा था और वह गिर गया था। बाद में इस यात्री की मृत्यु हो गई थी। यह घटना 12 फरवरी को हुई थी। डीजीसीए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बृहस्पतिवार को कहा कि एयर इंडिया पर 30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है क्योंकि वह बुजुर्ग यात्री को व्हीलचेयर उपलब्ध कराने में विफल रही थी। अधिकारी ने कहा-इसके अलावा एयर इंडिया ने इस मामले में गलती करने वाले कर्मचारियों के खिलाफ हुई कार्रवाई की भी जानकारी नहीं दी है।

## सरकार ने गेहूं खरीद का लक्ष्य 3 से 3.2 करोड़ टन किया तय

- खाद्य मंत्रालय ने फैसले के बारे में दी जानकारी

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने 2024-25 रबी विपणन सत्र के लिए गेहूं खरीद का लक्ष्य 3 से 3.2 करोड़ टन तय किया है। खाद्य मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। सरकार के गेहूं खरीद के लक्ष्य को कुछ कम माना जा रहा है।

कृषि मंत्रालय को फसल वर्ष 2023-24 (जुलाई-जून) में 11.4-11.5 करोड़ टन के रिकॉर्ड गेहूं उत्पादन की उम्मीद है। इसके बावजूद सरकार द्वारा खरीद का लक्ष्य कम रखा गया है। बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी में केंद्रीय खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा की अध्यक्षता में में राज्यों के खाद्य सचिवों की बैठक हुई थी। इसी बैठक में विचार-विमर्श के बाद गेहूं खरीद का लक्ष्य तय किया गया है। मंत्रालय ने बयान में कहा-विचार-विमर्श के बाद



आगामी रबी विपणन सत्र 2024-25 के दौरान गेहूं की खरीद का अनुमान तीन से 3.2 करोड़ टन का तय किया गया है। गेहूं के अलावा, मंत्रालय ने चावल के मामले में रबी धान खरीद का लक्ष्य 90 लाख से एक करोड़ टन तय किया है। सरकार ने रबी मोटे अनाज/बाजरा (श्रीअन्न) के लिए 6,00,000 टन का खरीद लक्ष्य भी निर्धारित किया है। केंद्र ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से फसलों के आहार में पोषण बढ़ाने के लिए बाजरा की खरीद पर ध्यान केंद्रित करने को कहा है।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 71,850 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 64,025 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 47,700-47,900 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 64,000 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 63,850 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42,500 |
| चांदी (999) | 71,500 |
| चांदी तैयार | 71,600 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 63,800 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 62,800 |
| चांदी पक्की | 708 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 64,050 |
| चांदी आभूषण | 71,800। |

## देश में एफडीआई प्रवाह 13% घटकर 32 अरब डॉलर पर पहुंचा

नई दिल्ली, एजेंसी

देश में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) का प्रवाह चालू वित्त वर्ष के पहले नौ माह यानी अप्रैल-दिसंबर-2023 में 13 प्रतिशत घटकर 32.03 अरब अमेरिकी डॉलर रह गया है। सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है।

मुख्य रूप से कंप्यूटर हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर, दूरसंचार, वाहन और फार्मा क्षेत्रों में कम निवेश के कारण एफडीआई घटा है। पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में देश में 36.74 अरब डॉलर का एफडीआई आया था। हालांकि, चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही के दौरान एफडीआई प्रवाह 18 प्रतिशत बढ़कर 11.6 अरब डॉलर रहा है, जो 2022-23 की समान तिमाही के दौरान 9.83 अरब डॉलर था। उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्द्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के आंकड़ों के अनुसार, कुल एफडीआई प्रवाह (जिसमें इक्विटी प्रवाह, पुनर्निवेश आय और अन्य पूंजी शामिल है) अप्रैल-दिसंबर, 2022 के 55.27 अरब डॉलर के मुकाबले चालू वित्त वर्ष के पहले नौ माह में सात प्रतिशत घटकर 51.5 अरब डॉलर रह गया है।

### औद्योगिक श्रमिकों के लिए खुदरा मुद्रास्फीति में आई गिरावट

**नई दिल्ली।** औद्योगिक श्रमिकों के लिए खुदरा मुद्रास्फीति जनवरी 2024 में घटकर 4.59 प्रतिशत रही, जो दिसंबर 2023 में 4.91 प्रतिशत थी। इस दौरान मुख्य रूप से कुछ खाद्य पदार्थों की कीमतें घटने से खुदरा मुद्रास्फीति में नरमी आई। श्रम मंत्रालय ने कहा कि जनवरी 2024 में औद्योगिक श्रमिकों के लिए खाद्य मुद्रास्फीति 7.66 प्रतिशत रही, जो इससे पिछले महीने में 8.18 प्रतिशत और एक साल पहले इसी महीने (जनवरी 2023) में 5.69 प्रतिशत थी। औद्योगिक श्रमिकों के लिए खुदरा मुद्रास्फीति जनवरी 2023 में 6.16 प्रतिशत थी।

## आठ उद्योगों की वृद्धि 15 माह के निचले स्तर पर

नई दिल्ली, एजेंसी

- आंकड़ों के अनुसार-जनवरी में सुस्त पड़कर 3.6% पर आ गई

आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि जनवरी में सुस्त पड़कर 3.6 प्रतिशत पर आ गई। यह इसका 15 माह का निचला स्तर है। बृहस्पतिवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात और बिजली जैसे क्षेत्रों के कमजोर प्रदर्शन के कारण वृद्धि धीमी हुई।

गौरतलब है कि आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों का उत्पादन दिसंबर, 2023 में 4.9 प्रतिशत बढ़ा था। एक साल पहले जनवरी, 2023 में बुनियादी उद्योगों की वृद्धि की रफ्तार 9.7 प्रतिशत थी।



इन आठ क्षेत्रों में कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली शामिल हैं। जनवरी, 2024 से कम वृद्धि दर अक्टूबर, 2022 में 0.9 प्रतिशत थी। चालू वित्त वर्ष के पहले 10 माह अप्रैल-जनवरी के दौरान बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर 7.7 प्रतिशत रही, जो इससे पिछले वित्त वर्ष 2022-23 की समान अवधि में 8.3 प्रतिशत थी। जनवरी, 2024 में रिफाइनरी उत्पादों और उर्वरक का उत्पादन घट गया है।

समीक्षाधीन महीने में कोयला, इस्पात और बिजली के उत्पादन में वृद्धि की गति धीमी हो गई। हालांकि, इस दौरान कच्चे तेल, प्राकृतिक गैस और सीमेंट के उत्पादन में सालाना आधार पर सकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई। देश के औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में आठ प्रमुख क्षेत्रों का योगदान 40.27 प्रतिशत है।

# राष्ट्रीय

# 400 पार का नारा जनता ने दिया, हमारी गारंटी पर देश को विश्वास: नरेंद्र मोदी

## मध्य प्रदेश के लिए प्रधानमंत्री ने 17,551 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का किया लोकार्पण

भोपाल, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि भाजपा भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य के साथ आगामी लोकसभा चुनाव में उतर रही है तथा चारों ओर एक ही बात सुनाई दे रही है कि भाजपा के नेतृत्व वाला राजग (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) इस बार 400 सीट का आंकड़ा पार कर जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मोदी की गारंटी पर देश को भरोसा है। उन्होंने कहा कि 400 पार का नारा हमने नहीं, जनता ने दिया है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों के



उनके कार्यकाल में अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भारत की साख कई गुना बढ़ी है, जिससे देश में निवेश आकर्षित करने में मदद मिली है और दुनिया भर के देश भारत के साथ अच्छे संबंध बनाने के इच्छुक हैं।

मोदी ने भाजपा शासित मध्य प्रदेश में 17,551 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन करने के बाद 'विकसित भारत, विकसित मध्य प्रदेश' कार्यक्रम को वर्चुअल तौर पर संबोधित किया।

### प्रधानमंत्री बिहार, झारखंड और बंगाल में करोड़ों रुपये की परियोजनाओं का करेंगे शिलान्यास

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार और शनिवार को झारखंड, बिहार और पश्चिम बंगाल का दौरा करेंगे और करोड़ों रुपये की विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने बृहस्पतिवार को एक बयान में यह जानकारी दी। पीएमओ के मुताबिक प्रधानमंत्री एक मार्च को लगभग 11 बजे झारखंड के सिंदरी में एक सार्वजनिक कार्यक्रम में भाग लेंगे, जहां वह राज्य में 35,700 करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। वह करीब तीन बजे पश्चिम बंगाल के हुगली में एक सार्वजनिक कार्यक्रम में 7,200 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। अगले दिन शनिवार को प्रधानमंत्री लगभग 10:30 बजे पश्चिम बंगाल के नदिया जिले के कृष्णानगर पहुंचेंगे, जहां वे 15,000 करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।

### राष्ट्रपति ने केरल लोकायुक्त विधेयक को मंजूरी दी

**तिरुवनंतपुरम।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राज्य विधानसभा द्वारा पारित केरल लोकायुक्त विधेयक को मंजूरी दे दी है लेकिन उन्होंने तीन विश्वविद्यालय कानून विधेयकों पर अपनी स्वीकृति अभी नहीं दी है। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने राष्ट्रपति को ये विधेयक उनकी स्वीकृति के लिए भेजे थे। राजभवन ने बृहस्पतिवार को एक बयान में कहा कि राष्ट्रपति ने केरल विश्वविद्यालय कानून (संशोधन संख्या 2) विधेयक 2022 पर अभी अपनी स्वीकृति नहीं दी है। बयान के अनुसार इसके अलावा विश्वविद्यालय कानून संशोधन विधेयक, 2022 और विश्वविद्यालय कानून संशोधन विधेयक, 2021 को भी राष्ट्रपति की मंजूरी नहीं मिली है। राष्ट्रपति को भेजे गए सात विधेयकों में से केवल एक विधेयक केरल लोकायुक्त संशोधन विधेयक, 2022 को सहमति दी गई है।

## अदालत को शाहजहां शेख से कोई हमदर्दी नहीं

कोलकाता, एजेंसी

- कलकत्ता उच्च न्यायालय ने संदेशखालि मामले में की टिप्पणी

कलकत्ता उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि अदालत को तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता शाहजहां शेख के साथ कोई 'हमदर्दी' नहीं है और उनके वकील से चार मार्च को उसके समक्ष पेश होने को कहा। शेख के वकील अदालत में पेश हुए और अपने मुवक्किल के संबंध में तत्काल सुनवाई की मांग की।

मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगणनम की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने कहा कि अदालत को शेख के साथ कोई 'हमदर्दी' नहीं है और उसके वकील से कहा कि वह सोमवार को उसके पेश हों जब संदेशखालि में कथित यौन अत्याचार एवं आदिवासी लोगों की भूमि कब्जे को लेकर मामले की सुनवाई होगी। उच्च न्यायालय ने इस मामले पर स्वतः संज्ञान लिया है। अदालत ने कहा कि अगर शेख ने वकील को वकालतनामा दिया है तो उसके ठिकाने का भी पता होगा। यौन अत्याचार और जमीन हड़पने के आरोपी शेख को राज्य पुलिस ने बृहस्पतिवार सुबह गिरफ्तार कर लिया। जब शेख के वकील ने कहा कि उसकी अग्रिम जमानत याचिका दो दिन पहले खारिज कर दी गई थी और चार अन्य आवेदन अब भी अदालतों के समक्ष लंबित हैं तो मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि टीएमसी नेता के खिलाफ 42 मामले लंबित हैं। मुख्य न्यायाधीश ने वकील से कहा कि उनके पास अगले 10 वर्ष तक शानदार काम होगा क्योंकि वह शेख से संबंधित मामलों को संभालने में व्यस्त रहेंगे। उन्होंने कहा कि शेख से संबंधित मामलों को संभालने के लिए वकील को एक बड़ी कानूनी टीम की आवश्यकता होगी।



### जांच संबंधी याचिका पर सुनवाई करेगी अदालत

कलकत्ता उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि पश्चिम बंगाल के संदेशखालि में महिलाओं के कथित यौन उत्पीड़न मामले की जांच केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) या विशेष जांच दल (एसआईटी) को सौंपने की मांग वाली जनहित याचिका पर सोमवार को सुनवाई होगी। अदालत ने संदेशखालि में महिलाओं पर यौन अत्याचारों और आदिवासियों की जमीन हड़पने के आरोपों पर स्वतः संज्ञान भी लिया है।

## एक नजर

### भाजपा में शामिल हुए बीआरएस सांसद रामुलु

**नई दिल्ली।** तेलंगाना से भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के सांसद व दलित नेता पी रामुलु बृहस्पतिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। वह लोकसभा में नागरकुरनूल (आरक्षित) संसदीय सीट का प्रतिनिधित्व करते हैं। केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर, भाजपा संसदीय बोर्ड के सदस्य के लक्ष्मण, राष्ट्रीय महासचिव व तेलंगाना के प्रभारी तरुण चुघ और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डी के अरुणा की मौजूदगी में रामुलु ने भाजपा की सदस्यता ली।

### फड़णवीस को धमकी देने वाला आरोपी गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने गुरुवार को कथित तौर पर महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस को जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान योगेश सावंत के तौर पर हुयी है और इसने कथित तौर पर अपने सोशल मीडिया पेज पर एक विवादास्पद वीडियो साझा किया था, जिसमें उसने श्री फड़नवीस को जान से मारने की धमकी दी थी। बाद में सावंत को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे 14 दिनों के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

## कोर्ट ने शाहरुख पठान की जमानत याचिका पर पुलिस से मांगा जवाब

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली उच्च न्यायालय ने शाहरुख पठान की जमानत याचिका पर बृहस्पतिवार को शहर पुलिस से जवाब मांगा। उत्तर-पूर्वी दिल्ली में 2020 में हुए दंगों के दौरान पठान पर एक पुलिसकर्मी पर खुलेआम बंदूक तानने का आरोप है। न्यायमूर्ति ज्योति सिंह ने पठान की जमानत याचिका पर दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया और उन्हें जवाब दाखिल करने के लिए चार सप्ताह का समय दिया। उच्च न्यायालय ने पठान के जेल में उसके आचरण का विवरण देने का भी आदेश दिया। मामले की अगली सुनवाई 16 अप्रैल को होगी।

अदालत ने कहा-नोटिस जारी किया जाता है। लोक अभियोजक ने नोटिस स्वीकार कर लिया है और स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने के लिए चार सप्ताह का समय मांगा है। पठान के वकील ने सुनवाई के दौरान कहा कि उस पर हत्या के प्रयास का आरोप लगाया गया है, जिसके लिए अधिकतम सजा 10 साल है। उन्होंने इस आधार पर जमानत मांगी कि पठान पिछले चार साल से हिरासत में हैं। अभियोजक ने अदालत से आग्रह किया कि वह आरोपी के आचरण पर जेल से भी रिपोर्ट मांगे। पठान ने निचली अदालत के पिछले साल 14 दिसंबर के उस आदेश को चुनौती दी है जिसमें उसकी जमानत याचिका खारिज कर दी गई थी।

**दिल्ली में वर्ष 2020 में हुए दंगों का मामला**




### सांप्रदायिक दंगों के मामले में 7 लोग बरी

दिल्ली की एक सत्र अदालत ने 2020 में पूर्वोत्तर दिल्ली में हुए सांप्रदायिक दंगों के मामले में सात लोगों को बरी कर दिया है और कहा कि उनके खिलाफ कोई 'टिकाऊ और संतोषजनक सबूत' नहीं मिला। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पुलस्त्य प्रमाचला उन सात लोगों के खिलाफ एक मामले की सुनवाई कर रहे थे, जिन पर 24 फरवरी, 2020 को करावल नगर में मुख्य बृजपुरी रोड पर दो दुकानों, एक ऑटोरिक्शा और एक दोपहिया वाहन को जलाने वाली भीड़ का हिस्सा होने का आरोप है। अदालत ने कहा-उपलब्ध साक्ष्यों से भीड़ की पहचान भी नहीं की जा सकी है।

## मणिपुर में शांति बनाए रखने को असम राइफल्स की मांगी मदद

इंफाल, एजेंसी

- सरकार ने हिंसा प्रभावित छह जिलों के लिए बनाई रणनीति

मणिपुर सरकार ने राज्य के हिंसा प्रभावित छह जिलों में शांति कायम रखने और जनता का विश्वास बहाल करने के लिए असम राइफल्स से मदद मांगी है।

इंफाल पश्चिम के जिला मजिस्ट्रेट ने बृहस्पतिवार को कानून व्यवस्था के उल्लंघन की खबरों, खासतौर पर भीड़ हिंसा की घटनाओं का उल्लेख किया। आदेश में कहा गया, हालात जिला प्रशासन और पुलिस के नियंत्रण से बाहर हो गए हैं। इसमें कहा गया है कि जिले के विभिन्न हिस्सों में 29 फरवरी से पांच मार्च तक असम राइफल्स की सेवाएं मांगी गई हैं। इससे पहले बुधवार रात को इंफाल पश्चिम में हजारों महिलाओं ने मशाल जुलूस निकालकर केंद्र सरकार और कुकी उग्रवादी समूहों के बीच अभियानों का निलंबन (एसओओ) समझौते को समाप्त करने की मांग की। करीब 200 हथियारबंद लोगों ने 27 फरवरी को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एम अमित सिंह के आवास में गोली चलाईं और तोड़फोड़ की थी।

## राजस्थान में लव जेहाद के मामले में दो लड़कियों सहित तीन लोग गिरफ्तार

**अलवर।** राजस्थान में अलवर शहर के कोतवाली थाना अंतर्गत एक मोहल्ले में किराए पर रहने वाली हिंदू लड़कियों से दोस्ती कर 'लव जेहाद' कराने के मामले में पुलिस ने दो लडकियों सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक आनंद शर्मा ने बताया कि गत 27 फरवरी को अलवर में कॉलेज में पढने वाली दो लड़कियों ने थाना कोतवाली में एक शिकायत दी कि उनकी दो रूममेट काजल उर्फ बबीता और सकीना मेव है जो धर्म परिवर्तन करने की बात कहती हैं और जबरन वसीम नामक युवक से दोस्ती करने की बात कहती है। शिकायत के बाद तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया।

### रोहिंग्या शरणार्थियों की रिहाई संबंधी याचिका पर कोर्ट करेगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने देश भर की जेलों और हिरासत केंद्रों में 'अवैध और मनमाने ढंग से' हिरासत में रखे गये रोहिंग्या शरणार्थियों को रिहा करने के लिए सरकार को निर्देश देने संबंधी याचिका की मार्च में सुनवाई करने पर बृहस्पतिवार को सहमति जता दी। न्यायमूर्ति बी. आर. गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ वकील प्रशांत भूषण द्वारा मामले का विशेष उल्लेख किये जाने के बाद याचिका को सूचीबद्ध करने पर सहमत हुई। भूषण ने दलील दी थी कि इस मामले को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध नहीं किया गया है। भूषण ने कहा कि केंद्र को नोटिस जारी करने के बावजूद, भारत सरकार ने आज तक अपना जवाब दाखिल नहीं किया है।

## असम : विपक्ष ने राष्ट्रपति से सीएए रद करने का किया आग्रह

गुवाहाटी, एजेंसी

असम में विपक्षी दलों ने संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) को रद करने के लिए बृहस्पतिवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से हस्तक्षेप करने की मांग की और कहा कि अगर उनकी मांग पूरी नहीं हुई तो वे राज्य भर में 'लोकतांत्रिक जन आंदोलन' करेंगे। सोलह दलों वाले संयुक्त विपक्षी मंच असम (यूओएफए) ने मुर्मू को राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया के माध्यम से एक ज्ञापन सौंपा।

यूओएफए ने कहा-यह अधिनियम न केवल असंवैधानिक है बल्कि यह इतिहास, संस्कृति, सामाजिक ताने-बाने, अर्थव्यवस्था और असमिया लोगों की पहचान को खतरे में डालकर 1985 के ऐतिहासिक असम समझौते को भी रद करने वाला है। यूओएफए ने राष्ट्रपति से मामले में हस्तक्षेप करने और केंद्र को असम में नागरिकता संशोधन अधिनियम, 2019 को लागू करने के अपने फैसले से बचने व इस 'असंवैधानिक और राष्ट्र-विरोधी' अधिनियम को रद्द करने का निर्देश देने का आग्रह किया। ज्ञापन में कहा गया, ''हम आपको सूचित करते हैं कि अगर भारत सरकार इन मांगों पर ध्यान नहीं देती है तो हम विपक्षी राजनीतिक दलों और असम के लोगों के पास सरकार को मजबूर करने के लिए लोकतांत्रिक जन आंदोलन के अलावा कोई विकल्प नहीं बचेगा।

**हस्तक्षेप की मांग**

- सोलह दलों वाले संयुक्त विपक्षी मंच यूओएफए ने लागू करने पर आंदोलन की दी चेतावनी




### सीएए के खिलाफ अब प्रदर्शन का कोई मतलब नहीं आंदोलनकारी उच्चतम न्यायालय जाएं: हिमंत



असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि इस समय नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के खिलाफ किसी प्रदर्शन की कोई प्रासंगिकता नहीं है और कानून के खिलाफ लोग उच्चतम न्यायालय का रुख कर सकते हैं। शर्मा ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि संसद, जिसने कानून पारित किया था, 'सर्वोच्च नहीं' है क्योंकि शीर्ष अदालत इसके ऊपर है और वह किसी भी कानून को रद कर सकती है जैसा उसने चुनावी बांड के मामले में किया। उन्होंने कहा कि सीएए के खिलाफ प्रदर्शन की कोई प्रासंगिकता नहीं है क्योंकि आंदोलन संसद द्वारा पारित किसी कानून के संबंध में कारगर नहीं हो सकते। बदलाव केवल उच्चतम न्यायालय में हो सकता है जैसा कि उसने भाजपा द्वारा लागू चुनावी बांड के मामले में किया।

# दिल्ली कैपिटल्स 25 रन से जीता, आरसीबी की लय टूटी

## आरसीबी की कप्तान स्मृति मंधाना की 74 रन की शानदार पारी पर भारी पड़ा शेफाली वर्मा का अर्धशतक

**बेंगलुरु, एजेंसी**



कप्तान स्मृति मंधाना की अर्धशतकीय पारी भी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के काम नहीं आ सकी, जिससे दिल्ली कैपिटल्स ने गुरुवार को महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) टी-20 मैच में 25 रन से जीत दर्ज की।

शेफाली वर्मा (50) के अर्धशतक से दिल्ली कैपिटल्स ने 5 विकेट पर 194 रन बनाया। मंधाना ने 43 गेंद में 74 रन की तेज पारी खेली, जिसमें 10 चौके और 3 छक्के जड़े थे लेकिन उनके अर्धशतक के बावजूद आरसीबी की टीम 9 विकेट पर 169 रन ही बना सकी। इससे आरसीबी की जीत की लय टूट गई। मंधाना और सोफी डेविने (23) ने पहले विकेट के लिए 77 रन की साझेदारी की। नौंवे ओवर में डेविने आउट हो गई। मंधाना ने ऋचा घोष (19) के साथ 45 रन जोड़े पर वह मारिजाने काप (2 विकेट) की गेंद पर बोल्ड हो गई। घोष 15वें ओवर की पहली गेंद पर आउट हुई, तब स्कोर 3 पर 138 था। टीम ने इसके बाद 6 विकेट 30 रन के अंदर गंवा दिए। बाएं हाथ की स्पिनर जेस जोनासेन ने 21 रन देकर 3 और अरूंधती रेड्डी ने दो विकेट लिए।




शेफाली ने 31 गेंद पर 3 चौके और 4 छक्के जड़े। उन्होंने कप्तान मेग लेनिंग के शुरू में आउट होने के बाद एलीस कैप्से के साथ दूसरे विकेट के लिए 82 रन की भागीदारी निभाई। मरिजाने काप ने 16 गेंद में 32 रन तथा जेसन जोनासेन ने 16 गेंद में नाबाद 36 रन बनाए। इन दोनों ने पांचवें विकेट के लिए 58 रन की भागीदारी की। आरसीबी में एलिसे पैरी के बीमार होने से नादिने डि क्लर्क को शामिल किया गया। शेफाली ने बाएं हाथ की स्पिनर सोफ मोलिनेक्स की गेंद पर 1 चौका और 1 छक्का जड़ा। शेफाली ने इस सत्र में दूसरा अर्धशतक ऑफ स्पिनर श्रेयंका पर मिड विकेट पर छक्का जड़कर पूरा किया। लेकिन वह अगली ही गेंद पर आउट हो गयी। वह ऊंचा शॉट खेलने के प्रयास में मिड विकेट पर जॉर्जिया वारेहैम को कैच दे बैठीं। डि क्लर्क ने फिर शानदार यॉर्कर से कैप्से को आउट किया और जेमिमा रोड्रिग्स एक भी रन जोड़े बिना आउट हो गयीं। पर काप और जोनासेन ने 14वें से 18वें ओवर तक रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर की गेंदबाजों का डटकर सामना किया और टीम को अच्छे स्कोर तक पहुंचाने में मदद की।

### पूर्व सीईओ नोर्मन के पद त्यागने का मामला

# हॉकी इंडिया प्रमुख टिर्की ने कहा- एलेना ने सीईओ के रूप में शानदार काम किया

**राउरकेला, एजेंसी**



एलेना नोर्मन भले ही विवादास्पद हालात में पद छोड़कर गई हों लेकिन हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने पूर्व सीईओ की प्रशंसा करते हुए कहा कि वह खेल के विकास में इस ऑस्ट्रेलियाई अधिकारी के योगदान की सराहना करते हैं।

टिर्की ने हॉकी इंडिया में गुटबाजी के नोर्मन के दावे को खारिज कर दिया। टिर्की ने कहा कि पद संभालने के बाद हमने अच्छा काम किया है और मैं इसकी सराहना करता हूं। हमने दो साल में टीमों का प्रदर्शन देखा है। हमारी सीईओ ने भारतीय हॉकी के लिए शानदार काम किया है। हम उनके प्रयासों और योगदान की सराहना करते हैं। टिर्की और सचिव भोलानाथ सिंह ने इससे एक दिन पहले संयुक्त बयान जारी कर नोर्मन के दावे को खारिज किया था। नोर्मन ने मंगलवार को इस्तीफा दिया था और आरोप लगाया कि संघ में गुटबाजी है। एक में दिलीप टिर्की और में व दूसरे में भोलानाथ सिंह, (कार्यकारी निदेशक) कमांडर आरके श्रीवास्तव और शेखर जे मनोहरन हैं।

## खेल डायरी

### यूवेंटस के मिडफील्डर पॉल पोग्बा डोपिंग के लिए प्रतिबंधित, खेल पंचाट में करेंगे अपील



**रोम, एजेंसी।** इटली की डोपिंग रोधी अदालत ने यूवेंट्स के मिडफील्डर पॉल पोग्बा पर टेस्टोस्टेरॉन का पॉजिटिव पाए जाने के बाद गुरुवार को 4 साल के लिए प्रतिबंध लगाया। पोग्बा ने कहा कि वह स्विट्जरलैंड स्थित खेल पंचाट में अपील करेंगे, लेकिन पोग्बा ने पॉजिटिव आने के लिए कोई कारण नहीं बताया। खेल पंचाट के फैसले में एक साल लग सकता है। विश्व कप विजेता फुटबॉलर पोग्बा के सितंबर में पॉजिटिव पाए जाने के बाद इस अधिकतम प्रतिबंध की घोषणा की गई। पोग्बा ने कहा कि उनका मानना है कि यह फैसला गलत है। मैं इस फैसले से दुखी हूं क्योंकि मैंने अपने पेशेवर खेल करियर में जो कुछ भी हासिल किया, वो सब मुझसे छीन लिया गया है। उन्होंने कहा कि मैंने कभी भी जानबूझकर कोई सप्लीमेंट नहीं लिया है, जिससे डोपिंग रोधी नियमों का उल्लंघन हुआ हो। 20 अगस्त को उडिनेसे में युवेंटस के मैच के बाद उनकी जांच हुई थी। वह सीरी ए के इस मैच में नहीं खेले थे। पोग्बा ने इटली की डोपिंग रोधी एजेंसी से कोई समझौता नहीं करने का फैसला किया जिसके बाद मामला डोपिंग रोधी अदालत में गया। पोग्बा की सजा को सार्वजनिक नहीं किया गया।

### प्रज्ञानानंदा ने की चूक प्राग में दूसरे दौर में हारे

**प्राग, एजेंसी।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा को प्राग मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के दूसरे दौर में ईरान के परहाम मघसूडलू से पराजित होना पड़ा। साथ ही क्लासिकल शतरंज में उनका 47 मैचों का अपराजेय अभियान खत्म हो गया। इस खिलाड़ी ने लाइव रेटिंग में शीर्ष स्थान भी गंवा दिया जो विश्वनाथन आनंद ने फिर हासिल कर लिया है। डी गुकेश ने चेक गणराज्य के एंगुयेन थाई दाइ वान को हराया। टूर्नामेंट के सात दौर बाकी हैं जबकि परहाम दो अंक लेकर शीर्ष पर हैं। गुकेश और उजबेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तारोव उनसे आधा अंक पीछे हैं। उजबेक खिलाड़ी ने भारत के विदित गुजराती से ड्रा खेला। प्रज्ञानानंदा, गुजराती, रोमानिया के रिचर्ड रैपो और चेक गणराज्य के डेविड नवारा चौथे स्थान पर हैं।

### अश्लील इशारे पर रोनाल्डो 1 मैच के लिए निलंबित

**रियाद, एजेंसी।** सउदी प्रो लीग फुटबॉल में अल नासर के लिए खेलते हुए अश्लील इशारे करने की वजह से पुर्तगाल के स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो एक मैच के लिए निलंबित कर दिए गए हैं। अल नासर ने स्थानीय प्रतिद्वंद्वी अल शबाब को रविवार को 3-2 से हराया, जिसके बाद रोनाल्डो ने विरोधी टीम के समर्थकों को देखकर अभद्र इशारे किए। दर्शक उनके चिर प्रतिद्वंद्वी लियोनेल मेस्सी के नाम से 'मेस्सी मेस्सी' के नारे लगा रहे थे। सउदी अरब फुटबॉल महासंघ की अनुशासन और नैतिकता समिति ने सोशल मीडिया पर गुरुवार को निलंबन की घोषणा की। अल नासर को अगले मैच में अल हजम से खेलना है। रीयाल मैड्रिड और मैनचेस्टर युनाइटेड के पूर्व स्टार रोनाल्डो को 5 हजार डॉलर अल शबाब को और आधी राशि महासंघ को जुर्माने के तौर पर देनी होगी।

### खिलाड़ियों को डिजिटल सर्टिफिकेट जारी होंगे: खेल मंत्री



**नई दिल्ली, एजेंसी।** खेलमंत्री अनुराग ठाकुर ने गुरुवार को घोषणा की कि सरकार देश भर में रजिस्टर्ड खिलाड़ियों को डिजिटल सर्टिफिकेट देगी। इससे खिलाड़ियों के प्रदर्शन और प्रतिभागिता को लेकर पारदर्शिता बनी रहेगी। डिजिटल सर्टिफिकेट में खिलाड़ियों की प्रतिस्पर्धाओं में भागीदारी की तारीफ रहेगी और यह उनकी उपलब्धियों का सबूत होगा। ठाकुर ने एक्स पर लिखा , हमारे खेल ढांचे की धुरी खिलाड़ी हैं और इसे ध्यान में रखकर खेल मंत्रालय ने उन्हें डिजिटल सर्टिफिकेट देने का फैसला किया है। खेलमंत्री ने खिलाड़ियों और राष्ट्रीय खेल महासंघों के लिए चीजें आसान करने की योजना का ऐलान पिछले साल 29 अगस्त को किया था। उस समय एनएसएफ पोर्टल भी शुरू हुआ था। ठाकुर ने कहा कि खिलाड़ी सर्वोपरि नीति के अनुरूप राष्ट्रीय खेल महासंघों को डिजिलॉकर के जरिए खिलाड़ियों को सर्टिफिकेट देने के लिए कहा गया है। यह फैसला एनएसएफ के खेल प्रशासन में पारदर्शिता और कुशलता को बढ़ावा देने और खिलाड़ियों के दस्तावेजों की सुरक्षा , पहुंच और सत्यता सुनिश्चित करने को लिया गया है।

# राहुल पांचवें टेस्ट से बाहर , बुमराह की वापसी

## बीसीसीआई ने कहा- चोट के कारण धर्मशाला के टेस्ट में नहीं खेलेंगे राहुल, टीम में भागीदारी फिटनेस पर थी निर्भर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने गुरुवार को कहा कि केएल राहुल चोट के कारण धर्मशाला में इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें और अंतिम टेस्ट में नहीं खेलेंगे जबकि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह टीम में वापसी करेंगे।

राहुल के दाएं पैर की जांघ में सूजन है और वह विशेषज्ञ की राय लेने लंदन गए हैं। यह विकेटकीपर बल्लेबाज जनवरी में हैदराबाद में श्रृंखला के पहले मैच के बाद से ही उपलब्ध नहीं है और बीसीसीआई के अनुसार वह राजकोट में तीसरे टेस्ट से पहले 90 प्रतिशत फिट थे। बीसीसीआई ने कहा कि राहुल की आईडीएफसी फर्स्ट बैंक श्रृंखला के अंतिम टेस्ट में भागीदारी फिटनेस पर निर्भर थी लेकिन वह धर्मशाला में पांचवें और अंतिम टेस्ट में नहीं खेल पाएंगे। बीसीसीआई की मेडिकल टीम उनकी चोट पर नजर रखे है और लंदन में विशेषज्ञों से सलाह लेने की कोशिश कर रही है। टीम की कार्यभार प्रबंधन नीति के तहत रांची में चौथे टेस्ट के लिए टीम से रिलीज बुमराह 7 मार्च से धर्मशाला में शुरू होने वाले अंतिम टेस्ट के लिए टीम से जुड़ेंगे। भारत ने चौथे टेस्ट में जीत के बाद श्रृंखला में 3-1 से अजेय बढ़त बनाई है। अंतिम टेस्ट में राहुल की अनुपस्थिति से रजत पाटीदार टीम में रहेंगे, लेकिन अंतिम एकादश में उनका होना



निश्चित नहीं है क्योंकि वह 6 पारियों में 63 रन ही बना सके हैं। वाशिंगटन सुंदर को भी टीम से रिलीज किया गया है।

बीसीसीआई ने कहा कि वह दो मार्च से मुंबई के खिलाफ शुरू होने वाले रणजी सेमीफाइनल मैच के लिए अपनी टीम तमिलनाडु में शामिल होंगे और जरूरत पड़ी तो घरेलू मैच पूरा होने के बाद पांचवें टेस्ट के लिए भारतीय टीम में जुड़ जाएंगे। राहुल आईपीएल में लखनऊ सुपर जाइंट्स का नेतृत्व करेंगे और उन्हें आईपीएल से पहले फिट होना होगा। चोट से राहुल पिछले साल भी 4 महीने तक टीम से बाहर थे। आईपीएल में चोटिल होने के




बाद राहुल ने पिछले सितंबर में एशिया कप के दौरान वापसी की। पिछले साल दक्षिण अफ्रीका के टेस्ट दौरे में राहुल भारत के लिए शतक बनाने वाले एकमात्र खिलाड़ी थे। यह श्रृंखला ड्रा थी। बीसीसीआई ने बताया कि तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी 26 फरवरी को सर्जरी के बाद अच्छी तरह उबर रहे हैं। वह रिहैबिलिटेशन शुरू करने के लिए बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) जाएंगे।

### रोहित और कोहली को भी घरेलू क्रिकेट खेलना चाहिए : आजाद



**नई दिल्ली।** भारत की 1983 विश्व कप विजेता टीम के सदस्य कीर्ति आजाद ने क्रिकेटरों के लिए रणजी खेलने के बीसीसीआई के निर्देश का समर्थन करते हुए कहा कि यह अच्छी पहल है और रोहित शर्मा तथा विराट कोहली समेत भारतीय टीम के हर सदस्य पर लागू होनी चाहिए। ईशान किशन और श्रेयस अय्यर को रणजी नहीं खेलने से केंद्रीय अनुबंध गंवाना पड़ा है। आजाद ने कहा कि यह निर्देश बहुत अच्छी पहल है। हर किसी को रणजी खेलनी चाहिए। पांच दिन का क्रिकेट ही असली क्रिकेट है। घरेलू क्रिकेट खेलना अच्छी बात है। उन्होंने कहा कि जब भी खिलाड़ी खाली हो तो उन्हे अपने प्रदेश के लिए रणजी खेलना चाहिए। चाहे वह रोहित शर्मा हो या विराट कोहली। प्रदेश ने आपको खिलाड़ी बनने का मौका दिया, जिससे आप देश के लिए खेल सके। उन्होंने कहा कि सिर्फ ईशान और श्रेयस को सजा देना सही नहीं है। उन्होंने कहा कि सिर्फ दो को सजा देना सही नहीं है। हर किसी को सजा मिलनी चाहिए। सभी को समान नजर से देखा जाना चाहिए। आजाद ने इस पर टिप्पणी से इनकार कर दिया कि क्या ईशान और श्रेयस के लिए रास्ते अब बंद हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि मेरा सवाल यह है कि क्या वे पर्याप्त घरेलू क्रिकेट खेल रहे हैं। वे टी-20 खेल रहे हैं और हर प्रदेश में टी-20 लीग है। जब हम खेलते थे तब सारे सदस्य प्रदेश के लिये खेलते थे और इसमें गर्व महसूस करते थे लेकिन अब ऐसा नहीं है ।

### पांचवें टेस्ट के लिए भारतीय टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), जसप्रीत बुमराह (उप कप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, रजत पाटीदार, सरफराज खान, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), केएस भरत (विकेटकीपर), देवदत्त पडिक्कल, आर अश्विन, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार, आकाश दीप।

### अय्यर-ईशान को लेकर इरफान ने उठाए सवाल



**नई दिल्ली।** पूर्व तेज गेंदबाज इरफान पठान ने रणजी खेलने के आदेश का पालन नहीं करने पर ईशान किशन और श्रेयस अय्यर को बीसीसीआई का केंद्रीय अनुबंध नहीं देने के फैसले पर सवाल उठाते हुए कहा है कि हार्दिक पंड्या जैसे खिलाड़ियों के लिए यह मानदंड नहीं था। बीसीसीआई ने ईशान और श्रेयस के केंद्रीय अनुबंध रद कर दिए जबकि 2018 से एक भी टेस्ट नहीं खेले पंड्या को ग्रेड 'ए' का अनुबंध दिया गया। इरफान ने एक्स पर लिखा, अगर हार्दिक जैसे खिलाड़ी लाल गेंद का क्रिकेट नहीं खेलना चाहते तो क्या उन्हें और उनके जैसे दूसरों को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेलने पर सफेद गेंद का घरेलू क्रिकेट खेलना चाहिए। अगर यह सब पर लागू नहीं होता तो भारतीय क्रिकेट को इच्छित नतीजे नहीं मिलेंगे। ईशान पिछले साल दिसंबर में द. अफ्रीका दौरा छोड़ने के बाद झारखंड के लिए रणजी खेलने नहीं आए। उन्होंने आईपीएल की तैयारी शुरू कर दी जिसमें वह मुंबई इंडियंस के लिए खेलेंगे।

### जॉली-गोपीचंद जर्मन ओपन के क्वार्टरफाइनल में

**मुलहेम अन डेर रूर (जर्मनी), एजेंसी।** भारत की त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी ने गुरुवार को जर्मन ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला युगल क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। इस जोड़ी ने राउंड 16 के मैच में चेक गणराज्य की सोना होरिंकोवा और कैटरीना जुजाकोवा की जोड़ी पर जीत हासिल की। अब क्वार्टरफाइनल में उनका सामना फ्रांसेस्का कोर्बेट और एसिन ली तथा जिंग यि और जु मिन लुओ की जोड़ी के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। महिला और पुरुष एकल स्पर्धाओं में हालांकि भारतीय चुनौती समाप्त हो गई।

# पहलवानों का राष्ट्रीय शिविर ट्रायल के बाद : डब्ल्यूएफआई

## 15 महीने बाद शिविर की तैयारी कर रहा है महासंघ, किसान आंदोलन के कारण दिल्ली में हो सकता है आयोजन

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- इंदिरा गांधी स्टेडियम में 10-11 मार्च के ट्रायल के बाद शिविर

भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) 15 महीने बाद सीनियर राष्ट्रीय शिविर की तैयारी कर रहा है और किसान आंदोलन से शिविर पटियाला की बजाय दिल्ली में आयोजित हो सकता है। डब्ल्यूएफआई के राष्ट्रीय शिविर जनवरी 2023 के बाद से बंद है जब देश के तीन शीर्ष पहलवानों ने तत्कालीन अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह पर यौन उत्पीड़न के आरोपों को लेकर प्रदर्शन किया था।

इंदिरा गांधी स्टेडियम में 10 और 11 मार्च को होने वाले ट्रायल के तुरंत बाद राष्ट्रीय शिविर शुरू होगा। डब्ल्यूएफआई के निलंबन के बाद कुश्ती का काम देख रही तदर्थ समिति ने जयपुर में अपनी राष्ट्रीय चैंपियनशिप कराने के बाद रोहतक (पुरुष) और पटियाला (महिला) में अभ्यास शिविर शुरू किए। युनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग द्वारा निलंबन वापिस लेने के बाद डब्ल्यूएफआई ने बिशकेक में 11 से 16 अप्रैल तक होने वाली एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप और 19 से 21 अप्रैल तक उपमहाद्वीपीय ओलंपिक क्वालीफायर के लिए राष्ट्रीय टीम चुनने को ट्रायल का ऐलान किया। डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि ट्रायल के बाद हर वर्ग के शीर्ष 4 पहलवानों को राष्ट्रीय शिविर में बुलाया जाएगा।

### ट्रायल में उतरने से बजरंग का इंकार , अदालत की ली शरण



**नई दिल्ली।** आगामी राष्ट्रीय ट्रायल में भाग लेने के भारतीय कुश्ती महासंघ के न्योते को ठुकराते हुए पहलवान बजरंग पूनिया ने दिल्ली हाईकोर्ट में आपात संयुक्त याचिका दायर करके 10-11 मार्च को आयोजित चयन ट्रायल पर रोक की मांग की है। बजरंग, विनेश फोगाट, साक्षी मलिक और उनके पति सत्यव्रत कादियान ने अदालत की शरण ली है। मामले की सुनवाई शुक्रवार को होगी। बजरंग ने याचिका दायर करने की पुष्टि नहीं की लेकिन भारतीय कुश्ती पर सरकार की चुप्पी पर सवाल दागे। दो महीने से रूस में अभ्यास कर रहे बजरंग ने कहा कि अगर ट्रायल संजय सिंह की अगुवाई वाली डब्ल्यूएफआई करा रही है तो वह इसमें हिस्सा नहीं लेंगे। उन्होंने कहा अगर मुझे ट्रायल में भाग नहीं लेना होता तो मैं अभ्यास पर 30 लाख खर्च नहीं करता लेकिन निलंबित डब्ल्यूएफआई ट्रायल कैसे करा रहा है।




# बॉलीवुड हलचल

## मई में आ सकती है जॉली एलएलबी 3




**मुंबई।** अभिनेता अक्षय कुमार-अरशद वारसी की फिल्म जॉली एलएलबी 3 मई 2024 में फ्लोर पर जा सकती है। 2013 में 'जॉली एलएलबी रिलीज हुई थी, जिसमें अरशद वारसी थे। वहीं, दूसरे पार्ट यानी 'जॉली एलएलबी' में अक्षय कुमार ने लीड रोल किया था। अब तीसरे पार्ट में अक्षय और अरशद दोनों नजर आएंगे। इसको सुभाष कपूर निर्देशित कर रहे हैं। कहा जा रहा है कि जॉली एलएलबी 3 को मई में फ्लोर पर लाया जाएगा। वहीं 2025 में इसे सिनेमाघरों में रिलीज कर दिया जाएगा। जॉली एलएलबी 3 में अक्षय और अरशद दोनों का रोल बराबर का होगा। इससे पहले दोनों 'बच्चन पांडे' में साथ नजर आए थे।

### दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह जल्द बनने वाले हैं माता-पिता



बॉलीवुड की स्टार जोड़ी दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह जल्द ही माता-पिता बनने वाले हैं। यह जानकारी खुद अभिनेता दंपति ने दी है। कुछ दिन पहले से ही सोशल मीडिया पर दीपिका पादुकोण के गर्भवती होने की खबरें सामने आ रही थीं। दंपति ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट में यह खबर साझा की है। उन्होंने अपने पोस्ट में तस्वीर साझा की, जिसमें बच्चे के जूते और कपड़े बने हैं और उसमें लिखा है सितंबर 2024। अभिनत्री प्रियंका चोपड़ा जोनस, श्रेया घोषाल, विक्रांत मैसी और आलिया भट्ट सहित बॉलीवुड के कई अभिनेताओं ने उन्हें बधाई दी। दीपिका-रणवीर की पोस्ट के कमेंट सेक्शन में प्रियंका ने लिखा, 'मुबारक', वहीं आलिया ने कई सारे दिल वाले इमोजी साझा किए। घोषाल ने कहा कि वह जोड़ी के लिए उत्साहित और खुश हैं, वहीं विक्रांत ने लिखा, आप दोनों को बहुत बहुत शुभकामनाएं। दीपिका और रणवीर 2018 में इटली में शादी के बंधन में बंधे थे।

## तेरा क्या होगा लवली में इलियाना और रणदीप



नई दिल्ली। बॉलीवुड एक्ट्रेस इलियाना डिक्रूज इन दिनों अपनी मां बनने की जर्नी को एन्जॉय करती हुई नजर आ रही है। फैंस अक्सर उनसे ऑनस्क्रीन वापसी कब करेंगी सवाल कर रहे हैं। इसी बीच उनकी अपकमिंग फिल्म तेरा क्या होगा लवली का ट्रेलर रिलीज हो गया है, जिसमें उनका अलग अंदाज देखने को मिला है। इतना ही नहीं उनके साथ रणदीप हुड्डा भी हैं, जिनकी हाल ही में लिन लैशराम से शादी हुई है। फिल्म का ट्रेलर सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है क्यों इलियाना का हटकर अंदाज और रणदीप हुड्डा का हरियाणवी लुक फैंस का ध्यान खींच रहा है। तेरा क्या होगा लवली का ट्रेलर त्वचा के रंग और दहेज के साथ भारत के स्थाई निर्धारण को दिखाता है। बलविंदर सिंह जांजुआ द्वारा निर्देशित, यह अपकमिंग फिल्म गोरी त्वचा के जुनून और दहेज प्रथा से जुड़ी जटिलताओं के बारे में बातचीत शुरू करने का वादा करती है। मूवी में इलियाना डिक्रूज, रणदीप हुड्डा और करण कुंद्रा अहम किरदार में हैं, जिसका ट्रेलर सोशल मीडिया पर धूम मचा रहा है। इस फिल्म में एक महिला की कहानी दिखाई गई है, जो दूल्हा खोजने के सामाजिक दबाव से जूझ रही है। यह किरदार इलियाना डिक्रूज़ का है, जिसकी यात्रा ने केवल उसके रंग के आधार पर आंके जाने की कठोर वास्तविकताओं का खुलासा किया है। फिल्म 8 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होने को तैयार है। निर्देशक बलविंदर सिंह जंजुआ की फिल्म में रणदीप हुडा एक पुलिस अधिकारी का किरदार निभा रहे हैं, जिसे दहेज चुराने वाले चोरों को पकड़ने का काम सौंपा गया है। कहानी में नायक और पुलिस अधिकारी के बीच की लव स्टोरी को दिखाया गया है, जिसमें भी कई दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

## श्रेयस ने बताई गोलमाल 5 की रिलीज डेट



बॉलीवुड की कॉमेडी फिल्मों ने दर्शकों में खास जगह बना रखी है। इनमें से एक गोलमाल की फ्रेंचाइजी भी है। इसी बीच गोलमाल 5 को लेकर अपडेट सामने आई है। एक्टर श्रेयस तलपड़े ने खुलासा किया है कि गोलमाल 5 कब रिलीज होगी। फिल्म की शूटिंग को लेकर भी एक्टर ने जानकारी साझा कर दी है। बॉलीवुड की कई फिल्मों के अगले पार्ट का फैन्स बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस लिस्ट में एक नाम फिल्म 'गोलमाल 5' का भी है। 'गोलमाल' फ्रेंचाइजी सुपरहिट है। मल्टी स्टारर इस फ्रेंचाइजी की दर्शकों के दिल में एक खास जगह हैफ्रेंचाइजी 'गोलमाल 5' को लेकर एक नई अपडेट सामने आई है। एक बार फिर से अजय देवगन अपनी पलटन के साथ लोगों को हंसाते हुए नजर आएंगे। 2020 में रोहित शेट्टी ने बताया था कि वह 'गोलमाल 5' पर काम कर रहे हैं, लेकिन इस बीच अब फिल्म से जुड़ी नई जानकारी सामने आ गई है। फिल्म में लक्ष्मण का रोल निभाने वाले श्रेयस तलपड़े ने हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान बताया है कि ये फिल्म कब आ सकती है। श्रेयस ने बताया कि 'गोलमाल 5' की शूटिंग अगले साल शुरू हो सकती है और दीवाली 2025 पर इसे रिलीज भी किया जा सकता है। श्रेयस की मानें तो 'गोलमाल 5' पैंडेमिक के दौरान अनाउंस की गई थी, लेकिन तब हालातों के चलते सारे प्लान को बदलना पड़ा था। एक्टर ने कहा कि उन्हें फिल्म के सेट पर काफी मजा आता है।

### प्रभास के चक्कर में रणबीर की एनिमल पार्क अटकी



रणबीर कपूर की 'एनिमल' के बाद अब हर किसी को 'एनिमल पार्क' का इंतजार है। पता चला था कि इसमें विक्की कौशल विलेन होंगे, हालांकि, ये फिल्म अभी नहीं बनने वाली है। संदीप रेड्डी वांगा ने प्रभास की फिल्म के लिए कुछ प्लानिंग कर रखी है। उसे पूरा करने के बाद ही 'एनिमल पार्क' के बारे में सोचेंगे। रणबीर कपूर की 'एनिमल' ने बीते साल 915 करोड़ का कारोबार किया है। थिएटर्स के बाद ओटीटी पर भी फिल्म को शानदार रिस्पॉन्स मिला। फिल्म को लेकर रोजाना नए-नए अपडेट्स आ रहे हैं। मेकर्स ने फिल्म की प्लानिंग कर ली है। हालांकि, इसे शुरू कब किया जाएगा, ये पता नहीं चल पाया है। विक्की कौशल इस पार्ट में विलेन बने हैं, लेकिन इसी बीच खबर आ रही है कि प्रभास के चक्कर में ये फिल्म अटक गई है। संदीप रेड्डी वांगा ने 'एनिमल' को डायरेक्ट किया था। इस फिल्म को जो रिस्पॉन्स मिला। उसके बाद 'एनिमल' के सीक्वल का ऐलान किया गया था। इस वक्त संदीप कई सुपरस्टार्स के साथ फिल्म बनाने की प्लानिंग कर रहे हैं। इसमें प्रभास और अल्लू अर्जुन का नाम भी है। पहले ऐसी चर्चा थीं कि संदीप पहले रणबीर की एनिमल पार्क की शूटिंग खत्म करेंगे। इसको कंप्लीट करने के बाद उन्हें प्रभास की स्पिरिट पर काम करना था, लेकिन अब डायरेक्टर ने प्लानिंग बदल दी है। एक रिपोर्ट के अनुसार संदीप जल्द ही स्पिरिट की शूटिंग शुरू करने वाले हैं। इस पिक्चर में प्रभास लीड रोल में हैं। वो फिल्म में कॉप का किरदार निभा रहे हैं, इसकी शूटिंग अक्टूबर से शुरू होगी।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने,बरेली,पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, **कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

## एक नजर

### प्रवासी भारतीयों से जुड़ने के लिए शुरू की लेबर इंडियंस पहल

**लंदन।** इस साल के आखिर में होने वाले आम चुनाव में विपक्षी लेबर पार्टी अपनी नैया पार लगाने के लिए ब्रिटिश भारतीयों को साधने में जुट गई है। लेबर पार्टी ने प्रवासी भारतीयों से जुड़ने और सत्ता में आने के बाद एक साल में भारत के साथ बातचीत को मजबूत करने के मकसद से नया प्रवासी आउटरीच कार्यक्रम शुरू किया है। लेबर पार्टी के विदेश मामलों के सचिव डेविड लैमी ने लंदन में संसद भवन परिसर में लेबर इंडियंस' पहल का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने अपनी हालिया भारत यात्रा का जिक्र किया।

### छत्तीसगढ़ के प्रख्यात पुरातत्वविद अरुण कुमार शर्मा का निधन



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के पुरातत्ववेत्ता पद्मश्री अरुण कुमार शर्मा का गुरुवार को निधन हो गया। 92 साल की उम्र में उन्होंने आखिरी सांस ली। अरुण शर्मा वही शख्स हैं जिनकी मांग पर अयोध्या में राम जन्म भूमि पर खुदाई कराई गई थी। उन्होंने ही खुदाई में मिले अवशेषों के रिसर्च के आधार पर कोर्ट में मंदिर होने के सबूत पेश किए थे। अरुण के बेटे मनीष ने बताया कि रायपुर स्थित आवास पर पिता ने अंतिम सांस ली। बता दें, वह छत्तीसगढ़ सरकार के पुरातत्व सलाहकार भी रहे थे।



### चाय वाले के साथ छा गई बिल गेट्स की जुगलबंदी

**नई दिल्ली।** माइक्रोसॉफ्ट के फाउंडर और समाजसेवी बिल गेट्स बड़े कारोबार के अलावा अपने अनोखे अंदाज के लिए जाने जाते हैं। इस समय वह अपने भारत दौरे के कारण सुर्खियों में बने हुए हैं। हाल ही में बिल गेट्स का नागपुर के फेमस डॉली चायवाले के साथ एक वीडियो वायरल हुआ है। इंस्टाग्राम हैंडल पर डॉली चाय वाले के साथ वीडियो शेयर करते हुए उन्होंने भारत की तारीफ की है।

### पाकिस्तान में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में आतंकवादी ढेर

**इस्लामाबाद।** उत्तर पश्चिमी प्रांत खैबर पख्तूनख्वा में सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में छह आतंकियों को मार गिराया। सेना की मीडिया शाखा ने कहा– सुरक्षा बलों ने खुफिया सूचना पर एक अभियान चलाया। आईएसपीआर ने कहा, अभियान के दौरान सैनिकों और आतंकवादियों के बीच भीषण गोलीबारी हुई जिसमें छह आतंकवादी मारे गए, एक सैनिक भी घायल हुआ है।

## डब्ल्यूटीओ में भारत ने कहा ई-कॉमर्स पर सीमा शुल्क स्थगन की समीक्षा करने की जरूरत

**अबू धाबी, एजेंसी।** भारत ने गुरुवार को कहा कि विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के विकासशील और अल्प विकसित सदस्य देशों के लिए ई-कॉमर्स व्यापार पर सीमा शुल्क स्थगन की फिर से समीक्षा करने की जरूरत है। भारत ई-कॉमर्स व्यापार पर सीमा शुल्क स्थगन को आगे जारी रखने के पक्ष में नहीं है, इसका असर विकासशील देशों पर पड़ रहा है।

यह मुद्दा विश्व व्यापार संगठन के 13वें मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में ई-कॉमर्स सत्र के दौरान उठा। बता दें, मंत्रिस्तरीय सम्मेलन का गुरुवार को अंतिम दिन रहा। भारत ने कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था का यह उभरता हुआ खंड अल्प विकसित देशों (एलडीसी) सहित विकासशील देशों के लिए आर्थिक वृद्धि की संभावनाएं लाता है। ऐसे में भारत ने इस बात पर जोर दिया है कि डिजिटल औद्योगीकरण को बढ़ावा देने के लिए ई-कॉमर्स व्यापार पर सीमा शुल्क लगाने सहित सभी नीतिगत विकल्प डब्ल्यूटीओ सदस्यों के पास होने चाहिए। वाणिज्य मंत्रालय ने बयान में कहा, भारत ने बताया कि विकसित और विकासशील देशों के बीच एक बड़ी डिजिटल खाई है। इससे वैश्विक ई-कॉमर्स में विकासशील देशों की भागीदारी बढ़ाना चुनौतीपूर्ण हो गया है।

## सर्वाधिक संख्या के साथ मध्य प्रदेश का 'तेंदुआ स्टेट' तमगा बरकरार

मध्य प्रदेश का तेंदुआ स्टेट का तमगा इस बार भी बरकरार है। देश में तेंदुओं की सर्वाधिक संख्या 3,907 मध्य प्रदेश में है, वर्ष 2018 में 3421 थी। इसके बाद महाराष्ट्र में 1985, कर्नाटक में 1,879 और तमिलनाडु में 1,070 रही। टाइगर रिजर्व या सबसे अधिक तेंदुए की आबादी वाले स्थल आंध्रप्रदेश के श्रीशैलम में नागार्जुन सागर और इसके बाद मध्य प्रदेश में पन्ना और सतपुड़ा हैं। यह तथ्य गुरुवार को नई दिल्ली में भारत में तेंदुओं की स्थिति पर जारी रिपोर्ट में रेखांकित हुआ है। केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने इसकी रिपोर्ट जारी की।

**3,907**

के साथ मध्य प्रदेश देश में तेंदुओं की सर्वाधिक संख्या वाला प्रदेश है, वर्ष 2018 में 3421 थी संख्या



### तेंदुओं की आबादी का अनुमान



वहीं वन राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार ने कहा कि वन्य जीव हमारे जंगल की शान है। उल्लेखनीय है कि पांचवें चक्र में तेंदुओं की आबादी का अनुमान राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण और भारतीय वन्य जीव संस्थान द्वारा, राज्य वन विभागों के सहयोग से किया जा रहा है। चतुर्वर्षीय "बाघों की निगरानी, शिकारियों, शिकार और उनके आवास की निगरानी" अभ्यास के एक भाग के रूप में यह प्रयास किया गया था। इससे बाघ संरक्षण प्रयासों को गति मिली है।

### तेंदुओं के वर्गीकरण और संरक्षण चुनौतियां

बाघ रेंज वाले राज्यों और विविध परिदृश्यों को शामिल करते हुए, व्यापक सर्वेक्षण में तेंदुए की बहुतायत का आकलन करने के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करके मजबूत वैज्ञानिक पद्धतियों का इस्तेमाल किया गया। इस दौरान कैमरा ट्रैपिंग, आवास विश्लेषण और जनसंख्या के संयोजन की एक सावधानीपूर्वक प्रक्रिया के माध्यम से, तेंदुओं के वर्गीकरण और संरक्षण चुनौतियों में महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टि का पता चला।

### भारत में तेंदुओं की कितनी है आबादी

भारत में तेंदुओं की आबादी 13,874 (रेंज: 12,616 – 15,132) व्यक्ति होने का अनुमान है। यह 2018 में 12852 (12,172–13,535) व्यक्तियों के समान क्षेत्र की तुलना में स्थिर आबादी का प्रतिनिधित्व करती है। यह अनुमान तेंदुए के निवास स्थान की 70 प्रतिशत आबादी को दर्शाता है। इसमें हिमालय और देश के अर्धशुष्क हिस्सों का नमूना नहीं लिया गया है, क्योंकि यह बाघों का निवास स्थान नहीं हैं।

### सबसे बड़ी वृद्धि दर मध्य भारत

मध्य भारत में तेंदुओं की आबादी की स्थिर या थोड़ी बढ़ती दिखाई देती है। शिवालिक पहाड़ियों और गंगा के मैदानी इलाकों में गिरावट देखी गई। यदि हम उस क्षेत्र को देखें जिसका पूरे भारत में 2018 और 2022 दोनों में नमूना लिया गया था, तो प्रतिवर्ष 1.08 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। शिवालिक पहाड़ियों में, प्रतिवर्ष –3.4 % की गिरावट हो रही है।

## पाकिस्तान-तुर्की हमारे आंतरिक मामलों में न करें टिप्पणी: भारत

### यूएनएचआरसी में भारत की दो टूक- जम्मू कश्मीर भारत का अभिन्न-अविभाज्य हिस्सा

### अनुपमा बोलीं- जो खुद आतंकियों को पालता हो उसे भारत पर बोलने का अधिकार नहीं

**संयुक्त राष्ट्र/ जिनेवा**

कश्मीर को लेकर तुर्की और पाकिस्तान के हालिया बयानों पर भारत ने मुंहतोड़ जवाब दिया है। भारत ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (यूएनएचआरसी) में बुधवार को बैठक के दौरान कश्मीर के मुद्दा उठाने के लिए पाकिस्तान को फटकार लगाई। साथ ही भारत ने इसे झूठ फैलाने को हताश प्रयास बताया।

यूएनएचआरसी में भारत के स्थायी मिशन में प्रथम सचिव अनुपमा सिंह ने परिषद की बैठक में कहा, आज जब हम यूएनएससी सुधारों पर चर्चा करने के लिए मिल रहे हैं, तो पाकिस्तान के एक प्रतिनिधि ने फिर से जम्मू-कश्मीर का बेफिजूल मुद्दा उठा दिया। जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा है, भले ही पाकिस्तान का प्रतिनिधि कुछ भी मानता हो।

यूएनएचआरसी के 55वें सत्र में दोनों देशों ने कश्मीर का मुद्दा उठाने के बाद भारत ने तुर्की और पाकिस्तान के जवाब पर पलटवार करते हुए कहा, हमें तुर्की द्वारा ऐसे मामले पर की गई टिप्पणी को लेकर खेद है जो भारत का आंतरिक मामला है और हम उम्मीद करते हैं कि वह भविष्य में हमारे आंतरिक मामलों पर अवांछित टिप्पणी करने से बचेगा। अनुपमा सिंह ने पाकिस्तान के मानवाधिकारके उल्लंघन के रिकॉर्ड को निराशाजनक बताया और पाकिस्तान के अल्पसंख्यकों की स्थिति को लेकर उसे जमकर लताड़ा।



### पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों का उत्पीड़न

एक ऐसा देश जहां सरकारी संस्थाएं अल्पसंख्यकों के उत्पीड़न को सपोर्ट करती हैं और जिसका मानवाधिकार ट्रैक रिकॉर्ड निराशाजनक है वह भारत पर टिप्पणी कर रहा है। उन्होंने पाकिस्तान में ईसाई समुदाय पर हमले का उदाहरण देते हुए कहा, अगस्त 2023 में पाकिस्तान के जरनवाला शहर में अल्पसंख्यक ईसाई समुदाय के खिलाफ बड़े पैमाने पर क्रूरता की गई, जिसमें 19 चर्चों को नष्ट कर दिया गया और 89 ईसाई घरों को जला दिया गया।

**आतंकियों का पालता है पाकिस्तान :** अनुपमा सिंह ने कहा कि एक ऐसा देश जो खुद यूएन की ओर से बैन किए आतंकियों को पालता है। उसे भारत को लेकर कुछ भी बोलने अधिकार नहीं है। हम ऐसे देश पर ध्यान नहीं देते जो दुनिया भर में आतंक फैलाने का काम करता है।

### सुरक्षा परिषद में सुधार पर चीन ने कहा- वार्ता से बने आम सहमति

**बीजिंग।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार के मसले पर चीन ने एक बार फिर अस्पष्ट रुख प्रदर्शित किया है। सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता के दावे के विरोध से इनकार करते हुए चीन ने कहा है कि सुधार के लिए गंभीर चर्चा करके सहमति बनाए जाने की जरूरत है। चीन के विदेश मंत्री वांग ई ने कहा कि विश्व उम्मीद करता है कि संयुक्त राष्ट्र वैश्विक चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपटे और उनका समाधान निकाले। चीन सुरक्षा परिषद में सुधार का समर्थन करता है, लेकिन वह सही दिशा में होना चाहिए और उसमें विकासशील देशों की आवाज शामिल होनी चाहिए। वांग ने यह बात सुरक्षा परिषद में सुधार के सिलसिले में सरकारों से बात करने वाली संयुक्त राष्ट्र की समिति के सदस्यों–एमएएम अल्बनाई और एलेक्जेंडर मार्सचिक से वार्ता के दौरान कही।

## रूस के परमाणु हथियार इस्तेमाल को पूरी तरह तैयार: पुतिन



**मॉस्को।** रूस-यूक्रेन युद्ध के दो साल पूरे हो चुके हैं। इस बीच रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पश्चिमी देशों पर भड़ास निकाली है। पुतिन ने गुरुवार को राष्ट्र के नाम वार्षिक संबोधन में आरोप लगाया है कि पश्चिमी देश परमाणु संघर्ष के हालात पैदा करने चाहते हैं, जो मानव सभ्यता को नष्ट कर देगा।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पुतिन ने कहा कि पश्चिमी देश परमाणु युद्ध का 'वास्तविक' खतरा पैदा कर रहे हैं। रूसी राष्ट्रपति ने चेतावनी दी कि रूस के परमाणु हथियार उपयोग के लिए पूरी तरह तैयार में हैं। पुतिन ने आगाह किया है कि यूक्रेन युद्ध में दखलअंदाजी करने वालों के लिए परिणाम बहुत ही दुखद होंगे...उन्हें (पश्चिम) समझना चाहिए। मैंने उनसे कहा है कि हमारे पास भी ऐसे हथियार हैं जो उनके क्षेत्रों पर लक्ष्यों को नष्ट कर सकते हैं। पुतिन ने कहा कि रूस किसी को भी अपने आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करने की इजाजत नहीं देगा।

## नेशनल असेंबली का पहला सत्र शुरू, राष्ट्रपति ने दी मंजूरी

- राष्ट्रपति ने संविधान की शक्तियों का किया इस्तेमाल, 21 दिनों के भीतर होगा सत्र चुनाव

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

पाकिस्तान की नवनिर्वाचित संसद ने गुरुवार को अपना पहला सत्र शुरू कर दिया है। कार्यवाहक सरकार के साथ चल रहे मतभेदों के बाद राष्ट्रपति डॉ. आरिफ अल्वी ने आखिरकार विधानसभा सत्र बुलाया है। दोनों के बीच पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी समर्थित उम्मीदवारों को आरक्षित सीटें आवंटित किए जाने के मुद्दे को लेकर विवाद चल रहा था। पिछली संसद के निवर्तमान अध्यक्ष राजा परवेज अशरफ की अध्यक्षता में उद्घाटन सत्र एक घंटे से अधिक की देरी के बाद शुरू हुआ।

एक्स अकाउंट पर जारी बयान में कहा गया, 'कुछ आपत्तियों के अधीन, राष्ट्रपति डॉ. आरिफ अल्वी ने इस्लामिक गणराज्य पाकिस्तान के संविधान के अनुच्छेद 54(1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए 29 फरवरी को नेशनल असेंबली बुलाई है।' बता दें कि कि राष्ट्रपति ने अनुच्छेद 91 (2) में दी गई समयसीमा के जनादेश और निहितार्थों को ध्यान में रखते हुए और कुछ आरक्षणों के अधीन और 21वें दिन से पहले आरक्षित सीटों के मुद्दे के समाधान की उम्मीद करते हुए अपनी मंजूरी दे दी।



### नवाज शरीफ सहित कई सांसदों ने ली शपथ

पाकिस्तान के राष्ट्रपति आरिफ अल्वी द्वारा नेशनल असेंबली का सत्र बुलाए जाने के बाद देश के नवनिर्वाचित सांसदों ने गुरुवार को शपथ ली। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी समर्थित उम्मीदवारों को आरक्षित सीट आवंटित करने के मुद्दे पर कार्यवाहक सरकार के साथ मतभेद के कारण अल्वी के शुरुआती इनकार के बाद नई संसद का पहला सत्र आयोजित किया गया। इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) समर्थित सांसदों ने चुनाव में धांधली के नारे लगाए।

## पति को आत्महत्या के लिए उकसाने का दोषी नहीं ठहराया जा सकता, तीन दशक बाद आरोपी बरी

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- फैसला सुनाते हुए सुप्रीम कोर्ट बोला- पत्नी की आत्महत्या के लिए पति के खिलाफ ठोस सबूत जरूरी

सुप्रीम कोर्ट ने 1993 के एक केस में अपनी पत्नी को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में दर्ज एक पति की सजा को रद करते हुए व्यक्ति को बरी कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने तीन दशक पहले अपनी पत्नी को सुसाइड के लिए उकसाने के आरोप से एक व्यक्ति को बरी करते हुए कहा है कि शादी के सात साल के भीतर अपनी पत्नी को आत्महत्या के लिए उकसाने पर किसी व्यक्ति को दोषी नहीं ठहराया जा सकता, जब तक कि उसके खिलाफ उत्पीड़न या क्रूरता के ठोस सबूत न हों।

भारतीय साक्ष्य अधिनियम की धारा 113ए उन मामलों में पति और ससुराल वालों द्वारा उकसाने की धारणा स्थापित करती है, जहां शादी के सात साल के भीतर एक महिला की आत्महत्या होती है और वह क्रूरता का शिकार हुई है। युवक की शादी 1992 में हुई थी।

अभियोजन पक्ष ने दावा किया कि शादी के तुरंत बाद, पत्नी से युवक और उसके माता-पिता ने पैसे की मांग करना शुरू कर दिया। बता दें, 19 नवंबर 1993 को महिला ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली थी। अभियोजन पक्ष के अनुसार, उसने अपने पति के लगातार उत्पीड़न के कारण आत्महत्या कर ली। शीर्ष अदालत ने कहा कि अदालतों को शादी के सात साल के भीतर किसी महिला को आत्महत्या के लिए उकसाने के विषय पर कानून के सही सिद्धांतों को लागू करने में बहुत सावधान और सतर्क रहना चाहिए, अन्यथा यह धारणा बन सकती है कि दोषसिद्धि कानूनी नहीं बल्कि नैतिकता है।

पीठ ने कहा, "इस अदालत ने माना है कि शादी के सात साल के भीतर आत्महत्या के तथ्य से, किसी को तब तक उकसाने के नतीजे पर नहीं पहुंचना चाहिए जब तक कि क्रूरता साबित न हो जाए। उत्पीड़न या क्रूरता के किसी ठोस सबूत के अभाव में, किसी आरोपी को दोषी नहीं ठहराया जा सकता है।

### एटमी हथियार केंद्र बंद...




**टेक्सास :** सैन फ्रांसिस्को अमेरिका में टेक्सास के जंगलों में लगी आग विकराल हो गई है। 5 स्थानों पर लगी इस आग ने 3.7 लाख एकड़ क्षेत्र को चपेट में ले लिया है। इससे अमेरिका का परमाणु हथियार सुविधा संचालन केंद्र खतरे में पड़ गया है। आग के बेकाबू होने के बाद अमेरिका के परमाणु शस्त्रागार को जोड़ने और अलग करने वाली मुख्य सुविधा ने मंगलवार रात टेक्सास में काम करना बंद कर दिया। आग बढ़ती देख छोटे शहरों को खाली करने के आदेश दिए गए हैं। गवर्नर ग्रेग एबॉट ने इसे आपदा घोषित कर दिया है। ● एजेंसी

## विकास साझेदारी हमारे संबंधों का प्रमुख स्तंभ

- मॉरीशस में परियोजनाओं के उद्घाटन पर मोदी बोले- 10 वर्षों में संबंधों को अभूतपूर्व दिशा मिली

**नई दिल्ली, एजेंसी**



मॉरीशस समकक्ष प्रविंद जुगनाथ के साथ वर्चुअली माध्यम से विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके मॉरीशस समकक्ष प्रविंद जुगनाथ ने गुरुवार को मॉरीशस के अगालेगा द्वीप पर छह सामुदायिक विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इसके साथ ही नई हवाई पट्टी (एयरस्ट्रिप) और सेंट जेम्स जेट्टी का भी संयुक्त रूप से लोकार्पण किया।

पीएम कार्यालय के एक बयान के अनुसार, यह कार्यक्रम वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित किया गया था। इन कई परियोजनाओं का उद्घाटन दोनों देशों, भारत और मॉरीशस के बीच मजबूत और दशकों पुरानी विकास साझेदारी का प्रमाण है। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा, 'पिछले 10 वर्षों में, भारत-मॉरीशस संबंधों को अभूतपूर्व दिशा मिली है। हमने इस रिश्ते में नई ऊंचाइयां हासिल कीं।

हमने वैज्ञानिक और ऐतिहासिक संबंधों को एक नया रूप दिया। विकास साझेदारी हमारे संबंधों का प्रमुख स्तंभ रही है। भारत ने हमेशा मॉरीशस की जरूरतों का सम्मान किया है'। आधिकारिक बयान के अनुसार, ये परियोजनाएं मुख्य भूमि मॉरीशस और अगालेगा के बीच बेहतर कनेक्टिविटी की मांग को पूरा करने में मदद करेंगी। पीएमओ के अनुसार इससे समुद्री सुरक्षा मजबूत होगी और सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा।

दरअसल, कुछ सप्ताह पहले दोनों नेताओं ने मॉरीशस में यूपीआई और रुपे कार्ड सेवाओं के शुभारंभ किया था। इसके बाद अब इन विकास परियोजनाओं का उद्घाटन इस क्षेत्र में बहुत महत्व रखता है।

**विज्ञान** वैज्ञानिकों ने जताई थी तीन ग्रहों पर जीवन की संभावना, कम हो रही दूसरे ग्रह पर जीवन की उम्मीद

## खत्म हो रहा बाहरी सौरमंडल के ग्रह ट्रैपिस्ट-1ई का वातावरण

**नैनीताल कार्यालय**

**अमृत विचार :** सात ग्रहों का ट्रैपिस्ट एक्सोप्लैनेट (बाहरी ग्रहों) का सौरमंडल खत्म हो जाएगा। कुछ ऐसी ही संभावनाएं खगोल वैज्ञानिक जता रहे हैं। ताजा शोध में पता चला है कि रहने योग्य इस इस सोलर सिस्टम का एक ग्रह ट्रैपिस्ट-1ई का वारावरण नष्ट हो रहा है। इस जानकारी के बाद किसी दूसरे ग्रह पर जीवन की उम्मीद जाती रही।

ट्रैपिस्ट सात ग्रहों वाला सौर मंडल है। जिसके तीन ग्रहों पर जीवन की संभावना वैज्ञानिकों ने जताई थी। मगर अब जो जानकारी मिली है, उससे पता चलता है कि इस बाहरी सिस्टम में रहने योग्य ग्रहों को उसके लाल बौने तारे से निकलने वाले कठोर विकिरण उसके वायुमंडल से खत्म कर रहा है। जिसमे ट्रैपिस्ट-1ई जीवन के लिए दुर्गम बना सकती है।

वैज्ञानिकों के अनुसार प्रतीत होता है कि इस ग्रह के अपने लाल बौने मेजबान तारे के चारों ओर विद्युत धाराएं उत्पन्न हो रही हैं। इस सोलर सिस्टम के ग्रह लाल बौने तारे की परिक्रमा करते हैं। इस सिस्टम में सभी सात ग्रह पृथ्वी के समान चट्टानी हैं। जिनमें 3 रहने योग्य क्षेत्र में स्थित हैं। यह क्षेत्र न तो बहुत गर्म है और न ही बहुत ठंडा है और इनमें तरल पानी की प्रबल संभावना थी। ट्रैपिस्ट-1ई पृथ्वी से 40 प्रकाश वर्ष की दूरी पर स्थित है। ट्रैपिस्ट-1 ई एक्सोप्लैनेट में वायुमंडल की विस्तृत जानकारी के लिए नासा की जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप की मदद ली गई थी और गहन अध्ययन के बाद वैज्ञानिकों को निराश होना पड़ा है। अमेरिका के सेसिलिया गैराफो, हार्वर्ड और स्मिथसोनियन के वैज्ञानिक इस सौर मंडल का सामूहिक अध्ययन कर रहे हैं।



ट्रैपिस्ट-1 का सौरमंडल।

### पृथ्वी के आकार का है ट्रैपिस्ट 1ई, 0.7 गुना है द्रव्यमान

ट्रैपिस्ट-1ई लगभग पृथ्वी के आकार का है। इसका द्रव्यमान हमारे ग्रह के लगभग 0.7 गुना है। यह अपने तारे से चौथे नंबर का ग्रह है, जो पृथ्वी और सूर्य के बीच की दूरी से केवल 0.028 गुना दूरी पर परिक्रमा करता है, और केवल 6.1 पृथ्वी दिनों में एक चक्कर लगाता है। एक्सोप्लैनेट ट्रैपिस्ट-1बी का अपना वातावरण पहले ही खो चुका है। इस सौरमण्डल के सातों ग्रहों के नाम ट्रैपिस्ट-1बी, 1ई, 1सी 2डी आदि रखे गए हैं।

## गाजा में राहत सहायता की प्रतीक्षा कर रहे लोगों पर हमला, 70 की मौत

**राफा।** गुरुवार को गाजा शहर में मानवीय सहायता की प्रतीक्षा कर रहे फिलिस्तीनियों की भीड़ पर इजराइली हमले में दर्जनों लोग मारे गए और घायल हो गए। स्थानीय अस्पताल के अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी।

शिफा अस्पताल के नर्सिंग विभाग के प्रमुख डॉ. जदल्लाह शफाई ने अल जजीरा नेटवर्क को बताया कि लगभग 70 लोग मारे गए और 250 घायल हो गए। उन्होंने सटीक मरने वालों की संख्या नहीं बताया। अल जजीरा ने फुटेज चलाया जिसमें कई शव और घायल लोग शिफा पहुंचते हुए दिखाई दे रहे थे। कमल अदवान अस्पताल में एम्बुलेंस सेवा के प्रमुख फारेस अफाना ने कहा कि घटनास्थल पर पहुंचने वाले चिकित्सकों ने सैकड़ों को जमीन पर पड़ा हुआ पाया। उन्होंने कहा कि मृतकों और घायलों को गधे द्वारा खिंची जाने वाली गाड़ियों पर अस्पतालों में लाया जा रहा था।

## एच-1बी वीजा प्रक्रिया में सुधार के लिए हरसंभव प्रयास कर रहे

**वाशिंगटन, एजेंसी**

- भारतीय-अमेरिकियों को लेकर बोला-व्हाइट हाउस

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन एच1बी वीजा प्रक्रिया, 'ग्रीन कार्ड' बैकलॉग और देश की कानूनी आव्रजन प्रणाली से संबंधित अन्य मुद्दों में सुधार के लिए हर संभव कोशिश कर रहे हैं। एच1बी वीजा एक गैर-आप्रवासी वीजा है जो अमेरिकी कंपनियों को विदेशी श्रमिकों को विशेष व्यवसायों में नियोजित करने की अनुमति देता है जिनके लिए सैद्धांतिक या तकनीकी विशेषज्ञता की आवश्यकता होती है।

व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरिन ने बुधवार को कहा, अगर हम एच1बी वीजा प्रक्रिया को देखें, तो हमने उसमें सुधार करने के लिए कार्रवाई की है और वैध स्थायी निवासियों (ग्रीन कार्ड) के लिए प्रक्रिया और बैकलॉग जो अमेरिकी नागरिक बनने के लिए पात्र हैं।

### भारत की अध्यक्षता में क्वाड की प्रगति बरकरार रहेगी : व्हाइट हाउस

व्हाइट हाउस ने कहा है कि अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन को उम्मीद है कि क्वाड 2024 में भारत की अध्यक्षता में अपने पिछले तीन वर्षों की गति को बरकरार रखेगा। क्वाड (चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद) में भारत, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान चार देश शामिल हैं। जीन-पियरे ने कहा, राष्ट्रपति पिछले तीन वर्षों में क्वाड की प्रगति पर बहुत गर्व महसूस करते हैं। क्वाड के सदस्यों ने मार्च 2021 में व्हाइट हाउस में अपना पहला शिखर सम्मेलन आयोजित किया था। उन्होंने कहा- क्वाड की 2024 में वर्षगांठ आ रही है, हम उम्मीद कर रहे हैं अमेरिका के बारे में नहीं, भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया के बारे में भी बात कर रहे हैं।

## ट्रंप एक और राज्य के प्राथमिक चुनाव के लिए अयोग्य घोषित



**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को बुधवार को कैपिटल हिल हिंसा मामले में सुप्रीम कोर्ट से राहत मिली। शीर्ष अदालत उनकी दलीलों को सुनने पर सहमत हुआ।

वहीं दूसरी ओर, इसी मामले को लेकर इलिनॉय राज्य में एक स्थानीय अदालत से उन्हें झटका लगा। अदालत ने ट्रंप को राष्ट्रपति चुनाव के लिए होने वाले प्राथमिक मतदान से बाहर करने का आदेश दिया है। इससे पहले मेन और कोलाराडो राज्य भी ट्रंप को राज्य के प्राथमिक मतदान के लिए अयोग्य घोषित कर चुके हैं। इलिनॉय में 19 मार्च को प्राथमिक चुनाव होंगे। कोर्ट ने कहा- ट्रंप ने एक विद्रोह में भाग लिया था। इसलिए उन्हें राज्य के मतपत्र में रहने की अनुमतिनहीं है।